वर्ष : 15 | अंक : 72 | जयपुर | मंगलवार, 14 जनवरी, 2025 | माघ, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹3.50 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

दैनिक
# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ




महाकुंभ-2025

# 1.65 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई



बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज ( एजेंसी )।** महाकुंभ का शुभारंभ हो चुका है। पौष पूर्णिमा पर सुबह 4 बजे से पहला स्नान चल रहा है। 44 घाटों पर शाम 6 बजे तक 1 करोड़ 65 लाख श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। भक्तों पर हेलिकॉप्टर से फूलों की वर्षा की गई। महाकुंभ 144 साल में दुर्लभ खगोलीय संयोग में हो रहा है। यह वही संयोग है, जो समुद्र मंथन के दौरान बना था।

देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज आए हैं। भीड़ इतनी है कि 3700 लोग अपनों से बिछड़ गए। बाद में खोया-पाया केंद्र से अनाउंसमेंट कर ज्यादातर लोगों को उनके परिवार वालों से मिलवाया गया। हेलिकॉप्टर और NSG कमांडो महाकुंभ में आए लोगों पर नजर रख रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में कुंभ में स्नान करने पहुंचे। प्रशासन के मुताबिक, जर्मनी, ब्राजील, रूस समेत 20 देशों से भक्त पहुंचे हैं। सोमवार से ही श्रद्धालु 45 दिन का कल्पवास शुरू करेंगे।

### ब्राजील से आए श्रद्धालु फ्रांसिस्को ने कहा-

मैं योग का अभ्यास करता हूं। मोक्ष की खोज कर रहा हूं। भारत दुनिया का आध्यात्मिक हृदय है। जय श्रीराम। संगम पर एंट्री के सभी रास्तों पर भक्तों की भीड़ है। वाहनों की एंट्री बंद है। श्रद्धालु बस और रेलवे स्टेशन से 10-12 किलोमीटर पैदल चलकर संगम पहुंच रहे हैं। 60 हजार जवान सुरक्षा और व्यवस्था संभालने में लगे हैं। पुलिसकर्मी स्पीकर से लाखों की संख्या में आई भीड़ को मैनेज कर रहे हैं। जगह-जगह कमांडो और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भी तैनात हैं।

### अग्नि अखाड़े के शिविर में चल रही संभल गाथा

प्रयागराज में अग्नि अखाड़े के शिविर में संभल गाथा चल रही है। संभल से आए श्रद्धालुओं का ग्रुप गीत और भजन गा रहा है। इस दौरान कुछ साधु नृत्य भी कर रहे हैं।

### सीएम योगी ने दिया धन्यवाद

सीएम योगी ने सोमवार शाम एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा- मानवता के मंगलपर्व महाकुंभ 2025 में पौष पूर्णिमा के शुभ अवसर पर संगम स्नान का सौभाग्य प्राप्त करने वाले सभी संतगणों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। प्रथम स्नान पर्व पर आज 1.50 करोड़ सनातन आस्थावानों ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य अर्जित किया। प्रथम स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने में सहभागी महाकुंभ मेला प्रशासन, प्रयागराज प्रशासन, नगर निगम प्रयागराज, स्वच्छाग्रहियों, गंगा सेवा दूतों, कुंभ सहायकों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों, विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों तथा मीडिया जगत के बंधुओं सहित महाकुंभ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद!

**मौसम** जयपुर

| | |
|---|---|
| 18.0⁰ | 8.0⁰ |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

**बाजार** शेयर बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,330.01 |
| | -1,048.90 (1.36%) |
| निफ्टी | 23,085.95 |
| | -345.55 (1.47%) |

**सर्राफा** सोना/चांदी

| | |
|---|---|
| सोना | 80,690 /10g |
| चांदी | 94,500 /Kg |

बढ़ता Toon!




## भारत ने बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर को तलब किया

**बांग्लादेश ने बॉर्डर पर फेंसिंग को अवैध बताया था, भारतीय हाईकमिश्नर को तलब भी किया**



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग के विवाद को लेकर भारत ने सोमवार को बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नुरूल इस्लाम को तलब किया है। इससे पहले रविवार को बांग्लादेश ने भारतीय हाईकमिश्नर को समन किया था। बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय ने भारतीय हाईकमिश्नर प्रणय वर्मा को बुलाकर बॉर्डर पर बीएसएफ की तरफ से की जा रही फेंसिंग (बाड़) को अवैध कोशिश बताया था। बांग्लादेश ने आरोप लगाया कि भारत बॉर्डर को लेकर द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए बॉर्डर पर पांच स्थानों पर फेंस लगाने की कोशिश कर रहा है। बांग्लादेश की सरकारी न्यूज एजेंसी बीसीसी ने बताया कि भारतीय हाई कमिश्नर ने बांग्लादेश के विदेश सचिव जशीमउद्दीन के साथ करीब 45 मिनट इस मुद्दे पर बात की। हालांकि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया है। भारतीय हाई कमिश्नर ने बैठक के बाद कहा कि दोनों देशों में सिक्योरिटी के मुद्दे पर बाड़ लगाने की सहमति है। दोनों देशों के सुरक्षा बलों ने इस मुद्दे पर बात भी की है।

रविवार को बांग्लादेश के गृह मामलों के सलाहकार जहांगीर आलम चौधरी ने कहा था कि बांग्लादेश अपनी सीमा पर किसी को कोई जगह नहीं देगा। उन्होंने कहा कि बॉर्डर पर जीरो लाइन के भीतर 150 गज के भीतर डिफेंस से जुड़े किसी भी तरह के कामकाज की अनुमति नहीं दी जाएगी।


## दिल्ली के बाद बंगाल में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों पर कार्रवाई, 2 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने उत्तर 24 परगना जिले में दो बांग्लादेशी नागरिकों को फर्जी दस्तावेजों के साथ भारत में अवैध रूप से रहने के बाद गिरफ्तार किया। रुल हक और रफीकुल इस्लाम, जो दोनों बांग्लादेश के निवासी हैं, कई साल पहले उत्तर 24 परगना जिले के दत्तपुकुर पहुंचे थे और कथित तौर पर जाली दस्तावेज जमा करके मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड और पैन कार्ड जैसे फर्जी पहचान पत्र प्राप्त किए थे।

## मोदी और केजरीवाल एक जैसे, दोनों अडाणी पर एक शब्द नहीं बोलते 150 अरबपति देश को कंट्रोल करते हैं : राहुल

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी ने पहली रैली सोमवार को सीलमपुर विधानसभा इलाके में की। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी और अरविंद केजरीवाल एक जैसे हैं। दोनों अडाणी के बारे में एक भी शब्द नहीं बोलते हैं। देश में 150 अरबपति लोग हैं, जो भारत को कंट्रोल करते हैं। देश का पूरा फायदा इन अरबपतियों को मिलता है। अडाणी-अंबानी, मोदी की मार्केटिंग करते हैं। कांग्रेस अरबपतियों का देश नहीं चाहती है। राहुल ने कहा कि मोदी और अरविंद केजरीवाल ने महंगाई कम करने का वादा किया था। लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाए। भारत में गरीब और गरीब होते जा रहे हैं, अमीर और अमीर होते जा रहे हैं। जब केजरीवाल आए थे, आपको याद होगा शीला जी की सरकार थी। वो दिल्ली याद है आपको? केजरीवाल आए और उन्होंने प्रचार किया कि दिल्ली को मैं साफ कर दूंगा, भ्रष्टाचार मिटा दूंगा, पेरिस बना दूंगा। अब देखिए हुआ क्या। बाहर चला नहीं जा सकता है, इतना प्रदूषण है। आधे लोग बीमार रहते हैं, कैंसर बढ़ रहा है।






सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# एसीसीए पोर्टल के माध्यम रोजगार के अवसरों पर पीएफसी एजुकेशन पर सेमिनार आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** पीएफसी एजुकेशन द्वारा परिसर में आयोजित सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मीनाक्षी भेरवानी व नॉर्थईस्ट और वेस्ट एजुकेशन पार्टनर रिलेशनशिप्स के सीनियर बिज़नेस रिलेशन्स मैनेजर रोहन राजवंशी ने एसीसीए पोर्टल के माध्यम से कैंपस प्लेसमेंट के बारे में मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर पीएफसी की निदेशक मीनाक्षी भेरवानी ने कहा कि पीएफसी के छात्रों के लिए यह सत्र एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो उन्हें एसीसीए पोर्टल के माध्यम से ग्लोबल करियर अवसरों से जोड़ने में मदद करेगा। इस सत्र में दी गई जानकारी छात्रों के लिए बहुत फायदेमंद होगी और यह उनके करियर को एक नई दिशा देगा। एसीसीए पोर्टल से छात्रों को न केवल भारतीय कंपनियों में अवसर मिलेंगे वरन् वैश्विक कंपनियों तक भी उनकी पहुंच बनेगी। पीएफसी भी यहीं चाहता है कि सभी छात्र पेशेवर दुनिया में सफलता की नई ऊँचाइयों तक पहुँचें और इस सत्र के जरिए वे अपने सपनों को साकार कर सकें। एसीसीएपोर्टल छात्रों को वैश्विक स्तर पर करियर के अवसर प्राप्त करने का बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। इस प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से छात्र अपनी प्रोफाइल को कंपनियों के सामने रख सकते हैं और उनका चयन बेहतर तरीके से हो सकता है। छात्रों को अपने प्रोफाइल को प्रभावी तरीके से तैयार करने, साक्षात्कार की प्रक्रिया को समझने और सही अवसरों का चयन करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सत्र के दौरान रोहन राजवंशी ने छात्रों को आत्मविश्वास और कम्युनिकेशन स्किल्स पर काम करने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। अंत में मीनाक्षी भेरवानी ने कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हम अपने छात्रों को इस तरह के सत्रों के माध्यम से बेहतरीन मार्गदर्शन प्रदान कर पा रहे हैं। हमें विश्वास है कि इस सत्र से वे एसीसीए पोर्टल के माध्यम से बेहतर करियर अवसरों का लाभ उठाएंगे और अपने जीवन में सफलता प्राप्त करेंगे। हम हमेशा छात्रों को हर पहलू से सशक्त बनाने के लिए तत्पर रहते हैं। पीएफसी एजुकेशन लगातार छात्रों के लिए इस तरह के समृद्ध सत्रों का आयोजन करता रहेगा, ताकि वे अपने करियर की दिशा को सही तरीके से स्थापित कर सकें।

# पिंक सिटी से चोरी हुआ ट्रैक्टर बयाना में पकड़ाः ट्रैक्टर मालिक का ड्राइवर ही निकला चोर, ट्रॉली को 35हजार में बेचा, नंबर प्लेट बदलकर ट्रैक्टर को छुपाने जा रहा था

बढ़ता राजस्थान

**बयाना / भरतपुर( सत्यप्रकाश अग्रवाल ) ।** जयपुर के करधनी थाना क्षेत्र से चोरी हुए ट्रैक्टर को बयाना पुलिस ने बरामद कर लिया है। मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि ट्रैक्टर की चोरी मालिक के ही ड्राइवर ने की थी। आरोपी ड्राइवर विजयभान ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को चुराकर ट्रॉली को अलवर के खेड़ली गंज में 35 हजार रुपए में बेच दिया था। घटना 10 जनवरी की रात की है, जब भरतपुर के सेवर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर निवासी विजयभान ने अपने साथियों के साथ मिलकर जयपुर के निवारू मंडी से मालिक डीसी गुर्जर का ट्रैक्टर-ट्रॉली चुरा लिया। अगली सुबह जब मालिक को चोरी का पता चला, तो उन्होंने करधनी थाने में मामला दर्ज कराया और अपने स्तर पर भी तलाश शुरू की। मालिक ने ड्राइवर के रिश्तेदार और बयाना के गांव घुनैनी निवासी हजारी को इस चोरी की जानकारी दी। हजारी ने तुरंत भरतपुर पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित किया। इस सूचना पर बयाना कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बयाना-जयपुर रोड पर नाकाबंदी की और भगोरी गांव के पास से आरोपी को ट्रैक्टर के साथ पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि चोरी के बाद आरोपी ने नेशनल हाईवे के बजाय गांवों के रास्ते का इस्तेमाल किया और मानपुर सिकन्दरा में ट्रैक्टर की नंबर प्लेट और हुलिया बदलवाया। वह ट्रैक्टर को बयाना इलाके में छिपाने की फिराक में था। बयाना पुलिस ने रविवार को आरोपी और ट्रैक्टर को करधनी थाना पुलिस के हवाले कर दिया।

# फसल में पानी देते समय किसान को लगा करंट, स्टार्टर चालू करते समय दौड़ा करंट

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/ भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** पुलिस सर्किल के गढ़ीबाजना थाना इलाके के गांव गजनुआ में सोमवार दोपहर फसल में पानी देने के लिए स्टार्टर चालू करते समय करंट लगने से वृद्ध किसान गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन झुलसे किसान को बयाना सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए घायल वृद्ध को जिला आरबीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल में मौजूद गांव गजनुआ निवासी राहुल गौड़ ने बताया कि सोमवार दोपहर करीब 2 बजे उसके दादाजी पूरन 70) पुत्र तोताराम गौड़ अपने खेत में खड़ी फसल की टयूबवेल चलाकर सिंचाई कर रहे थे। इस दौरान ट्यूबवेल की मोटर का स्टार्टर चालू करते समय पूरन को करंट लग गया। जिससे उसके हाथ बुरी तरह झुलस गए। चीख-पुकार की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल पूरन को बयाना सीएचसी लेकर आए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

# शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन 12 वे दिन भी अनवरत जारी

## जिला समाप्त करने के विरोध में पाचवें दिन क्रमिक अनशन धरने पर अखिल भारतीय रेगर महासभा शाहपुरा के सदस्य बैठे

बढ़ता राजस्थान



**शाहपुरा ( कमलेश कुमार अग्रवाल ) ।** दिनांक 13-1-25 को शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर पांचवे दिन अखिल भारतीय रेगर महासभा शाहपुरा के सदस्यों ने क्रमिक अनशन धरना दिया । संघर्ष समिति के महासचिव व अभिभाषक संस्था के सहसचिव कमलेश मुण्डेतिया ने बताया कि शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा व सयोंजक रामप्रसाद जाट ने क्रमिक अनशन धरने पर बैठे अखिल भारतीय रेगर महासभा शाहपुरा के अध्यक्ष रतन लाल मुंडेतिया के नेतृत्व में सदस्य माधु लाल रेगर रहड लादूराम जड़ोदिया मेवालाल रेगर किशन लाल मुंडेतिया रतनलाल शेरसिया रासेड रणजीत निंदरिया जहाजपुर , कैलाश रेगर रोपा रामप्रसाद रेगर रोपा ,आनंद मुंडेतिया मदन लाल जी रेगर रहड मिट्ठू लाल रेगर जगदीश चंद्र रेगर हंसराज रेगर सुखदेव रेगर मिश्रीलाल रेगर प्रेमचंद रेगर गोपाल लाल रेगर सहित कई सदस्यों को माला पहनाकर धरने पर बैठाया। दिव्यांग संघ शाहपुरा के सदस्यों एवं संघर्ष समिति के सदस्यों और अधिवक्ताओं ने शाहपुरा जिला को समाप्त करने के विरोध में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया और शाहपुरा को वापस जिला बनाने की मांग की। इस मौके पर शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के रामेश्वर लाल सोलंकी हाजी उस्मान मोहम्मद छिपा सुनील मिश्रा धनराज जीनगर रवि पटवा रवि शंकर उपाध्याय अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह राणावत सचिव वीरेंद्र पथरिया सह सचिव कमलेश मुंडेतिया कोषाध्यक्ष तेज प्रकाश पाठक पुस्तकालय अध्यक्ष दीपक मीणा वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकचंद नौलखा नमन ओझा दिनेश चंद्र व्यास चावण्ड सिंह अक्षय राज रेबारी अंकित शर्मा शरीफ मोहम्मद प्रियेश यदुवंशी ताज मोहम्मद सोहेल खान राहुल पारीक पीएलवी अभय गुर्जर मौजूद रहे।

**न्याय कार्य का बहिष्कार जारी :** अभिभाषक संस्था के उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह राणावत ने बताया कि जिला बचाओ आंदोलन के समर्थन में सोमवार को भी न्यायालय में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य बहिष्कार जारी रखा।

**महलों के चौक से रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए धरना स्थल पहुंचे :** अखिल भारतीय रेगर महासभा के समाज जन शाहपुरा जिला समाप्त होने पर आक्रोश जताते हुए महलों के चौक में एकत्रित होकर सदर बाजार होते हुए त्रिमूर्ति स्मारक पर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया उसके बाद रैली निकाल कर धरना स्थल उपखंड कार्यालय के बाहर शाहपुरा पहुंचे और नारेबाजी कर प्रदर्शन करते हुए पुणे शाहपुर जिले की बहाली की मांग की तथा सुबह 11ः00 बजे से लेकर 4ः00 तक कार्मिक कंचन पर बैठे रहकर उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम पर समाज जनों की ओर से ज्ञापन सोपा गया ।

**वाल्मीकि समाज शाहपुरा 14 जनवरी को देगा अनशन धरना :** जिला बचाओ संघर्ष समिति के महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने कहा कि 14जनवरी को क्रमिक अनशन धरना पर वाल्मीकि समाज शाहपुरा के सदस्य बैठकर धरना देंगे और राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी शाहपुरा को ज्ञापन सौंपेंगे।

# आंगनबाड़ी महिला कर्मियों ने केंद्र बंदकर सामूहिक अवकाश पर जाने का लिया निर्णय

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/ भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** नियमितीकरण और मानदेय बढ़ाए जाने की मांग को लेकर महिला आंगनबाड़ीकर्मी फिर से आंदोलन की राह पर उतर आईं हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने सोमवार दोपहर एसडीएम दीपक मित्तल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर सात सूत्रीय मांगों पर कार्रवाई नहीं होने के विरोध में आंगनबाड़ी केंद्र बन्द कर अनिश्चित काल के लिए सामूहिक अवकाश पर रहने के निर्णय से अवगत कराया। आंगनबाड़ी कर्मी संगठन की ओर से जयपुर निदेशालय पर चल रहे धरना में शामिल होंगी। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में आंगनबाड़ी कर्मियों ने बताया कि स्थापना के 50 वर्षों के बाद भी आज तक कोई भी सरकार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के लिए कोई नीति निर्धारित नहीं की गई है। आंगनबाडी कर्मियों ने बताया कि उनसे सरकारी कर्मचारियों की तरह सभी विभागों का कार्य करवाया जाता है। पोषण ट्रैकर से लेकर हम चुनावों तक में डयूटी तक देते हैं, लेकिन अब तक नियमित नहीं किया जा रहा है। आंगनबाड़ी कर्मियों ने बताया कि वर्तमान में हमारा मानदेय बहुत ही न्यूनतम है। वर्तमान महंगाई के दौर में अल्प मानदेय से परिवार के पालन पोषण में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्हें आंगनबाड़ी सुपरवाइजर का पद दिया जाकर उसके अनुरूप वेतनमान दिया जाए। विभाग में सुपरवाइजर के 100 प्रतिशत पद कार्यकर्ताओं के प्रमोशन से ही भरे जाएं। इसके साथ ही अन्य विभागों में कनिष्ठ लिपिक (सहायक) और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 50 प्रतिशत पद भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लिए आरक्षित किए जाए। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्र को ही बालबाड़ी बनाकर कार्यकर्ताओं को ही नर्सरी शिक्षक बनाया जाए। इसके साथ ही पोषाहार देते समय लाभार्थी को फेस रीडिंग के स्थान पर ओटीपी व्यवस्था लागू की जाए। बजट में की गई घोषणा सेवानिवृत्ति पर दो से तीन लाख की राशि देने की व्यवस्था भी शीघ्र लागू की जानी चाहिए। इसके अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका को केंद्र के बच्चों के साथ ही 15-15 दिनों का सर्दी और गर्मी में अवकाश दिया जाए। वहीं गैस सिलेंडर भी विभाग अपने स्तर पर ही भरवाकर दे। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजूलता शर्मा, नीलू फौजदार, पूनम सक्सेना, अनुदेवी, आशा कपूर, रेखा शर्मा, सरोज शर्मा, सुनयना धाकड़, उषा कुमारी, शारदा देवी, विमलेश शर्मा, सुप्रिया मीनाक्षी, मिथलेश सोनी, गायत्री आदि मौजूद रहीं।

# जिले में घूम रहे यमराज, यातायात नियमों का रखें ध्यान



बढ़ता राजस्थान

**डीग/ भरतपुर ( नि.स )।** राज्य सरकार एवं परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन में जागरूकता एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से इस वर्ष सड़क सुरक्षा माह का आयोजन दिनांक 01.01.2025 से 31.01.2025 तक किया जाएगा जिसका थीम ''परवाह'' रखा गया है। सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं।


प्रादेशिक परिवहन अधिकारी मथुरा प्रसाद मीणा ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह 2025 के अन्तर्गत आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्धेश्य से आगरा की संस्था द्वारा नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें दो टीमें बनाई गई हैं जो दोनों जिलों भरतपुर एवं डीग में नुक्कड़ नाटक का मंचन कर रही हैं। कलाकार यमराज एवं चित्रगुप्त के किरदार में आमजन को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दे रहें हैं। आमजन द्वारा इस किरदार को काफी सराहा जा रहा है। आज भरतपुर शहर एवं डीग के विभिन्न स्थानों पर कलाकारों द्वारा नाटक का मंचन किया गया। साथ ही विभाग के उड़नदस्तों द्वारा 23 गैरमोटर चलित वाहनों पर रिफलेक्टर लगाने की कार्यवाही के साथ-साथ प्रवर्तन कार्यवाही की गयी।

विशेषाधिकारी परिवहन विभाग डीग अभय मुद्गल ने आमजन से अपील की है सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन अवश्य करें जिससे संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने सड़क सुरक्षा माह के दौरान समस्त राजकीय विभागों, स्वंय सेवी संस्थाओं , हितकर विभागों व आमजन को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में सहभागिता निभाकर मुख्य विषय ''परवाह'' का प्रचार - प्रसार करने के लिए आग्रह किया है।

# पुलिस की गस्त ने बचाए चोरों से लाखों रुपए के मोबाइल कार में आए चोरों ने मोबाइल दुकान में किया चोरी का प्रयास

## सब्बल से उठाई दुकान की शटर, पुलिस की जीप देख भागे

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/ भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कस्बे के बस स्टैंड के सामने शहर की एक प्रमुख मोबाइल दुकान को बीती रात कार में सवार होकर आए 4 चोरों ने निशाना बनाने की कोशिश की। शटर तोड़कर जैसे ही चोर दुकान के अंदर घुसने लगे, तभी उसी रोड पर आई कोतवाली थाने के गश्ती दल की जीप को देखकर चोर अपनी कार में बैठकर फरार हो गए। इससे पुलिस की सतर्कता से दुकान में रखे करीब 20 लाख के मोबाइल और एसेसरीज चोरी होने से बच गए हैं। चोरों ने दुकान की शटर को तोड़कर सब्बल से करीब 2 फुट ऊंचा उठा दिया। पुलिस ने काफी दूर तक चोरों की कार का पीछा किया। लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस की सूचना पर दुकान मालिक रात को ही मौके पर पहुंचा और दुकान में लगे सीसीटीवी खंगाले। सीसीटीवी में कार में आए चोर दुकान की शटर को तोड़ते हुए दिख रहे हैं। घटना को लेकर पीड़ित दुकान मालिक ने कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया है। कस्बे के आदर्श नगर निवासी अनिल कुमार अग्रवाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी बस स्टैंड के ठीक सामने मोबाइल और एसेसरीज की दुकान है। 12-13 जनवरी की दरम्यानी रात करीब एक बजे चोर कार में सवार होकर उसकी दुकान पर आए। तीन चोरों ने कार से उतरकर उसकी दुकान की शटर को तोड़कर करीब दो फीट ऊपर उठा दिया। उनका चौथा साथी कार की ड्राइविंग सीट पर बैठा रहा। जैसे ही चोर दुकान के अंदर दाखिल होने लगे, तभी बजरिया की तरफ से आए पुलिस के गश्ती वाहन की लाइट को देखकर चोर कार में बैठकर फरार हो गए। कोतवाली थाने के एएसआई जितेंद्र शर्मा ने बताया कि तेजी से कार को भागते देख पुलिस जीप से उनका पीछा भी किया, लेकिन चोर आंखों से ओझल हो गए।

# मेडिकल स्टोर से चालीस हजार रुपए चोरी

## दवाई लेने के बहाने आया था चोर, तलाश में जुटी पुलिस

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर के निहालगंज थाना क्षेत्र में जैन मंदिर के पास स्थित दिनेश मेडिकल स्टोर में रविवार शाम को एक चोर ने चालीस हजार रुपए चोरी कर लिए। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई इस वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। रविवार शाम एक व्यक्ति ताकत की दवाई और सिरप खरीदने के बहाने दुकान पर आया। जब दुकानदार ग्राहक के लिए दवाई लेने अंदर गया, तो आरोपी ने मौके का फायदा उठाते हुए गल्ले में रखे चालीस हजार रुपए दो बार में चुरा लिए। दुकानदार ने बताया कि ये पैसे थोक विक्रेताओं का हिसाब करने के लिए रखे गए थे। चोरी का पता तब चला जब दुकानदार ने गल्ले में पैसों की जांच की। शक होने पर उन्होंने तुरंत सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें आरोपी को साफ तौर पर पैसे निकालते हुए देखा जा सकता है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय स्तरीय लोन टेनिस खेल कूद प्रतियोगिता में अंकिता गोदारा का हुआ चयन



बढ़ता राजस्थान

**रतनगढ़ ( नि.स. )।** 68 वीं राष्ट्रीय स्तरीय लोन टेनिस खेल कूद प्रतियोगिता झारखंड ( रांची ) में 17 जनवरी से 19 आयोजित होगी जिसमे केपीएस स्कूल रतनगढ़ की छात्रा अंकिता गोदारा का चयन हुआ जिसमें आज विद्यालय में छात्रा अंकिता गोदारा का सम्मान किया गया तथा अग्रिम शुभकामनाएं दीं तथा छात्रा को झारखंड के लिए रवाना किया इस अवसर पर संस्था निदेशक ओम प्रकाश गोदारा,प्रबंधक निदेशक विजय कुमार गोदारा,रामनिवास धायल, सुखदेव सिंह, जितेंद्र सिंह, विकास शर्मा, देवकीनंदन स्वामी , विनोद रांकावत,रामदेव डूडी, कपिल पुरोहित, ओमप्रकाश प्रजापत,करण सिंह, सुनील शर्मा, रामकुमार गोदारा, पूनम शर्मा व सभी स्टाफ के सदस्यों ने छात्रा को अग्रिम शुभकामनाएं दीं। निदेशक ओम प्रकाश गोदारा ने बताया कि यह प्रतियोगिता झारखंड के रांची मे जनवरी मे स्कूल गैमस फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित होने वाली 68 वीं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# राजकीय कन्या महाविद्यालय भवन का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** 12 जनवरी 2025 को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर रविवार को बिरला ऑडिटोरियम सभागार जयपुर में 51 राजकीय महाविद्यालयों के नवनिर्मित भवनों में राजकीय कन्या महाविद्यालय सरदारशहर के भवन का लोकार्पण माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान किया गया।

चूरू के कमला गोयनका टाउन हॉल में हुए इस वर्चुअल कार्यक्रम में जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों सहित महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर योगेश चाहर भागीदार बने।

# मार्बल व्यापारियों द्वारा खेल दिवस के रूप में मनाया जायेगा मकर संक्रांति पर्व, विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** उदयपुर मार्बल एसोसिएशन एवं उदयपुर मार्बल प्रोसेसर समिति के संयुक्त तत्वावधान में फिल्ड क्लब के मैदान पर खेल दिवस के रूप में मकर संक्रांति पर्व मनाया जायेगा। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। अध्यक्ष पंकज गांगावत ने बताया कि मार्बल व्यापारियों के लिए यह पर्व ऐतिहासिक है क्योंकि एसोसिएशन द्वारा पिछले 30 वर्षो से मार्बल खेल दिवस के रूप में इस पर्व का आयोजन किया जाता रहा है। इसमें उदयपुर मार्बल एसोसिएशन एवं उदयपुर मार्बल प्रोसेसर समिति के सभी सदस्य अपने परिवार के साथ इस आयोजन में हिस्सा लेते है। इस कार्यक्रम में बच्चों से बुजूर्गो तक सभी पारंपरिक खेलों को खेलकर इस आयोजन को भव्यता प्रदान करते है।

सचिव नीरज शर्मा ने बताया कि इस ऐतिहासिक व भव्य कार्यक्रम में लगभग 1000 मार्बल व्यवसायी अपने व्यवसाय को बन्द रखकर सपरिवार सहित इस कार्यक्रम में सभी खेलकुद प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लेते हैं जिसमें विभिन्न खेलकुद प्रतियोगिताएं क्रिकेट,गिल्ली डण्डा,सितोलिया,पंतगबाजी,हाऊ जी,चेयररेस आदि का आयोजन होगा। जिसके विजेता प्रतिभागियों को इनाम व उपहार से सम्मानित किया जायेगा।

# ऑपरेशन साइबर शील्ड अभियान : करोड़ों रुपए की साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## दो साइबर ठग गिरफ्तार और एक नाबालिग निरुद्ध, आरोपितों के पास से 9 मोबाइल, 16 एटीएम कार्ड, एक लैपटॉप, 3 चौक बुक, 2 बैंक पास बुक, 45 हजार रुपए नकद जब्त





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** खोह नागोरियान थाना पुलिस ने साइबर ठगी के खिलाफ पुलिस मुख्यालय की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन साइबर शील्ड अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपए की साइबर ठगी करने वाले गिरोह के दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है और एक नाबालिग बालअपचारी को निरुद्ध किया है। साथ ही पुलिस ने साइबर आरोपियों के कब्जे से 9 मोबाइल, 16 एटीएम कार्ड, एक लैपटॉप, 3 चौक बुक, 2 बैंक पास बुक, 45 हजार रुपए नकद जब्त किए हैं। इसके अलावा एक स्विफ्ट कार को भी जब्त किया गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों के खिलाफ राजस्थान के बाहर भी कई प्रदेशों में साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) तेजस्विनी गौतम ने बताया कि खोह नागोरियान थाना पुलिस ने साइबर ठगी के खिलाफ पुलिस मुख्यालय की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन साइबर शील्ड अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए चरत लाल मीना और जसराम मीणा को गिरफ्तार किया है और दोनो ही आरोपित मंडावरी जिला दौसा के रहने वाले है। साथ ही पुलिस ने इस वारदात में शामिल एक बाल अपचारी को भी निरुद्ध किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि साइबर ठगी के आरोपी चतरलाल मीना के आधा दर्जन बैंक खातों में एक करोड़ रुपए की ठगी के ट्रांजेक्शन के सबूत मिले हैं। इस गिरोह के ठगों के खिलाफ चार राज्यों में दर्जनभर शिकायत साइबर पोर्टल पर दर्ज हैं। प्रारंभिक तौर पर यह भी सामने आया है कि चतरलाल मीना अपने बैंक खातों में खुद भी फ्रॉड की रकम जमा करवाता है और अपने बैंक खाते अलग-अलग साइबर ठगों को किराए पर भी मुहैया कराता है। आरोपित जसराम मीना व चरतलाल मीना लोगों को ऑनलाइन ट्रेडिंग के जरिए रकम दोगुनी करने का झांसा देते हैं। ये फर्जी खातों में लोगों से राशि ट्रांसफर करवाते हैं और शुरू-शुरू में छोटा-मोटा मुनाफा देते हैं। जब पीड़ित बड़ी रकम इनके बताए खाते में जमा करवा देते हैं तो ये अपना मोबाइल बंद कर देते हैं या पीड़ित के मोबाइल नंबर को ब्लॉक कर देते हैं।

डीसीपी ने बताया कि चरतलाल और जसराम फर्जी बैंक खाते खुलवाकर यह खाते साइबर फ्रॉड करने वाले दूसरे साइबर ठगों को किराए पर भी देते हैं। ठगी की रकम खाते में आते ही ये तुरंत इस राशि को निकलवा लेते हैं और राशि का बंटवारा कर लेते हैं। साइबर पोर्टल पर इनके खिलाफ गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हैदराबाद, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र आदि राज्यों में दर्जनभर शिकायतें दर्ज हैं। इसके अलावा डिटेन नाबालिग 91 क्लब गेमिंग एप के नाम से इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर लोगों को इस गेमिंग एप में गेम खेलने का झांसा देता है। इसके बाद फर्जी बैंक खातों में रकम जमा करवाता है। इन आरोपियों से गहन पूछताछ और अनुसंधान जारी है। इनके पास मिले एक करोड़ रुपए के संदिग्ध ट्रांजेक्शन और साइबर ठगी के बारे में गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है। इनसे पूछताछ में साइबर ठगी के कई और मामलों का खुलासा होने की संभावना है।




जयपुर जिले में हुआ लाडेसर अभियान का आगाज

# भामाशाहों का सहयोग बनेगा आधार.... स्वस्थ बचपन का सपना होगा साकार

## 5300 कुपोषित एवं 883 अतिकुपोषित बच्चों को वितरित किया जाएगा लाडेसर किट

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राज्य सरकार के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए लाडेसर अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत स्वस्थ बचपन के सपने को साकार करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न दिशा में प्रयास किये जाएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक अरशदीप बरार ने बताया कि अभियान के तहत आगामी तीन माह तक प्रतिमाह जिले में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत बच्चों में से चिन्हित 5300 कुपोषित एवं 883 अति कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हेतु भामाशाहों के सहयोग से जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में लाडेसर किट का वितरण करवाया जाएगा। अभियान के तहत कम एवं अति कम वजन वाले बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण पर निगरानी रखी जाएगी। जिला कलक्टर ने लाडेसर अभियान में अपनी बहुमूल्य भागीदारी निभाने वाले सभी भामाशाहों का आभार व्यक्त किया है।

### पोषण से भरपूर है लाडेसर किट

लाडेसर किट की सामग्री में प्राकृतिक रूप से प्रोटीन, कार्बोहाइ्रेट, विटामिन्स, वसा, आयरन एवं अन्य पोषक तत्व शामिल किये गए हैं। पोषण किट की एक माह की खुराक के तहत लाडेसर खिचड़ी के लिए 250 ग्राम चनादाल, 250 ग्राम मोठ दाल एवं 1 किलोग्राम चावल तथा लाडेसर नाश्ते के लिए 250 ग्राम गुड़, 250 ग्राम मूंगफली एवं 500 ग्राम भूने हुए चने प्रदान किये जा रहे हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक अरशदीप बरार ने बताया कि लाडेसर किट आगामी तीन माह तक प्रति माह प्रत्येक पात्र लाभार्थी को वितरण की जायेगी, जिसकी मॉनिटरिंग जिला प्रशासन एवं उपनिदेशक स्तर से अधीनस्थ बाल विकास परियोजना अधिकारी के माध्यम से प्रति सप्ताह की जायेगी। लाडेसर किट के उपयोग की सुनिश्चितता हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बच्चों के माता-पिता से समझाइश की जाएगी एवं नियमित रूप से बच्चों की प्रति दस दिवस में वजन, ऊंचाई एवं लंबाई दर्ज की जाएगी।

# अपहरण-मारपीट और रुपये हड़पने वाली गैंग चढी पुलिस के हत्थे



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण-मारपीट और रुपये हडपने वाली गैंग को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गैंग पैसे वाले लोगों को लड़की के जरिए फंसाते थे और दोस्ती कर मिलने के लिए सुनसान जगह पर बुलाकर अन्य लोगों के साथ मिलकर अपहरण मारपीट कर लूटपाट कर लेते थे। पुलिस ने इस गैंग के दो युवक और एक युवती को गिरफ्तार किया है। गैंग के अन्य सदस्यों की पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम ने बताया रामनगरियान थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहरण-मारपीट और रुपये हड़पने वाली गैंग के जीत राम मीणा (24) उर्फ जीतू पुत्र भरत लाल मीणा निवासी गांव चांदन होली पुलिस थाना बाटोदा जिला सवाई माधोपुर, दीपक मीणा उर्फ दीप (19) पुत्र रामगोपाल मीणा निवासी गांव अरनिया पुलिस थाना गंगापुर सिटी सदर जिला सवाई माधोपुर और रवीना मीणा (25) पुत्री सीताराम मीणा निवासी गांव उलु कमालपुरा पुलिस थाना भुसावर जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में इन आरोपियों ने वारदात करना कबूल किया और बताया कि यह पहले भी इस तरह की कई वारदात कर चुके है। गौरतलब है कि 26 दिसम्बर 2024 को एक व्यक्ति ने रामनगरिया थाने में मामला दर्ज करवाया था कि 23 दिसम्बर को एक युवती ने अपनी गैंग के अन्य साथियों के साथ मिल कर उसका अपहरण कर लिया। इसके बाद आरोपियों ने उसकी पत्नी और एक परिचित से 25 लाख रुपए हड़प लिए। पैसा मिलने के बाद आरोपियों ने उसे छोड़ा। शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को चिन्हित कर वारदात करने वाले दो युवक और एक युवती को गिरफ्तार किया।

# जयपुर पुलिस कमिश्नर सौलह जनवरी को आमेर थाने में करेंगे जनसुनवाई

## पुलिस थाना आमेर, ब्रह्मपुरी, जयसिंह पुरा खोर जयपुर (उत्तर) के परिवादियों की जाएगी जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ सौलह जनवरी (गुरुवार) को सुबह ग्यारह बजे से शाम दो बजे तक पुलिस थाना आमेर में जन सुनवाई करेंगे। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (अपराध) कुंवर राष्ट्रदीप, पुलिस उपायुक्त उत्तर राशि डूडी डोगरा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त उत्तर-प्रथम, दुर्ग सिंह राजपुरोहित, सहायक पुलिस आयुक्त आमेर एवं संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान वृत क्षेत्र आमेर जयपुर (उत्तर) के परिवादियों की जनसुनवाई की जाएगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है। गौरतलब है कि इससे पूर्व जयपुर पुलिस कमिश्नर की ओर से शिप्रा पथ (जयपुर दक्षिण), कानोता (जयपुर पूर्व), करधनी (जयपुर पश्चिम), विद्याधर नगर (जयपुर उत्तर), शिवदासपुरा (जयपुर दक्षिण), बगरू (जयपुर पश्चिम), चौमू (जयपुर पश्चिम), प्रताप नगर (जयपुर पूर्व), जयसिंहपुरा खोर (जयपुर उत्तर) जवाहर सर्किल (जयपुर पूर्व), वैशाली नगर (जयपुर पश्चिम) एवं मुहाना (जयपुर दक्षिण) थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

# अमेरिका के सेंट कैथरीन यूनिवर्सिटी मिनेसोता के स्टूडेंट्स ने आयुर्वेद में अवसर और रिसर्च के लिए किया राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर का दौरा

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर ( का.स. )।** आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में रिसर्च, फॉरेन स्टडी, पंचकर्म एवं आयुर्वेद में अवसर को जानने के लिए अमेरिका के सेंट कैथरीन यूनिवर्सिटी मिनेसोता के पैरामेडिकल मैं अध्ययन करने वाले 14 विद्यार्थियों ने जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर का एकदिवसीय दौरा किया। कुलपति डॉ. संजीव शर्मा ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। क्रिया शरीर विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. छाजू राम यादव ने सेंट कैथरीन यूनिवर्सिटी के पैरामेडिकल विद्यार्थियों को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा में किया जा रहे कार्यों और रिसर्च की जानकारी दी साथ ही विद्यार्थियों ने विदेश में आयुर्वेद चिकित्सा की बढ़ रही संभावनाओ और अवसरों की जानकारी ली। स्टूडेंट ने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में अध्ययन के लिये फॉरेन से आने वाले स्टूडेंट्स के लिए स्पेशल प्रोविजन की जानकारी भी ली। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने बताया कि विदेश में आयुर्वेद के क्षेत्र में आमजन के साथ विदेश में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों का रुझान बढ़ रहा है, इसके कारण आज राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में भारत के कई राज्यों के साथ विदेश के 17 देश से विद्यार्थी आज यहां आयुर्वेद चिकित्सा में पढ़ाई और रिसर्च कर रहे हैं। आयुर्वेद में रिसर्च और पढ़ाई को लेकर अमेरिका के सेंट कैथरीन यूनिवर्सिटी से आए 14 विद्यार्थियों ने जानकारी ली और आयुर्वेद के क्षेत्र में अपने कैरियर को लेकर बढ़ते अवसरो को जाना। एक दिवसीय दौरे के दौरान सेंट कैथरीन यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों के दल के साथ फैकल्टी डॉ दीपशिखा ओर डॉ क्रिस्टीन ने राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में ओपीडी, पंचकर्म विभाग, क्रिया शरीर विभाग में स्थापित एडवांस ह्यूमन फिजियोलॉजी लैब, सेंट्रल लैब, सिम्युलेशन लैब, फार्मेसी विभाग, एनाटॉमी विभाग, ड्रग लैब, के साथ अन्य विभागों की जानकारी ली।

# माली सैनी महासभा राजस्थान ने विधायक गोपाल शर्मा का पुतला फूंका

## महिलाओं के साथ मारपीट के मामले में पुलिस और विधायक की मिलीभगत का लगाया आरोप

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर शहर के श्याम नगर थाने इलाके में स्थित कटेवा नगर गुर्जर की थड़ी जयपुर निवासी मोतीलाल सैनी के घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट के मामले में पुलिस और सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल शर्मा की मिलीभगत और अलोकतांत्रिक रवैये के विरोध में माली सैनी महासभा राजस्थान प्रदेश की ओर से सोमवार को सोडाला चौराहे पर विरोध-प्रदर्शन करते हुए विधायक गोपाल शर्मा का पुतला भी फूंका गया। इस दौरान माली-सैनी के सैकडों लोगों ने विधायक गोपाल शर्मा के मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। माली सैनी महासभा राजस्थान प्रदेश की ओर से दो दिन का अल्टीमेट देते हुए चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन प्रदेश स्तर तक ले जाया जाएगा। माली सैनी महासभा के महामंत्री मुख्यालय सागर मावर ने बताया कि गत दिनों पहले श्याम नगर थाने इलाके में स्थित कटेवा नगर गुर्जर की थड़ी जयपुर निवासी मोतीलाल सैनी के घर में घुसकर जिस प्रकार से माली समाज की महिलाओं के साथ महिला पुलिस कर्मी की अनुपस्थिति में मारपीट और सड़क पर घसीता है। जो कि सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल शर्मा और पुलिस की मिलीभगत से इस निंदनीय घटना को अंजाम दिया गया। इसका पूरा माली समाज समाज के लोगों मे रोष व्याप्त है और एकजुट होकर विरोध करता है। माली सैनी महासभा की ओर से सोमवार को केवल सांकेतिक रूप से विरोध प्रदर्शन किया है। यदि दो दिन के अंदर सरकार और प्रशासन उनकी मांगों को नहीं मानती है तो वह इस आंदोलन को प्रदेश स्तर तक लेकर जाएँगे। यह आंदोलन महिला शक्ति को न्याय और उनके हक व अधिकारों को दिलाने,अन्याय के खिलाफ अपनी आवाज़ बुलंद करने के रूप में खड़ा होगा। इस कार्यक्रम में माली सैनी महासभा के उपाध्यक्ष एड. मनोज अजमेरा, बाबू लाल सैनी, भंवर लाल सैनी, विनीत सांखला, महामंत्री सुरेश सैनी, सचिव लाल चंद सैनी, यूथ विंग अध्यक्ष अमित सैनी, यूथ विंग कार्यकारी अध्यक्ष किरोड़ी लाल सैनी सहित अन्य समाजो से आए गणमान्य लोग उपस्थित

# पुलिस ने पकडे अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले चार तस्कर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. ) ।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' अभियान के तहत ट्रांसपोर्ट नगर,करणी विहार और सोडाला थाना इलाके में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले खिलाफ तीन मामले दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध मादक पदार्थ एमडी 2.84 ग्राम ,स्मैक 1.11 ग्राम, गांजा 60 ग्राम एवं बिक्री की राशि पांच हजार रुपये बरामद किया गया। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने ट्रांसपोर्ट नगर,करणी विहार और सोडाला थाना इलाके में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले खिलाफ तीन मामले दर्ज कर राज सांसी निवासी दिल्ली हाल खोह नागोरियान,मनोहर निवासी बाडमेर हाल करणी विहार,शिव कुमार निवासी बाडमेर हाल करणी विहार और हेमलता निवासी मुहाना जयपुर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से अवैध मादक पदार्थ अवैध मादक पदार्थ एमडी 2.84 ग्राम ,स्मैक 1.11 ग्राम, गांजा 60 ग्राम एवं बिक्री की राशि पांच हजार रुपये बरामद किया गया। पुलिस आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे मे पूछताछ करने में जुटी है।

# जेडीए की मकर संक्राति के पावन पर्व पर आमजन को सौगात

## पटेल नगर आवासीय योजना के ऑनलाईन आवेदन मकर संक्राति से प्रारम्भ

## 270 भूखण्डों का लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा आवंटन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.) ।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा मकर संक्राति के पावन पर्व पर आमजन को जोन-10 में पटेल नगर आवासीय योजना (खोरी रोपाडा) में 270 भूखण्डों के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। आवासीय योजना के आवेदन की प्रारम्भ तिथि 14.01.2025 से 13.02.2025 तक निर्धारित की गई है। उक्त योजना की लॉटरी 24.02.2025 को निर्धारित की गई है। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय के कुषल नेतृत्व में एम.आई.जी. वर्ग को आवास का सपना साकार करने के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जयपुर की प्रमुख लोकेशन पर पटेल नगर आवासीय योजना में श्रेणियों के 270 भूखण्डो का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा।


**RAJASTHAN HOUSING BOARD**

No. :- 1263 Dated :- 10/01/2025

**NIT : DHC Alwar/04/2024-25**

Bids for 1. Maintenance & Operation of Street Light at Aravali Vihar, Bhiwadi (For 2 Years) 2. Patch repair work of roads at Aravali Vihar, Bhiwadi 3. Development of Parks in Sector 01 to 04 (04 Nos.) at NEB Extension Alwar are invited from interested bidders from 16.01.2025 to 26.01.2025 upto 6.00 PM. Other particular of bid may be visited on the procurement portal **(http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in)** of the state & **http://urban.rajasthan.gov.in/rhb** Department Website.

UBN No. :- RHB2425WSOB00318, 319 & 320

Raj.Samwad/C/24/10253 Dy. Housing Commissioner, Circle Alwar



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER P.W.D. ELECT. DIVISION, SECTT, JAIPUR.**

File No. 2688 Date: 07-01-2025"

**NIT No 37/2024-25**

Bid for One Electric works is for invited from interested bidder upto 6:00 PM Time, Date 19.01.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc. rajasthan.gov.in http://sppp.raj.nic.in) of the state; and Public work Department website. The approximate value of the procurement is Rs. 6-83Lacs.

UBN NO. PWD2425WSOB13330

Yours Faithfully

EXECUTIVE ENGINEER
PWD, Electric Division Sectt
Jaipur

DIPR/C/425/2025

## सम्पादकीय

# जमीनी हकीकत : भविष्य की ओर बढ़ने से पहले पीछे मुड़कर देखें

वर्ष 2024 को ऐसे साल के रूप में याद किया जाएगा, जिसमें दुनिया कई मायनों में बदल गई। ऐसा कोई दिन नहीं गुजरा, जब दुनिया का कोई न कोई हिस्सा मौसम की अति का शिकार नहीं हुआ। इन विकट परिस्थितियों में गर्मी और ठंड के नए रिकॉर्ड बने और कुछ दिन के भीतर फिर टूट गए। पहले ही अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे समुदायों के लिए बार-बार आने वाली ऐसी प्राकृतिक आपदाओं से उबर पाना लगभग असंभव हो जाता है। वैज्ञानिक इसे 'एंथ्रोपोसीन युग' कहते हैं। 'एंथ्रोपोसीन युग' भूविज्ञान के शब्दों में वह समय है, जब मानवीय गतिविधियों का जलवायु और पारिस्थितिकी-तंत्र पर गंभीर असर पड़ता है। हमने मानवीय प्रगति (अच्छे रहन-सहन एवं धन सृजन के लिए) के लिए जो उपाय किए हैं उनके प्रभाव सभी देशों और दुनिया की सीमा से परे दिखने लगे हैं। यह अभूतपूर्व परिवर्तनों का दौर भी है - मनुष्यों के एक दूसरे के प्रति आचरण में बदलाव का, सही और गलत के वैश्विक नजरिये में बदलाव का और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक की ताकत में बदलाव का। अगले कुछ साल में दुनिया की दशा और दिशा एआई की ताकत से ही तय होगी। हमने सार्वजनिक विमर्श का तरीका भी बदल दिया है। अब हम जो महसूस करते हैं, उसे कहने में बिल्कुल भी नहीं हिचकते भले ही वे अप्रिय, घृणा फैलाने वाली या विनाशकारी ही क्यों न हों। हम इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र की रक्षा का माध्यम समझने लगे हैं। मगर ऐसा करते-करते हम पूरी तरह नए युग की तकनीक पर आश्रित हो गए हैं। आज की बड़ी तकनीकी कंपनियों का लगभग सभी चीजों पर नियंत्रण हो गया है। इन कंपनियों का बढ़ता प्रभाव देशों की सीमाएं लांघकर दुनिया में सभी लोगों को अपनी जद में ले चुका है। इन कंपनियों ने अतीत की बहुराष्ट्रीय कंपनियों को बौना बना दिया है। तनिक विचार करें कि जिस तरह हम समाचार सुनते, देखते या पढ़ते हैं, जिस तरह हम खरीदारी करते हैं और जहां भी रहते हैं वहां हमारे जीवन का हरेक पहलू किस तरह इन कारोबारों का हिस्सा बन चुका है। अब इन भारी भरकम तकनीकी कंपनियों के मालिक न केवल तकनीक एवं मीडिया को मनमाने ढंग से बदल रहे हैं बल्कि राजनीति की दिशा भी तय करने लगे हैं। वे अपना प्रभाव बढ़ाना चाहते हैं और सरकारों के कमजोर होते ही वे और मजबूत हो जाते हैं। ज्यादातर सरकारें इस भ्रम में हैं कि वे ही नीतियां तय कर रही हैं और उनकी नीतियां लोकहित में हैं। सच्चाई यह है कि सरकारों ने अपना यह उत्तरदायित्व बड़ी कंपनियों, निवेश बैंकों और निजी कारोबारों को दे रखा है। सार्वजनिक गतिविधियों की गुंजाइश कम होती जा रही है और निजी इकाइयों का दबदबा बढ़ता जा रहा है। ऐसा नहीं है कि लोकतंत्र खत्म हो चुका है मगर यह जरूर है कि कारोबारों और उपभोक्ता वर्गों (आप और हम) की सांठगांठ के कारण यह बुनियादी तौर पर बदल चुका है। अब दुनिया अधिक असुरक्षित एवं बेचैन हो रही है क्योंकि हरेक संकट आने वाले दूसरे संकट की जमीन तैयार कर रहा है। हम तेजी से असमानता की शिकार हो रही ऐसी दुनिया में रहते हैं, जहां अमीर-गरीब की खाई बढ़ती जा रही है। इसके कारण और खराब व्यवस्था, जलवायु परिवर्तन के खतरों तथा संसाधनों की कमी के कारण लोगों का पलायन तेजी से बढ़ रहा है क्योंकि वे परेशान हैं और नए अवसर तलाशने की जद्दोजहद में लगे हुए हैं। इन सबके कारण लोगों में क्रोध और असुरक्षा की भावना भड़क रही है, जिससे नए कारोबारियों एवं महाशक्तियों के नियंत्रण वाली तकनीक के इस युग में लोकतंत्र तेजी से घृणा एवं ध्रुवीकरण का शिकार हो रहा है।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान


### 14 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- पोप लियो एक्स ने 1514 में दासता के विरुद्ध आदेश पारित किया।
- यूनाइटेड ईस्ट इंडिया कंपनी ने 1641 में मलक्का शहर पर विजय प्राप्त की।
- 1659 में हुए एलवास के युद्ध में पुर्तग़ाल ने स्पेन को पराजित किया।
- फ्रांसीसी जनरल लेली ने 1760 में पांडिचेरी अंग्रेज़ों के हवाले कर दिया।
- भारत में मराठा शासकों और अहमदशाह दुर्रानी के बीच 1761 में पानीपत का तीसरा युद्ध हुआ।
- अमरीका ने ब्रिटेन के साथ 1784 में शांति संधि की पुष्टि की।
- इंग्लैंड और स्पेन ने 1809 में 'नेपोलियन बोनापार्ट' के खिलाफ गठबंधन किया।
- नेपोलियन तृतीय की हत्या की साजिश का 1858 में भंडाफोड़ हुआ।
- 1907 में हुए जमैका में भूकंप से किंगस्टन शहर तबाह हो गया और लगभग 900 से अधिक लोग मारे गये।
- रेमंड पोंकारे 1912 में फ्रांस के प्रधानमंत्री बने।
- फ्रांस के पूर्व प्रधानमंत्री जोसेफ कैलाक्स को 1918 में देशद्रोह के आरोप में गिरफ़्तार किया गया।
- ईरान में मुहम्मद सईद ने 1950 में सरकार का गठन किया।
- जगदगुरु कृपालु महाराज ने 1954 में 7 दिनों तक 500 से ज्यादा हिन्दू विद्वानों के समक्ष भाषण दिया। उन्हें पाँचवाँ जगदगुरु चुना गया।
- अल्जीरिया के शहरों में 1962 में हुए आतंकवादी हमलों में 6 लोग मारे गये।
- इंडोनेशिया ने 1966 में राष्ट्रसंघ स्थित अपना मिशन बंद कर दिया।
- 1969 में भारत के दक्षिणी राज्य मद्रास का नाम बदलकर तमिलनाडु किया गया।
- विश्व फुटबाल लीग की स्थापना 1974 में की गयी।
- सोवियत संघ ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को 1975 में समाप्त किया।
- श्रीमती इंदिरा गाँधी ने 1982 में 20सूत्री कार्यक्रम की घोषणा की।
- ग्वाटेमाला में विनिसियों केरजो 1986 में 6 वर्षों में पहले असैनिक राष्ट्रपति बने।
- मध्य अमेरिकी देश ग्वाटेमाला में 1986 में संविधान लागू हुआ।
- 1989 से इलाहबाद में बारह वर्ष बाद कुम्भ का मेला प्रारम्भ हुआ।
- यूक्रेन, रूस तथा संयुक्त राज्य अमेरीका द्वारा मास्को में परमाणु अस्त्र कम करने सम्बन्धी समझौते पर 1994 में हस्ताक्षर।
- भारत का पहला अत्याधुनिक 'हवाई यातायात परिसर', दिल्ली राष्ट्र को 1999 में समर्पित किया गया।
- कम्प्यूटर के बादशाह बिल गेट्स ने 2000 में स्टीव वाल्मर को विश्व की सबसे बड़ी कम्प्यूटर साफ्टवेयर कम्पनी सौंपी।
- नेपाल में अंतरिम संविधान को 2007 में मंजूरी मिली।
- सरकार ने विदेशी पत्रों के फेसीमाइल (प्रति) संस्करणों से शत-प्रतिशत विदेशी निवेश को मंजूरी देने की 2009 में घोषणा की।

## विशेष आलेख

# भ्रष्टाचार, आप के चार नेताओं का जेल जाना और उपराज्यपाल के साथ मौजूदा टकराव इस चुनाव में केजरीवाल के लिए महंगा साबित हो सकता है

**पिछले 10 वर्षों में, दिल्ली ने विकास कार्यों के प्रदर्शन में वृद्धि देखी है। दीवारों पर नारों का रंग बढ़ गया है। विज्ञापन काम की तुलना में तेज है। दिल्ली में वायु प्रदूषण अपने चरम पर पहुंच गया है। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग वायु प्रदूषण से पीड़ित हैं। खराब हवा के कारण ट्रेनें और एयरलाइंस बाधित हैं। दिल्ली हर सुबह देर तक प्रदूषित हवा से घिरी रहती है। यमुना नदी प्रदूषित है। दिल्ली प्रदूषित है। दिल्ली को पीने के लिए साफ पानी नहीं मिलता है। गुणवत्ता वाली सड़कों की कमी को लेकर लोगों में आक्रोश है। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और मंत्री सत्येंद्र जैन जैसे दिग्गज नेता वर्तमान में जमानत पर बाहर हैं। शराब की बिक्री में करोड़ों रुपये के घोटाले ने आप सरकार की छवि को धूमिल किया है। कैग ने मुख्यमंत्री आवास पर सौंदर्यीकरण के नाम पर 33 करोड़ रुपये खर्च करने का आरोप लगाया है। कितना होगा यह तय करेगा कि सत्ता पर कौन कब्जा करेगा।**



– अशोक भाटिया

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान 5 फरवरी को होगा। दिल्ली में पिछले 10 साल से सत्ता में काबिज आम आदमी पार्टी और केंद्र में सत्ता में काबिज भारतीय जनता पार्टी के बीच सीधा मुकाबला है। यह चुनावी जंग आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल बनाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रूप ले चुकी है। भाजपा ने अपने मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। हालांकि कांग्रेस पार्टी चुनाव में तीसरी पार्टी है, लेकिन विधानसभा में अपना खाता खोलने के लिए उसे जी-जान से संघर्ष करना पड़ रहा है।

अभी दिल्ली में बहुत ठंड है। तेज हवाओं के बावजूद राजनीतिक माहौल गर्म है। भाजपा-आप संघर्ष में, आरोप-प्रत्यारोप का खेल चरम पर पहुंच गया है। आप सत्ता की हैट्रिक हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही है, जबकि भाजपा केजरीवाल को खलनायक घोषित करके 27 साल बाद दिल्ली में सत्ता खींचने की कोशिश कर रही है। चुनाव कार्यक्रम बज चुका है और आप, भाजपा और कांग्रेस पार्टी के प्रचार ने जोर पकड़ लिया है। बैठकें, जुलूस, घर-घर जाकर मतदाताओं का दौरा, रैलियां और वादे शुरू हो गए हैं। पिछले 10 वर्षों में, आप सरकार ने दिल्लीवासियों को मुफ्त सेवाओं का आदी बना दिया है, सरकारी स्कूलों का कायाकल्प किया है। विशाल और गुणवत्ता वाले स्कूलों ने छात्रों को आकर्षित करना शुरू कर दिया। आप सरकार ने निजी स्कूलों की कीमत पर बेहतर स्कूल बनाने की कोशिश की। उन्होंने मोहल्ला क्लीनिक स्थापित किए और दिल्ली के हर कोने में हजारों आम लोगों को चिकित्सा देखभाल प्रदान की। आप ने 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का भी काम किया। महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा और बुजुर्गों के लिए मुफ्त तीर्थयात्रा की घोषणाओं से दिल्ली में आप के वोट बैंक को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। मध्य प्रदेश में, तत्कालीन भाजपा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की %लड़की वाहिनी योजना% सुपरहिट हो गई और महिलाओं ने राज्य में भाजपा को सत्ता में वापस ला दिया। महाराष्ट्र में भी महागठबंधन ने विधानसभा चुनाव से पहले लड़की बहन योजना की घोषणा की और सभी महिला वर्गों ने महागठबंधन को सत्ता में वापस लाया। देश भर के आठ राज्यों में प्यारी बहन योजना को खत्म कर दिया गया है। भाजपा की योजना दिल्ली में केजरीवाल द्वारा शुरू की गई थी और उन्होंने महिलाओं को प्रति माह 2,100 रुपये देने का वादा किया था। उन्होंने बुजुर्गों के लिए मुफ्त चिकित्सा उपचार, ऑटो-रिक्शा चालकों के लिए 10 लाख रुपये तक का बीमा और गुरुद्वारों में मंदिर के पुजारियों और ग्रंथियों के लिए 18,000 रुपये प्रति माह की घोषणा की। चुनाव से पहले मतदाताओं पर पैसा बरसाने के लिए आम आदमी पार्टी की आलोचना कौन करेगा? क्योंकि भाजपा भी वही काम कर रही है और भाजपा ने सीटियां बजाकर अन्य राज्यों में सत्ता हासिल की है। आप के नारों को हर घर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा रहा है, इसलिए इस चुनाव में यह देखा जाएगा कि लगातार 10 साल सत्ता में रहने के बावजूद आप के दिग्गजों पर भ्रष्टाचार के आरोपों और चार वरिष्ठ आप नेताओं के जेल जाने के बावजूद रेवड़ियों की बारिश से उसकी धार फीकी पड़ जाएगी। इस चुनाव में मुख्य मुद्दा यह है कि क्या दिल्ली में आप के बढ़ते ग्राफ को इस बार शांत किया जाएगा, क्या भाजपा की ताकत उसे सत्ता में आने से रोकेगी। केजरीवाल का चेहरा सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे के लोकपाल आंदोलन से निकला था। शुरू में उनकी छवि एक स्वच्छ चरित्र और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने वाले नेता की थी। यह विश्वास करने से था कि केजरीवाल को दिल्ली में लोगों द्वारा सत्ता दी गई थी। आप की सफलता कांग्रेस और भाजपा के लिए एक बड़े आश्चर्य के रूप में आई। उस चुनाव में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। लेकिन कांग्रेस ने भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए अपना समर्थन बढ़ाया और केजरीवाल ने पहली बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। आप की पहली सरकार केवल 49 दिनों तक चली थी। जैसे ही केजरीवाल ने जन लोकपाल विधेयक लाने का फैसला किया, कांग्रेस ने समर्थन वापस ले लिया और केजरीवाल को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। 2015 में जब दिल्ली विधानसभा चुनाव हुए तो आप के उम्मीदवारों ने 70 में से 67 सीटों पर जीत हासिल की और आप ने ऐतिहासिक जीत हासिल की। केजरीवाल ने 2020 के विधानसभा चुनावों में दिल्ली की 70 में से 62 सीटें जीतकर दिखाया कि आप का दिल्ली में दबदबा बना हुआ है। पिछले तीन विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी चर्चा का विषय बनी रही थी और दिल्लीवासियों की प्राथमिकता भी हमारी थी। अब राजनीतिक माहौल काफी बदल चुका है। भाजपा ने प्रचार किया है कि जो लोग भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अन्ना हजारे के मंच पर गए, वे भ्रष्ट हैं। केजरीवाल और उनके बेटे भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भाजपा से घिरे रहने लगे हैं। भ्रष्टाचार, आप के चार नेताओं को जेल जाना व आज तक जमानत पर रहना और उपराज्यपाल के साथ आप सरकार का मौजूदा टकराव इस चुनाव में केजरीवाल के लिए महंगा साबित हो सकता है। दिल्ली चुनाव में भारत गठबंधन के भीतर मतभेद उजागर हो गए हैं। आप ने 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन किया था। दिल्ली में आप ने तीन लोकसभा सीटों पर और कांग्रेस ने चार सीटों पर चुनाव लड़ा था। लेकिन भारत सभी सात सीटें हार गया और मतदाताओं ने सभी सात निर्वाचन क्षेत्रों से लोकसभा के लिए भाजपा सांसदों को फिर से चुना।

# दुनिया की आस्था और आश्चर्य का केन्द्र है कुम्भ



– विवेक वैष्णव

**कुंभ मेला दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक सम्मेलन है जिसे "धार्मिक तीर्थयात्रियों की दुनिया की सबसे बड़ी मंडली के रूप में भी जाना जाता है। कुंभ का यह त्यौहार बाजार या मेले का त्यौहार नही होकर यह ज्ञान, तपस्या और भक्ति का त्यौहार है। यह संस्कृति का एक महत्वपूर्ण प्रतीक माना जाता है। हर धर्म और जाति के लोग इस कुंभ रूपी त्यौहार में किसी न किसी रूप में मौजूद होते हैं और लगभग 48 दिन चलने वाला यह त्यौहार एक मिनी इंडिया का रूप ले लेता है। मुख्य रूप से दुनिया भर से साधू, संत, तपस्वी, तीर्थयात्री, इत्यादि भक्त इसमें भाग लेते हैं। इस त्यौहार में विभिन्न प्रकार की भाषाएँ, परंपराएँ, संस्कृतियाँ, कपड़े, भोजन और रहन सहन देखे जा सकते हैं। यह आश्चर्यजनक है कि लाखों लोग बिना किसी आमंत्रण के वहाँ पहुँच जाते हैं।**

सनातन संस्कृति में हमेंशा से मुक्ति ही परम लक्ष्य रहा है। भारतीय संस्कृति में आंतरिक विज्ञान को जितनी गहराई से समझा गया है ऐसी समझ पृथ्वी पर किसी दूसरी संस्कृति में नहीं मिलती। यही करण है कि इस देश को हमेशा से ही विश्व की 'आध्यात्मिक राजधानी' रूप में भी जाना जाता रहा है। वर्ष 2025 में भारत में आयोजित हो रहे महाकुंभ को लेकर पूरी दुनिया में आस्था एवं उत्सुकता का माहौल देखा जा रहा है। कुम्भ मेला भारत में आयोजित होने वाला एक विशाल एवं अनूठे मेले के रूप में एक धार्मिक समागम है जिसमें करोड़ों श्रद्धालु हर बारहवें वर्ष प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में से किसी एक स्थान पर एकत्र होते हैं और नदी में पवित्र स्नान करते हैं। कुंभ का मूल अर्थ यह है कि यह सभी संस्कृतियों का संगम है और यह आध्यात्मिक जागृति का प्रतीक न्है। प्रत्येक 12वें वर्ष के अतिरिक्त प्रयाग में दो कुम्भ पर्वों के बीच छह वर्ष के अन्तराल में अर्धकुम्भ भी होता है। कुंभ मेले को दुनिया की सबसे बड़ी सभा यूनेस्को की प्रतिनिधि सूची "मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत" में शामिल किया गया है। वर्श 1989 में कुम्भ मेले ने गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड्स में स्थान पाया था।

कुंभ मेला कल्पवासियों, साधुओं, संतो, आगंतुकों और महत्वाकांक्षियों का एक समागम है। भारत में अपने अपने अध्यक्षों या महंतों सहित 13 अखाड़े हैं। इन अखाड़ों के संबंधित अध्यक्ष कुंभ के दौरान पवित्र नदी में सर्वप्रथम डुबकी लगाते हैं या स्नान करते हैं और उनके स्नान के साथ कुंभ मेले का कार्यक्रम शुरू होता है। ये तपस्वी प्रायः पुरुष होते हैं। कुंभ मेले में पहले स्नान का नेतृत्व संतों द्वारा किया जाता है जिसे कुंभ के शाही स्नान के रूप में जाना जाता है और यह सुबह 3 बजे शुरू होता है। संतों के शाही स्नान के बाद आम लोगों को पवित्र नदी में स्नान करने की अनुमति मिलती है। पृथ्वी और चंद्रमा अपने कालचक्रों में घूमते रहते हैं जिसका असर हर इंसान पर भी पड़ता है। ये कालचक्र कई प्रकार के होते हैं और इनमें सबसे लंबा है 144 वर्ष का। 144 वर्ष में एक बार ऐसा होता है जब सौरमंडल में कुछ विशिष्ट घटनाएं होती हैं जो आध्यात्मिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण होती हैं और इन्हीं मौकों पर महाकुंभ मेले का आयोजन होता है। कुंभ मेले देश की उन कुछ खास जगहों पर आयोजित किये जाते हैं जहां पर एक संपूर्ण ऊर्जा मंडल तैयार किया गया था। चूंकि हमारी पृथ्वी अपनी धुरी पर घूम रही है इसलिए यह एक 'अपकेंद्रिय बल' यानी केंद्र से बाहर की ओर फैलने वाली ऊर्जा पैदा करती है। पृथ्वी के 0 से 33 डिग्री अक्षांश में यह ऊर्जा हमारे तंत्र पर मुख्य रूप से लम्बवत व उर्ध्व दिशा में काम करती है। खास तौर से 11 डिग्री अक्षांश पर तो ऊर्जाएं बिलुकल सीधे ऊपर की ओर जातीं हैं। इसलिए हमारे प्राचीन गुरुओं और योगियों ने गुणा भाग कर पृथ्वी पर ऐसी जगहों को तय किया जहां इंसान पर किसी खास घटना का जबर्दस्त प्रभाव पड़ता है। इनमें से अनेक जगहों पर नदियों का समागम है और इन स्थानों पर स्नान का विशेष लाभ भी है। अगर किसी खास दिन कोई इंसान वहां रहता है तो उसके लिए दुर्लभ संभावनाओं के द्वार खुल जाते हैं।

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान

**फसाना था एक,दरिया पहाड़ का, समुन्दर की लहरों ने किताब ही डूबा ड़ाली,मैं लौट के आऊंगा एक दिन फिर पहाड़ बना दूंगा तुम दरिया बन जाना बस..'**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं जाने माने शिक्ष विद् डॉ.फरमान अली। एक दौर था जब राजस्थान इंस्टीट्युट का बिगुल बजता था लेकिन कोविड़-19 किसी पर भारी थी,ना थी. हम्म शिक्षा पर बहुत भारी रही। ऐसे में एज्यूकेश्न के बड़े-बड़े जहाज डगमगा गए, लेकिन अनुभव और आत्मश्विास ना कभी डूबे हैं-ना डूबेंगे। कुछ ऐसी ही शख्सियत हैं डॉ.फरमान अली जोकि एक साधारण किसान परिवार में जन्में और आज पूरे प्रदेश में एक बड़ा नाम बनकर सामने नजर आ रहे हैं। तिजारा के एक गाँव में जन्म हुआ और प्राथमिक शिक्षा तिजारा से व उच्च शिक्षा देहली से हुई। 2000 से इग्नू देहली में पढ़ाया, 2009-2010 में दिल्ली यूनिवर्सिटी में शिक्षक के रूप में काम किया। 2008 से राजस्थान इंस्टीट्यूट के नाम से खुद का इंस्टीट्युट शुरू किया जोकि एक ऊंचे मुकाम तक पहुँचा आज अब उत्कर्ष जयपुर में आरएएस,आईएएस पीएसआई और कॉलेज लेक्चरर , नेट के लिए पढ़ा रहे हैं और देश के टॉप टीचर में गिने जाते हैं। हज़ारों की संख्या में स्टूडेंट्स सभी सेक्टर में नौकरी लगे हैं , सिल्वर कैटेगरी का टैक्स दाता भी रहे हैं वक्त की बात है आज टैक्स दे नहीं रहे लेकिन जज्बा इतना है कि ठान रखा है कि फिर वही घोड़े फिर वही मैदान होगा..। इनका मानना है कि समय एक जैसा नहीं रहता शायद बुरा समय आता ही अच्छे लोगों से मिलवाने के लिए है,इसलिए बीते दौर के बुरे वक्त में अच्छे लोग भी मिले हैं। जब दुनियां कोरोना से जूझ रही थी तब पुलिस नाकों पर पुलिस कर्मियों के बैठने के लिए 120 प्लास्टिक की कुर्सियां इन्होंने ही भेंट की थी। जज्बे से लबरेज इस व्यक्तित्व को टीम बढ़ता राजस्थान सलाम करती है व इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



डॉ.फरमान अली
( शिक्षा विद् )

रूपक शर्मा

## 2025_015 a बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 1 | 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | |
| 8 | 6 | 3 | | | 2 | 7 | | 4 |
| 5 | | | | | 8 | 2 | | |
| | 8 | 5 | 3 | | | | | |
| | | | | 2 | | 1 | 3 | 5 |
| 3 | 2 | 6 | | 5 | 7 | | | 9 |
| | | 8 | 2 | | 4 | | | 3 |
| 9 | 3 | | | 8 | 1 | | 4 | 7 |
| 4 | | | | 9 | | | 2 | 6 |

**Ans_2025_014**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 9 | 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 3 | 7 | 9 | 5 | 4 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 6 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 2 | 7 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 | 3 |
| 3 | 5 | 8 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 | 4 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 | 5 |
| 8 | 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 6 |
| 7 | 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 4 | 1 | 2 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारस्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

**वृष**
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

**मिथुन**
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

**कर्क**
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

**सिंह**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

**कन्या**
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे। स्नेहीजनों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी।

**तुला**
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

**धनु**
किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

**मकर**
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ**
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

**मीन**
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

### आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

# जनसुनवाईयों में प्राप्त प्रकरणों का समयबद्ध व संतुष्टिपूर्ण निस्तारण करें : शुभम चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा सहित आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में आयोजित हुई।

**खुले बोरवेल व कुओं को ढकने के निर्देश :** जिला कलक्टर ने समस्त एसडीएम एवं विकास अधिकारियों को उनके क्षेत्र में खुले बोरवेल व कुओं को ढकने के निर्देश दिए ताकि जिले में खुले बोरवेल व कुओं से होने वाली घातक दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने सभी उपखण्ड अधिकारियों एवं विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत स्तर से खुले बोरवेलों को बन्द करने के सर्टिफिकेट लेने के निर्देश दिए। आश्रय स्थलों पर हो उचित व्यवस्था- जिला कलक्टर ने संबंधित उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदार एवं नगर निकाय अधिकारियों को जिला मुख्यालय व उपखण्ड स्तर पर संचालित सभी आश्रय स्थलों का निरीक्षण करने एवं सर्दी के मौसम को देखते हुए आश्रय स्थलों पर साफ-सफाई व्यवस्था के साथ-साथ उचित व्यवस्था सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने बैठक में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की समीक्षा करते हुए जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्व, पंचायतीराज तथा चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को सम्पर्क पोर्टल पर प्रकरणों के समयबद्ध व संतुष्टिपूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि ब्लॉक, उपखण्ड एवं जिला स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले प्रकरणों को मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए गम्भीरता ले और प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण करें। जनसुनवाई में एक बार जो



प्रकरण प्राप्त हो उसका तत्काल समाधान करें ताकि उक्त प्रकरण पुनः आगामी जनसुनवाई में नहीं आए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर अनूप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वां, अतिरक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, सहायक कलक्टर रूबी अंसार, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग हरीश चन्द मंगल, अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग भगवान सहाय, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, जिला खेल अधिकारी मीनू सोलंकी, सहायक श्रम आयुक्त शमिता जैन, उप निदेशक आईसीडीएस प्रियंका शर्मा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सच्चा पत्रकार वो होता है जो निर्भिक होकर ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करता है : सागर जी महाराज

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** जैनाचार्य सुन्दर सागर जी महाराज ने कहा है कि आज के समय में सच्चा व ईमानदार पत्रकार वहीं होता है जो बिना दबाव के निर्भिक होकर अपनी लेखनी के माध्यम से वहीं लिखे जो वह देखता है। जैनाचार्य सुन्दर सागर जी महाराज सोमवार को श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर में मालपुरा क्षेत्र के सभी पत्रकारो को आर्शिवाद प्रदान करने के दौरान प्रवचन दे रहे थे। इस मौके पर आचार्य श्री ने कहा कि मीडिया के माध्यम से पत्रकार क्षैत्र, सरकार व अधिकारियो सहित राजनेताओं को भी सही दिशा प्रदान कर सकता है। उन्होने कहा कि कई बार देखने में आता है कि पत्रकार अपनी और अपने परिवार की परवाह किए बना जो सही होता है वो ही सामने रखता है। आचार्य श्री ने पत्रकारो की शंकाओ का समाधान करते हुए पत्रकार की कलम में वह ताकत होती है जो एक सिपाही की गोली व लुहार के हथोड़े में होती है। पत्रकारो का जीवन काफी संघर्षमय होता है। यह सही है कि पत्रकारो को सही लिखने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता है। सच्चाई लिखते समय पत्रकारो पर सत्ता व राजनेताओं का दबाव रहता है। पत्रकारो द्वारा पूछे गए सवालो का जवाब देते हुए आचार्य श्री ने कहा कि प्रयागराज में हो रहे इस शती के सबसे बड़े सनातनी महाकुंभ में अनेक संत आते हैं लेकिन जैन संत केवल वहीं जाते हैं जहां उनको आमन्त्रण दिया जाता है। अपने वैराग्य के बारे में आचार्य श्री ने कहा कि 18 वर्ष की उम्र में जब वे सड़क पर थे तब एक अर्थी जाती हुई देखी। उसी समय विचार आया कि जब इस तरह एक दिन जाना ही है तो जाने को अपने जीवन को बदल कर ही जाने में फायदा है। तब ही उनके मन में वैराग्य आ गया और घर बार छोड़कर जैन संतो के साथ चल दिए। पत्रकारो को सीख देते हुए आचार्य श्री ने कहा कि जो मनुष्य अपने माता पिता की सेवा करता है वह इंसान कभी तनाव में नहीं आ सकता है। पत्रकारा वार्ता के दौरान त्रिलोकचन्द जैन, कृष्णचन्द्र-रामजीलाल विजय, महेन्द्र जैन, आशिष गोयल, जितेन्द्र नरूका, अर्पित पारीक, रवि शर्मा, लेखराज सोनी को जीवन भर ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यो का पालन करने का आर्शिवाद प्रदान किया।

## 29 जनवरी गांव बंद को लेकर किसान महापंचायत की हुई बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( मनीष शर्मा )।** कृषि उपज मंडी निवाई में सोमवार को किसान महा पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष दशरथ सिंह चौहान ने ने बताया कि 29 जनवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट के आह्वान पर टोंक जिले के 1120 गांव बंद होंगे और अपने गांव से कोई भी साधनों में नहीं जाएंगे और किसी को कुछ भी खरीदना है तो वह गांव में ही आएंगे जिससे उन्हें पता चले की देश का पूरा तंत्र गांव पर ही निर्भर है यदि गांव नहीं है तो सब का जीवन दूबर हो जाएगा । विशेष परिस्थिति में ही कोई गांव से बाहर जा पाएगा यह आंदोलन सत्य शांति और अहिंसा के ऊपर आधारित होगा किसी को किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न नहीं की जाएगी। और तहसीलदार के नाम नायक तहसीलदार रामकेश मीणा को ज्ञापन दिया गया जिसमें निवाई तहसील के प्रत्येक ग्राम पंचायत में कितनी बारिश हुई है वह एमएम में बताने का कष्ट करें जिससे कि जिन ग्राम पंचायत को फसल मुआवजा नहीं मिल पा रहा उन्हें भी मुआवजा मिल सके एवं अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई । बैठक में राधा कृष्ण मीना मोहनलाल चौधरी भगवती प्रसाद शर्मा गोविंद चौधरी कमलेश चौधरी रामजीलाल बेरवा गणेश नारायण मीणा गिर्राज देवड़ा रामजीलाल मीणा शंकर लाल मीणा रतन लाल बेरवा बद्री गुर्जर एवं किसान महापंचायत के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## मेगा ब्लाक : जयपुर-सवाई माधोपुर रेल मार्ग पूर्णतः ठप रहा

### ट्रेनें रही रद्द, यात्री हुए परेशान

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जयपुर-सवाईमाधोपुर रेल मार्ग पर रविवार को ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से ठप रहा। इससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्री पूछताछ कार्यालय पर चक्कर काटते नजर आए। रेलवे अधिकारियों के अनुसार जयपुर-सवाईमाधोपुर रेल मार्ग के बीच चौथ का बरवाड़ा रेलवे स्टेशन पर हो रहे फुट ओवरब्रिज के निर्माण के चलते सुबह से शाम तक मेगा ब्लॉक लिया गया था। इसके चलते जयपुर से सवाईमाधोपुर के बीच चलने वाली सभी एक्सप्रेस ट्रेन सवाईमाधोपुर नहीं आई। कई ट्रेनों को दूसरे मार्गों से डायवर्ट किया गया।

#### स्टाल व ट्रॉली संचालक होते रहे परेशान

आमतौर पर एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्री भार अधिक होने के कारण स्थानीय स्टेशन पर संचालित स्टॉल व ट्रॉली संचालक को अच्छी खासी कमाई होती है, लेकिन रविवार को बंद रहने के कारण ट्रेनें नही चली। ट्रॉली संचालक मायूस बैठे नजर आए। स्टॉल संचालक की माने तो ट्रेनों के नहीं आने से उन्हें करीब 8 से 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

#### रेलवे अधिकारी भी नहीं दे पाए स्पष्ट जवाब

ट्रेनों के नहीं आने से रेलवे स्टेशन पर यात्री परेशान नजर आए। यात्री पूछताछ कार्यालय और रेलवे आरपीएफ में ट्रेनों के बारे में जानकारी लेते नजर आए। हालांकि वहां भी किसी प्रकार का संतोषजनक जवाब नहीं मिला। ऐसे में यात्री निराश होकर लौट गए।

#### कई ट्रेनों को किया रद्द

सुबह मेगा ब्लॉक के चलते जयपुर से सवाईमाधोपुर रेल मार्ग के बीच में ट्रेनों का संचालन ठप रहा था। कई ट्रेनों को डायवर्ट किया गया था। इससे यात्रियों को परेशानी हुई।

**लोकेंद्र मीना स्टेशन, स्टेशन अधीक्षक सवाईमाधोपुर**

## फिरौती नहीं देने पर खेत पर काम कर रहे व्यक्ति का अपहरण

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** खण्डार थाना इलाके के अनियाला के माळ में खेत पर कार्य कर रहे एक किसान भगवान उर्फ पेट्रोल मीणा पुत्र रामविलास का शनिवार को जीप व बाइकों पर सवार नकाबपोशों ने पांच लाख की फिरौती नहीं देने पर अपहरण कर लिया। पीड़ित की पत्नी रामघड़ी ने थाने में पति के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें सात जनों को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी है। थानाधिकारी गिर्राज प्रसाद वर्मा के अनुसार प्राथमिकी में बताया कि शनिवार सुबह करीब आठ बजे वह पति के साथ खेत पर पानी देने गए थे। इस दौरान हथियारों से लैस आरोपी प्रकाश पुत्र जग्गा, रमेश, मुकुट पुत्र बद्रीलाल, जुगराज पुत्र सूरजन, जगदीश पुत्र लड्डू मीणा निवासी कुढाणा बहरावण्डा कलां, माखन निवासी कानरदा, मानसिंह निवासी झोपड़ी व अन्य करीब आधा दर्जन अन्य आरोपी नकाब लगाकर जीप व तीन बाइकों पर आए।

# रंग-बिरंगी रोशनी लगाने का कार्य जारी मेले से पहले सज रहा चौथ माता मंदिर

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** समीपवर्ती चौथकाबरवाड़ा कस्बे में स्थित चौथ माता मंदिर में लगने वाला मेला 16 जनवरी से शुरू होगा। इसकी तैयारियों को लेकर हर वर्ग जुटा हुआ है। मेला आने से पहले चौथ माता ट्रस्ट द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए तैयारियां कर रहा है। वहीं माता मंदिर पर रंग बिरंगी रोशनी से सजावट का कार्य भी तेज गति से चल रहा है। इसके साथ ही ट्रस्ट की ओर से साफ सफाई सहित अन्य कार्य किए जा रहे हैं।चौथ माता के मेले में अब 4 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में मेले की तैयारीयों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मेले में सुरक्षा की दृष्टि से बाहर से पुलिस के जवान बड़ी संया में तैनात किए जाएंगे। इसके साथ ही चौथ माता ट्रस्ट की ओर से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। चौथ माता ट्रस्ट कोषाध्यक्ष मोहनलाल सैनी ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से यात्रियों के लिए रैन बसेरा बनाया जाएगा। इसके साथ ही मेले में आने वाले यात्रियों के मनोरंजन को लेकर कवि समेलन का भी आयोजन होगा। मेले को साफ सुथरा एवं स्वच्छता पूर्ण बनाने के लिए कचरा पात्र रखवाए गए हैं।

**सौंदर्यकरण के काम चल रहे हैं तेजी से :** चौथ माता ट्रस्ट की ओर से सौंदर्यकरण के कार्य भी तेजी से किया जा रहे हैं। शिव मंदिर मार्ग पर गार्डन बनाना, चौथ माता सरोवर पर घाट निर्माण के साथ ही सौंदर्यकरण का कार्य करवाना। इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा को लेकर सरोवर पर शौचालय का निर्माण कार्य करवाना तथा यात्रियों के लिए चौथ माता मंदिर जाने के लिए नवीन बाईपास सड़क का निर्माण कार्य करवाना सहित अन्य कार्य



करवाए जा रहे हैं।

# मकर संक्रांति पर्व आज, पतंगों से सजे बाजार, तिल के लड्डुओं और गुड़ के दाम में इजाफा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( मनीष शर्मा )।** मकर संक्रांति का पर्व आज मनाया जाएगा। माघ महीने के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा को मंगलवार के दिन पुनर्वसु नक्षत्र में शुरू होगा। इस दिन सूर्य उत्तरायण में आता है, इसलिए इसे उत्तरायणी भी कहते हैं। शास्त्रों के अनुसार उत्तरायण को देवताओं का दिन यानि सकारात्मकता का प्रतीक भी माना जाता हैं, क्योंकि सूर्य इस दिन से उत्तरायण में प्रवेश होने पर दिन बड़े होने लगते हैं और सूर्य का प्रकाश और प्राण दायनी ऊष्मा चेतना व कार्य वृद्धि को बढ़ाते हैं।

मकर संक्रांति के चलते पतंगों का बाजार सज गया है। इस वर्ष बाजार में विशेष आकर्षण नरेंद्र मोदी, पुष्पा,विराट कोहली, द ग्रेट खली,राहुल गांधी की पतंगे ज्यादा लोकप्रिय हो रही हैं। युवाओं, बच्चों पर पतंगबाजी की खुमारी सर चढ़ कर बोल रही है। बाजार में बच्चों के लिए विशेष रूप से कार्टून और फिल्मी पात्रों वाली पतंगें उपलब्ध हैं. डोरेमोन, मोटू पतलू, शिन-चैन, मिकी माउस, स्पाइडर मैन जैसी पतंगें खास तौर पर



बच्चों के बीच लोकप्रिय हैं. इन आकर्षक पतंगों के कारण बच्चों का उत्साह दोगुना हो गया है।मकर संक्रांति पर दान-पुण्य का विशेष महत्व है। इस दिन तिल, गुड़, कपड़े, अन्न, और धन का दान करना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन दान करने से कई जन्मों के पाप मिट जाते हैं। मकर संक्रांति पर तिल और गुड़ से बनी मिठाइयों का सेवन और वितरण किया जाता है। यह परंपरा न केवल मिठास का प्रतीक है, बल्कि ठंड के मौसम में ऊर्जा प्रदान करने का भी माध्यम है। तिल और गुड़ से बने लड्डू, गजक, और रेवड़ी खाने से शरीर गर्म रहता है। साथ ही यह आपसी प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है।

## नो सूत्री मांगो लेकर पटवारियो ने कार्य बहिष्कार कर दिया धरना

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** राजस्थान पटवार संघ के आव्हान पर क्षेत्र के सभी हल्का पटवारियो ने नो सूत्री मांगो के स्वीकार नहीं होने के विरोध में अपने राज कार्य का बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन दिया। सोमवार को राजस्थान पटवार संघ की मालपुरा शाखा अध्यक्ष शंकरलाल चौधरी के नेतृत्व में कार्य बहिष्कार कर धरना दिया। शाखा अध्यक्ष चौधरी ने बताया कि राजस्थान पटवार संघ की ओर से नो सूत्री मांगो को लेकर कई बार सरकार को अवगत कराया जा चुका है। इन मांगो में मुख्य रूप से सरकार द्वारा गिरदावरी कार्य के लिए सर्वेयर



की नियुक्ति करने का विरोध, बजट घोषणा 2023-24 में 1035 पटवार मंडल एवं भानोत कमेटी में वित्तीय स्वीकृति से शेष पटवार मण्डल एवं भू अभिलेख निरीक्षक वृत की वित्तीय स्वीकृति जारी करने, पटवारियो व भू अभिलेख निरीक्षको के पदौन्नति के बंद लिफाफो के प्रकरणो का निस्तारण करने, रिक्त भू अभिलेख निरीक्षको के पदो को भरने, पटवारियो एवं भू अभिलेख निरीक्षको के कार्यालयो में संसाधन व फर्नीचार उपलब्ध करवाने, नायब तहसीलदार से तहसीलदार पदौन्नति का कोटा बढ़ाए जाने, तहसीलदार पद पर मंत्रालयिक संवर्ग के कोटे का पुर्ननिर्धारण करने, भू प्रबंध आयुक्त द्वारा जारी वरिष्ठता सूची को निरस्त करने तथा हार्ड ड्यूटी व स्टेशनरी भत्तो में बढ़ोतरी करने सहित कुल नो मांगे शामिल है जिनको बार बार सरकार तक पहुंचाने के बाद भी स्वीकृति प्रदान नहीं की जा रही है।

इसके विरोध में पटवारियो ने अनिश्चित काल के लिए कार्य बहिष्कार धरना प्रदर्शन शुरू किया है। प्रदर्शन में मालपुरा क्षैत्र के सभी हल्का पटवारी मौजुद रहे।

## सम्मान समारोह के साथ पांच दिवसीय जम्बूरी का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रागंण में राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला शाखा टोंक के तत्वावधान में आयोजित जम्बूरी के अन्तिम दिन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सोमवार को कार्यक्रम स्थल पर पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह का अआयोज किया गया।

सम्मान समारोह के दौरान पांच दिवसीय जम्बूरी में श्रेष्ठ स्काउट व गाइड सहित इस जिला स्तरीय कार्यक्रम को सफलता के पूण करवाने में दिए प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सहयोगकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस दौरान रघुवीर सिंह, नन्दसिंह गहलोत, राउमावि चांदसेन के प्रधानाचार्य किशनलाल टेलर, प्रभारी अलका पारीक, सहायक कमिश्नर व खंड मुख्य शिक्षा अधिकारी बाबूलाल गुप्ता, स्काउट सीओ गिर्राज प्रसाद गर्ग, गाइड आचू मीणा, गजेन्द्र सिंह चौधरी , मधू पारीक व रमाकान्त पाठक व प्रकाशचन्द पाटनी का प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया।

साथ ही आयोजको ने भाग लेने वाले सभी स्काउटव गाइड, इनके साथ आए प्रभारियो सहित सहयोग प्रदान करने वालो का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया।

# राजस्व संग्रहण में तेजी लाने के निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले के राजस्व अर्जन करने वाले पांच विभागों आबकारी, खनिज, परिवहन, वाणिज्यकर एवं उप पंजीयन विभागों के अधिकारियों की बैठक सोमवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने विभिन्न बिन्दुओं पर जिले की प्रगति की समीक्षा कर समस्त अधिकारियों को अद्यतन सूचनाओं के साथ अर्जित राजस्व बढाने के निर्देश दिए।

उन्होंने अवैध खनन, निगर्मन, भण्डारण के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी विभाग के अधिकारी को विभाग द्वारा प्राप्त किए गए राजस्व के बारे में जानकारी लेकर लंबित चल रहे राजस्व को संबंधितों से समयानुसार वसूलकर राजस्व को जमा करवाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी पीआर मीना को वाहनों की ओडिट समय पर करवाने, वाहनों की चौकिंग बढ़ाकर कर संग्रहण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने खनिज विभाग के अधिकारियों को खनन से संबंधित लंबित प्रकरणों को निस्तारित करने एवं राजस्व प्राप्तियों को राजकीय खजाने में समयानुसार जमा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने वाणिज्यकर विभाग के अधिकारी से जिले में प्रतिवर्ष होने वाली राजस्व आय के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश प्रदान किए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर अनूप सिंह, सहायक वाणिज्य कर अधिकारी, तहसीलदार, सहायक खनिज अभियंता सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## मॉडल स्कूल निवाई में केरियर डे एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई विवेकानंद जयंती



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( मनीष शर्मा )।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई में सोमवार को विवेकानंद जयंती केरियर डे एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई।

प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर तिलक और माल्यार्पण के साथ विवेकानंद जयंती का शुभारंभ हुआ कार्यक्रम में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता स्लोगन प्रतियोगिता प्रेरक सत्रो का आयोजन ,पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया साथ ही धर्म एवं आध्यात्मिकता आधारित विषय पर विनोद कुमार शर्मा डॉ. कमल सिंह कसाना एवं विकास गुर्जर ने अपना-अपना उद्बोधन देकर बच्चों को धर्म एवं आध्यात्मिकता के अनुभव का आभास कराया। प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को अभी से विवेकानंद जी की तरह लक्ष्य और मंजिल तय करने का दृढ़ संकल्प के साथ प्रण लेने के लिए प्रेरित किया गया ।

इस वर्ष विवेकानंद जयंती सप्ताह मनाने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है यह कार्यक्रम 11 जनवरी से 21 जनवरी तक प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियों के साथ आयोजित होगा जिसमें सभी युवा विवेकानंद जी की जीवनी से प्रेरित होकर अपना उज्जवल भविष्य निर्धारित कर सकेंगे। इस अवसर पर विनोद कुमार शर्मा योगेश कुमार शर्मा डॉक्टर कमल सिंह कसाना विकास गुर्जर अंकिता राजावत , रमेश चंद मीणा हनुमान प्रसाद गुर्जर सुदेश बाई सोनू सोनी सुनीता गुर्जर आरती तिवारी दिव्यानी शर्मा पूजा चंदेल शारीरिक शिक्षा का अमित कुमार शर्मा आदि समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा एवं साइबर क्राइम की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** वृत्त क्षेत्र के थाना हरसौरा के थानाधिकारी प्रदीप कुमार यादव ने क्षेत्र के हरदयाल उच्च माध्यमिक विद्यालय धीरपुर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा एवं साइबर क्राइम की जानकारी दी।

यादव ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्टॉफ के सदस्यों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि हम सबको यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट का आवश्यक रूप से उपयोग करना चाहिए। यादव ने कहा कि चौपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट को आवश्यक रूप उपयोग करना चाहिए। यदि थोड़ी सी भी सावधानी हटी तो दुर्घटना होने की अपार संभावनाएं रहती हैं। उपस्थित विद्यार्थियों व स्टॉफ ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा की शपथ ली और साइबर क्राइम से बचने




के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन को सूचना देने की शपथ ली।

# परमात्मा से जुड़ाव ही सच्ची भक्ति का आधार : निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** भक्ति वह अवस्था है, जो जीवन को दिव्यता और आनंद से भर देती है। यह न इच्छाओं का सौदा हैए न स्वार्थ का माध्यम। सच्ची भक्ति का अर्थ है परमात्मा से गहरा जुड़ाव और नि:स्वार्थ प्रेम। यह प्रेरणादायक विचार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने भक्ति पर्व समागम के अवसर पर विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इसी संदर्भ में अलवर में भी सोमनाथ जी की अध्यक्षता में भक्ति पर्व समागम मनाया गया इस अवसर पर सभी भक्तजनों को संबोधित करते हुए सद्गुरु का संदेश देते हुए कहा भक्ति नाम समर्पण का भक्ति में शर्तें नहीं चलती और भक्ति पर्व समागम पर आसपास के जिले से आपार श्रद्धालु भक्त इस दिव्य संत समागम में सम्मिलित हुए और सभी ने सत्संग के माध्यम से आध्यात्मिक आनंद की दिव्य अनुभूति प्राप्त की। समागम के दौरान अनेक वक्ताओंए कवियों और गीतकारों ने विभिन्न विद्याओं के माध्यम से गुरु महिमा और भक्ति का भावपूर्ण वर्णन किया।

सतगुरु माता जी ने भक्ति की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि ब्रह्मज्ञान भक्ति का आधार है। सयह जीवन को उत्सव बना देता है। भक्ति का वास्तविक स्वरूप दिखावे से परे और स्वार्थ व लालच से मुक्त होना चाहिए। जैसे दूध में नींबू डालने से वह फट जाता हैए वैसे ही भक्ति में लालच और स्वार्थ हो तो वह अपनी पवित्रता खो देती है। सतगुरु माता जी ने उदाहरण देते हुए कहा कि भगवान हनुमान जीए मीराबाई और बुद्ध भगवान का भक्ति स्वरूप भले ही अलग थाए लेकिन उनका मर्म एक ही था.परमात्मा से अटूट जुड़ाव। भक्ति सेवा, सुमिरन, सत्संग और गान जैसे अनेक रूपों में हो सकती है, लेकिन उसमें नि:स्वार्थ प्रेम और समर्पण का भाव होना चाहिए। गृहस्थ जीवन में भी भक्ति संभव हैए यदि हर कार्य में परमात्मा का आभास हो। सतगुरु माता जी ने माता सविंदर जी और राजमाता जी के जीवन को भक्ति और समर्पण का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि इन विभूतियों का जीवन भक्ति और सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण है। निरंकारी मिशन का मूल सिद्धांत यही है कि भक्ति परमात्मा के तत्व को जानकर ही सार्थक रूप ले सकती है।



# साइबर सुरक्षा एवं वाणिज्य यौन शोषण के शिकार पर दी कानूनी जानकारी



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर एवं तालुका विधिक सेवा समिति लक्ष्मणगढ़ अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश गोपाल सैनी के निर्देश पर पंचायत समिति गोविंदगढ़ कि ग्राम पंचायत नसवारी व भारतीयम विज्ञान उच्च माध्यमिक विद्यालय गोविंदगढ़ में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। पीएलवी अनिल कुमार ने बताया कि नालसा ;तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण के शिकार, योजनाए 2015 से संबंधित कानूनी जानकारी एवं बच्चे इंटरनेट पर सुरक्षित रहें अपनी गोपनीयता की रक्षा के लिए सोशल मीडिया साइटों की प्राइवेसी का इस्तेमाल करें एवं अभिभावकों एवं माता.पिता की देखरेख में सोशल मीडिया का इस्तेमाल करें । साइबर सुरक्षा के विषय में भी जागरूक किया। बच्चों को व्यक्तिगत शारीरिक सुरक्षा भावनाओं सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श निजी अंगों के विषय मेंएराज एवं आश्चर्य सहमति तथा सम्मानित संबंधों के बारे में सीखने सक्षम बनाने पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान पीएलवी अनिल कुमारए रोजगार सहायक संतराम जाट, विद्या, निशा,रजत गेरा,हरिमोहन शर्मा, महेंद्र खंडेलवाल,नौशाद, सुरेश, विकास, मनीषा, लोकेंद्र,दिव्यांशी, ध्रुव परासर आदि मौजूद रहे।

सामाजिक सरोकार में एक ओर कदम

# रोटरी क्लब ने स्कूली बच्चों को बांटी जर्सी और ऊनी टोपी व स्वच्छता के लिए किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार किसी का दर्द मिल सके तो ले उधार किसी के वास्ते हो तेरे दिल में प्यार जीना इसी का नाम है..इस गाने को चरितार्थ किया है रोटरी क्लब ऑफ अलवर ने जहां शीत लहर से प्रभावित स्कूली बच्चों को जैसे ही गर्म जर्सी मिली और ऊनी टोपी पहनी उनके चेहरे खिल उठे। स्कूल की इतिहास की व्याख्यता श्रीमति विजयलक्ष्मी इस पुनित कार्य की प्रेरक बनी उन्होंने रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष नीरज जैन से इस संर्दभ में निवेदन किया कि शहर की स्कूलों में तो बच्चों को जर्सी मिल जाती है लेकिन ग्रामीण स्तर के स्कूलों के बच्चों को मिल नहीं पाती, ऐसे में रोटरी क्लब आगे आया। रोटरी क्लब अलवर ने वाश इन स्कूल के अवसर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की जानकारी के साथ जर्सी का वितरण किया। रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट-3053 के पेन प्रोजेक्ट वाश इन स्कूल के तहत राजकीय महात्मा गांधी स्कूल, खेरली सैयद गांव में बच्चों को स्वच्छता का संदेश देते हुए जर्सी का वितरण किया। रोटव विकास गुप्ता (होपवैल)



ने बताया कि स्वच्छता सभी के जीवन में बहुत जरूरी है। संक्रामक बीमारियों से बचाव हेतु बच्चों को जागरूक किया। रोट. अमित छाबड़ा ने बच्चों को मोबाइल को पढ़ाई के लिए ही यूज करना चाहिए एवं पॉल्यूशन को दूर करने के लिए अपने घर से कपड़े का थैला ले जाना चाहिए और प्लास्टिक थैली का नहीं करना चाहिए शिक्षा देकर प्रेरित किया। अध्यक्ष दीपक कट्टा ने स्कूल के बच्चों को बताया कि आप सभी देश के भविष्य है आपकी मेहनत और आपकी सफ्लता न केवल आपके परिवार बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा बन सकती है।अंत में स्कूल के प्रिन्सिपल एवं अध्यापक गण को धन्यवाद दिया। इसके साथ-साथ स्कूल में 112 जर्सी का वितरण किया गया और अमित छाबड़ा जी की तरफसे बच्चों को गर्म टोपे उपलब्ध कराये गये। इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब अलवर के अध्यक्ष दीपक कट्टा, सचिव मुकुंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष बीड़ी अग्रवाल,अमित छाबड़ा, विकास गुप्ता (होपवैल)उपस्थित रहे। जानकारी अध्यक्ष दीपक कट्टा ने दी।

# भ्रष्ट्राचार रूपी धरती में जमीदोंज हुआ डम्फर

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** अलवर जिले में नेशनल हाईवे 248। पर एक बड़ा हादसा हो गया। हनुमान सर्किल से 500 मीटर आगे डस्ट से भरा एक डंपर सड़क के नीचे धंस गयाए जिससे 25 फीट गहरा और चौड़ा गड्ढा बन गया। हादसे के दौरान डंपर का अगला हिस्सा ऊपर रह गया, जबकि पिछला हिस्सा पूरी तरह गड्ढे में समा गया। इस घटना में ड्राइवर सुरक्षित बच गया, लेकिन यह हादसा हाईवे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़ा कर रहा है। हाईवे को ढाई साल पहले 118 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया, जिसके चलते यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यह हादसा किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता था, लेकिन किस्मत से कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और प्रशासन को सूचना दी। प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। हालांकि, गड्ढे के कारण हाईवे पर यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया है। प्रशासन ने हादसे के लिए जिम्मेदार ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है।

# युवाओं को मानसिक विकास की ओर ध्यान देना आवश्यक

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** प्रतीक वह व्यक्ति युवा है जो अपने कार्य में थकान महसूस नहीं करता तथा ऊर्जावान है आज के युवा के सामने कई चुनौतियां हैं आज के युवा को अपने शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास की तरफ ध्यान देना आवश्यक है क्योंकि यह तकनीकी योग है यह कहना है कृषि महाविद्यालय के दिन डॉक्टर उदयभान सिंह का डॉक्टर उदयभान सिंह राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे डॉक्टर सिंह ने कहा कि बाजार से नियंत्रित अर्थव्यवस्था के युग में सामाजिक रिश्ते छिन्न भिन्न हो रहे हैं । युवा अपने आप को अकेला महसूस कर रहा है। अन्य वक्ताओं ने अपने उदबोधन में कहा कि बढ़ते आर्थिक युग के कारण भी युवाओं में मानसिक तनाव है युवाओं को आधुनिक युग के अनुसार अपने आप को डालना होगा उसे तकनीकी रूप से सशक्त होना होगा युवाओं को अपने जीवनसाथी को समान अधिकार और सम्मान देने की सोच विकसित करनी होगी आधुनिक युग में युवाओं को अधिक जोखिम उठाने की क्षमता विकसित करनी चाहिए हर युवा को क्रांतिकारी होना चाहिए युवा बदलाव लाने की क्षमता रखते हैं युवा में मेहनत करने की क्षमता होती है अपनी ऊर्जा का सदुपयोग करें इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद का जीवन परिचय प्रस्तुत किया समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# नारायण सेवा संस्थान शाखा अलवर द्वारा मकर संक्रान्ति दान-पुण्य महापर्व पर शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नारायण सेवा संस्थान शाखा अलवर' द्वारा हर वर्ष की भांति मकर संक्रांति को दान-पुण्य के महापर्व' पर शिविर आयोजित किया जाएगा। नारायण सेवा संस्थान उदयपुर' द्वारा. दिव्यांगजनों के नि:शुल्क ऑपरेशन एवं असहाय व गरीब लोगों के नि:शुल्क. हार्ट के ऑपरेशन' एवं गम्भीर बिमारी का नि:शुल्क इलाज एवं अंगविहीन भाई- बहन जिन्होंने अपने अंग किसी दुर्घटना में खो दिए हैं उन्हें. नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रदान करने जैसे पुनीत कार्य में सहायतार्थ. मकर संक्रांति को दान-पुण्य के महापर्व पर भामाशाह एवं दानदाताओं द्वारा संस्थान को सहयोग हेतु दान संग्रह शिविर 14 जनवरी मंगलवार को प्रात 9 बजे से शाम 6 बजे तक अलवर में होप सर्कस पर लगाया जायेगा। शिविर में सभी भामाशाह एवं दान दाताओं का सम्मान किया जाएगा। एवं दिव्यांगजनों का नि:शुल्क ऑपरेशन एवं गरीब हार्ट पेशेंट का नि: शुल्क हार्ट का ऑपरेशन एवं असहाय लोग जो गंभीर बीमारियों से पीडित अपना इलाज करवाने मे सक्षम नहीं है। उनकी मदद के लिए एवं अंगविहीन जनों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग हेतु रजिस्ट्रेशन किए जाएंगे। ये जानकारी शाखा प्रमुख आर एस वर्मा ने दी।

# दुबई अंतरराष्ट्रीय सममेलन में प्रो.मधुबाला मीना सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अबू धाबी विश्वविद्यालय, दुबई तथा साहित्य संचय शोध संस्थान फाउंडेशन दिल्ली की ओर से दुबई में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में गौरी देवी राजकीय महिला महाविद्यालयए अलवर के संस्कृत विभाग की प्रोफेसर मधु बाला मीना को साहित्य क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मीणा ने इसमें वक्ता के रूप में भाग लिया।

साहित्य संचय शोध संवाद फाउंडेशन की राजस्थान प्रांत की सचिव प्रोफेसर मधुबाला मीना इससे पूर्व थाईलैंड, इंडोनेशिया तथा वियतनाम में आयोजित अंतराष्ट्रीय सममेलनों में भाग ले चुकी है। हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस सममेलन में अबू धाबी विश्वविद्यालय, दुबई कैंपस के डायरेकटर डॉ.अन्नास नजद्दानी ए डॉ.श्रीठी नैयर डीन ऑफ अबू धाबी विश्वविद्यालय, प्रो० फ्यूजीया जबीन, आलोक शर्मा, संस्थापक, वागीश अंतर्राष्ट्रीय




संस्था डॉ.आरती लोकेश भी थे। प्रोफेसर मीना को हिंदी साहित्य एवं भारतीय संस्कृति के प्रचार. प्रसार करने के लिए सममान से नवाजा गया । इनकी 2 पुस्तको ण्वैश्विक परिदृश्य में हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति तथा वैश्विक पटल पर भारतीय संस्कृति का विमोचन भी किया गया। इस सममेलन में भारत, यूएई, ओमान, आदि देशों से लगभग 200 विद्वानों ने शिरकत की । मधुबाला मीणा साहित्य के साथ समाज सेवा भी जुड़ी हुई हैं। मधुबाला मीणा का कहना है कि भारत के विकास में हिंदी का योगदान कम नहीं है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भी हिंदी अपना महत्व निभा रही है।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सह संस्थापक का मनाया पुण्य स्मृति दिवस

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय् )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उप सेवा केंद्र भुसावर में संस्था के सह संस्थापक पिता श्री ब्रह्मा बाबा का 56वा पुण्य स्मृति दिवस ब्र कु गीता बहन की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम में सभी भाई बहनों को आत्म स्मृति का तिलक देकर स्वागत किया परमात्मा के महा वाक्य सुनाए गए एवं परमात्मा को भोग स्वीकार किया गया । ब्र. कु. गीता बहन ने ब्रह्मा बाबा की विशेषताओ पर प्रकाश डालते हुए कहा की ब्रह्मा बाबा एक बल एक भरोसे के आधार पर चलते रहे उन्होंने अपने जीवन में अनेक विघ्नों का सामना किया। ईश्वर पर संपूर्ण निश्चय के आधार पर ही कर्मातीत अवस्था को प्राप्त किया। ब्र कु संस्कृति बहन ने ब्रह्मा बाबा के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा का लौकिक नाम दादा लेखराज था एवं हीरे जवाहरात के व्यापारी थे लेकिन जैसे ही परमात्मा की प्रवेशता उनके तन में हुई उन्होंने सब कुछ ईश्वरीय सेवा में अर्पित कर दिया। इनका स्मृति दिवस विश्व शांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। सभी भाई बहनों ने ब्रह्मा बाबा को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं बाबा की विशेषताओ को जीवन में धारण करने का संकल्प किया।

# बौद्धिक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिये अपने टेलैन्ट

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार स्थानीय श्री जगन्नाथ पहाड़िया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भुसावर में छात्र-छात्राओं की बौद्धिक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिता 2024- 25 का ब्लॉक स्तरीय आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी, एकल गायन, आशु भाषण, पोस्ट एवं निबंध प्रतियोगिता में अपना टैलेंट दिखाकर स्थान बनाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य के अनुसार प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में मेघश्याम एवं प्रियांशु प्रेम पब्लिक स्कूल प्रथम, मनीष सैनी एवं डोली राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वितीय एवं मनीष चौबे व अभिषेक स्थानीय विद्यालय भुसावर तृतीय रहे। एकल गायन प्रतियोगिता में काजल प्रजापत स्थानीय विद्यालय प्रथम, ज्योति प्रजापत बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय भुसावर द्वितीय ,आशु भाषण प्रतियोगिता में मनीषा सैनी बालिका उच्च माध्यमिक



विद्यालय प्रथम ,जय शर्मा प्रेम पब्लिक स्कूल द्वितीय, रमाकांत स्थानीय विद्यालय तृतीया, पोस्टर प्रतियोगिता में कृष्णा जांगिड़ प्रेम पब्लिक स्कूल प्रथम ,साधना स्थानीय विद्यालय द्वितीय, कोमल बालिका विद्यालय भुसावर तृतीया एवं निबंध प्रतियोगिता में जागृति पाण्डेय् प्रेम पब्लिक स्कूल प्रथम, मोहित प्रजापत स्थानीय विद्यालय द्वितीय एवं सानू बालिका विद्यालय तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता संयोजक दशरथ शर्मा ने बताया कि सभी प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे । प्रतियोगिता में मदन मोहन, राजवीर, अनुपम गर्ग,,विमलेश सैनी ,हुकुमचंद, रवि भारद्वाज ,पवन पाण्डेय् सहित विषय विशेषज्ञ निर्णायक रहे । प्रतियोगिता रोशन लाल पहाड़िया उपप्राचार्य के निर्देशन में दशरथ शर्मा के संयोजन में संपन्न हुई।

# बाबा जाहरवीर मंदिर पर फूलबंगला व पौषबड़ा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** बाबा जाहरवीर मंदिर कुम्हेर गेट भरतपुर पर गोगाजी जागरण ग्रुप द्वारा पौषबड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । ग्रुप के मीडिया प्रभारी रोबिन शर्मा ने बताया कि बाबा जाहरवीर मंदिर में फूलबंगला झांकी सजाई गई ।उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत दीक्षित ने बताया कि इस अवसर पर बाबा की विशेष आराधना की गई व बाबा जाहरवीर को 201 किलो के विभिन्न औषधीय मसालों से युक्त बड़े व मीठे गुलगुलों का भोग लगाकर राहगीर व भक्तों में प्रसादी का वितरण किया गया । इस अवसर पर भक्त केशव ,राजेंद्र , नरेश , बी पी चिकसाना ,लव सैनी ,सोनू , हेमा खंडेलवाल, ऋतु ,चारु , शिवानी , रिंकी आदि उपस्थित थे । अंत में ग्रुप के कोषाध्यक्ष अनिल कोठारी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया ।

# ताश पत्ती पर पैसे से जुआ खेलते 5 गिरफ्तार


बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भुसावर थाना पुलिस ने ताश पत्तों पर सरे आम पैसों से दाव लगाते पांच जनों को गिरफ्तार किया है भुसावर थाना अधिकारी सुनील कुमार गुप्ता द्वारा टीम का गठन कर अवैध कारोबार में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत सहायक उप निरीक्षक ओम प्रकाश के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा वैर रो ड के सार्वजनिक स्थल पीडब्ल्यूडी ऑफिस के पास ताश पत्तों से जुआ खेलते हुए पवन कुमार पुत्र संपतराम जाती मीणा निवासी मुंडयारा, यादराम पुत्र रेवती प्रसाद खाती निवासी जुलाहपाड़ा, स्वरूप पुत्र मूलचंद जाति माली निवासी मुंण्डयारा कस्बा भुसावर,,चंदर पुत्र गोवर्धन जाति खाती निवासी जुलपाड़ा ,राजेंद्र पुत्र मोतीराम जाति खाती जुलाहपाड़ा कस्बा भुसावर को गिरफ्तार कर 1460 रुपए के साथ ताश के 52 पत्ते जप्त कर पांचो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

# नदबई शहर मंडल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय ने विधायक जगत सिंह का जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

**नदबई/ भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नदबई शहर के मंडल अध्यक्ष की नवीन जिम्मेदारी मिलने पर मण्डल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय के नेतृत्व में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने नदबई के लोकप्रिय विधायक कुंवर जगत सिंह जी का माला, साफा एवं तस्वीर भेंट कर आभार व्यक्त किया। क्षेत्र के विकाश कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की। नदबई शहर में जिला चिकित्सालय की भूमि आवंटन की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी, एवं नदबई विधायक कुंवर जगत सिंह जी का आभार व्यक्त किया। विधायक जगत सिंह जी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को मजबूती के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अशोक उपाध्याय, पूर्व पार्षद हरिशंकर लाई भईया, रघुनंदन शर्मा, विष्णुदत्त आदि लोग मौजूद रहे।



# धीरज पाण्डेय् के भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष नियुक्ति पर सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले में की गई मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति में स्थानीय नगर पालिका के उपाध्यक्ष धीरज पांडे को भुसावर मंडल अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर नगर पालिका भुसावर अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनीता प्रकाश जाटव द्वारा माला साफ़ पहनाकर सम्मान किया! इस अवसर पर प्रकाश जाटव ,राजेंद्र सैनी राजन पाराशर ,दुर्गेश बुटोलिया ,निक्की पाण्डेय ,कुलदीप शर्मा, पुनीत पाण्डेय, भूपेश पाण्डेय ,सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कायस्थ महाकुम्भ की सिने संध्या में बॉलीवुड गायक अनिल श्रीवास्तव ने देर रात तक बांधा समां

## परिचय सम्मेलन में युवक-युवतियों ने बढ़-चढ़कर की शिरकत, मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के अलावा कई अन्य गणमान्य लोग भी रहे मौजूद

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कायस्थ समाज कोटा की ओर से स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार, 12 जनवरी को आयोजित किए गए कायस्थ महाकुम्भ में युवक-युवती परिचय सम्मेलन के अलावा संगत-पंगत, सिने संध्या, नाटक तथा कायस्थ विभूतियों व भामाशाहों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सुबह से शुरू होकर ये कार्यक्रम देर रात तक जारी रहे।

महासभा के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष एवं संगत-पंगत के राजस्थान संयोजक कुलदीप माथुर ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षा एवं पंचायत राज्य मंत्री मदन दिलावर थे। इनके अलावा पूर्व प्राचार्य, कोटा मेडिकल कॉलेज डॉ. विजय सरदाना, निदेशक एलन करियर इंस्टीट्यूट डॉ. गोविन्द माहेश्वरी, पूर्व सांसद व संगत-पंगत के राष्ट्रीय सह-संयोजक आलोक संजर व मनोज श्रीवास्तव अतिथि रहे।

**मुख्य अतिथि दिलावर ने युवक-युवती परिचय सम्मेलन को सराहा :** प्रदेश अध्यक्ष माथुर ने बताया कि प्रारम्भ में कायस्थ समाज के पदाधिकारियों ने मंत्री मदन दिलावर का 21 किलो के फूलों की माला से अभिनंदन किया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कायस्थ समाज को युवक-युवती परिचय सम्मेलन के आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम होते रहना चाहिए। कई बार सुयोग्य वर-वधू ढूंढने में बाधा आती है। ऐसे सम्मेलनों से बिना भाग दौड के जीवन साथी मिल जाते हैं। मंत्री दिलावर ने इसी के साथ दहेज प्रथा बंद करने की आवश्यकता भी जताई। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश भी डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की आवश्यकता बताई। दिलावर ने कहा कि हमें अपनी मंजिल तक पहुंचने तक रुकना नहीं चाहिए।



### बॉलीवुड गायक अनिल श्रीवास्तव की प्रस्तुतियों पर सब झूमे

युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नितिन नरेश भटनागर ने बताया कि कार्यक्रम में 'के फोर किशोर' के नाम से मशहूर बॉलीवुड गायक अनिल श्रीवास्तव ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। श्रीवास्तव ने खई के पान बनारस वाला., बचना ए हसीनों लो मैं आ गया., एक हसीना थी., मेरे नैना सावन भादो, ढोली थारो ढोल बाजे., यम्मा यमा., ये देश है वीर जवानों का., रंग बरसे भीगे चुनर वाली., मुसाफिर हूं यारों....जैसे मशहूर नग्मे पेश किए। इनकी प्रत्येक प्रस्तुति पर तालियों से जोरदार दाद मिली। बॉलीवुड नाइट में कोटा मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. विजय सरदाना ने भी प्यार दिवाना होता है जैसे तरानों से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। खूब तालियां बजीं।

**भामाशाहों व विभूतियों को किया सम्मानित :** महासभा के कोषाध्यक्ष राहुल कुलश्रेष्ठ ने बताया कि भामाशाह व कायस्थ विभूति सम्मान में रविन्द्र माथुर, पीबी सक्सेना, ओपी माथुर, विनय दलेला, विशाल श्रीवास्तव, पंकज निगम, हृदेश सक्सेना, अनिता माथुर, विजय कुमार सक्सेना, राममोहन मित्रा, मनोज श्रीवास्तव, नीरज कुलश्रेष्ठ, विनोद सक्सेना, डॉ. शिल्पा माथुर, सपना भटनागर, शिखा कुलश्रेष्ठ, डॉ. अमित सक्सेना, राज सक्सेना, महेश श्रीवास्तव, पंकज जौहरी, डॉ. प्रेरणा सक्सेना, अवनीश कुलश्रेष्ठ, भूपेन्द्र माथुर को सम्मानित किया गया।




# भारतीय जैन संघटना ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष मे बीजेएस ने सामाजिक सरोकार के प्रकल्पों को गति प्रदान कर सोमवार को शहर के विकासनगर स्थित पार्क मे राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया। महामंत्री नरोत्तम जैन व कार्यक्रम संयोजक महेश पिंकी जैन ने बताया की युवा प्रतिभाओं को आगे लाने के लिये बूंदी बीजेएस ने बिजनेस सम्बंधित कैरियर पेंटिंग कोम्पीटीशन राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित की प्रतियोगिता में 15-35 वर्ष के युवाओ और महिलाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का सुभारम्भ णमोकार महामंत्र के जाप के साथ हुवा इसके बाद बघेरवाल संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र हरसोरा रोटरी क्लब के अध्यक्ष महेश पाटोदी, पार्षद प्रेमप्रकाश एवरग्रीन, पार्षद शांति सोनी,पार्षद रविशंकर गौतम, प्रदेश सदस्य आदित्य भंडारी,अनीता हरसोरा,यूथ क्लब अध्यक्ष हिमांशु जैन ने स्वामी विवेकानंद की जीवनी पे प्रकाश डाला अध्यक्षता के अध्यक्ष प्रदीप हरसोरा ने की महिला विंग अध्यक्ष सुमन कासलीवाल मंत्री बबिता गंगवाल ने निर्णायक अमीषा जैन, बृजेश कुमार का स्वागत किया।प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान खुशबु कोठारी द्वितीय स्थान मीनाक्षी जैन ने प्राप्त किया । सह संयोजक संजय जैन,रोबिन जैन, पारस छाबड़ा, निखिल कोठारी, सुरेश सेठिया, पदम कासलीवाल, अजित कोटिया प्रधुमन जैन अनीता सबदरा, कनक पाटनी माया टोंग्या, अनीता सेठिया पदम सेठिया, राजीव भण्डारी, पंकज जैन,ओम जी बडज़ातिया, त्रिलोकचंद जैन आशु जैन, विमल जी कटारिया अर्चना कोटिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संचालन प्रकाश महात्मा ने किया।

# कड़ाके की ठंड में नवजात बच्ची को फेंका खुले प्लॉट में, चूहों ने नोचा



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** अजमेर सिविल लाइन इलाके के कुंदन नगर रोड पर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। कड़ाके की ठंड में एक नवजात बच्ची को खुले प्लॉट में फेंक दिया गया, जहां चूहों ने उसे नोचकर घायल कर दिया। बच्ची की चीख सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचित किया। बस ड्राइवर नंदू की सूचना पर पुलिस ने बच्ची को बचाया और जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया।

### बच्ची की गंभीर स्थिति, 40 टांके लगाए गए

बच्ची के शरीर पर गहरे घाव पाए गए, जिनमें से कई घाव चूहों और अन्य जानवरों के काटने से हुए हैं। अस्पताल में डॉक्टरों ने बच्ची का इलाज शुरू किया और उसे आईसीयू में भर्ती किया। स्थिति गंभीर होने के कारण बच्ची को 40 टांके लगाए गए हैं।

### डॉक्टर का बयान

अस्पताल अधीक्षक डॉ. अमित यादव ने बताया, बच्ची की हालत नाजुक है। ब्लड लॉस के साथ शरीर पर गहरे जख्म हैं। उसका इलाज किया जा रहा है।

### पुलिस जांच जारी

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बच्ची के स्वस्थ होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान हेलमेट वितरित किए

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी( विश्वनाथ शर्मा )।** सोमवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह के उपलक्ष में पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा सप्ताह आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक, थानाधिकारी सहित यातायात निरक्षक ने आने जाने वाले वाहन चालकों को यातायात के नियमों की जानकारी दी। सड़क सुरक्षा सप्ताह के पहले दिन बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की समझाइश की।इस दौरान बिना हेलमेट वाहन चालकों को आई एस आई मार्का के 10 हेलमेट भी वितरित किए गए।

# संत निरंकारी भक्ति पर्व मनाया

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी( विश्वनाथ शर्मा )।** शहर के रामलीला मैदान के समीप स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में भक्ति पर्व आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में दूर दूर के क्षेत्र के गांवों से आकर श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस भक्ति पर्व में स्थानीय ब्रांच के मुखी महात्मा महेंद्र ने अपने विचार प्रकट किए। इस दौरान महात्मा ने भक्त और भगवान के बीच के रिश्तों की गहराइयों को समझाया। महात्मा ने बताया कि भक्ति के बीच में दो लोगों का होना जरूरी है एक भक्त और एक भगवान का तथा दोनों को एक दूसरे की पहचान होना भी बहुत जरूरी है, जब तक दोनों को एक दूसरे की पहचान नहीं होंगी तब तक भक्ति नहीं की जा सकती। भगवान को पहचानने के लिए या उनको जानने के लिए किसी माध्यम की आवश्यकता होती है उसे सतगुरु कहते है, यानी कि सतगुरु के बिना भगवान की प्राप्ति नहीं की जा सकती।

# कोटा बूंदी गृह लोकसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे लोकसभा स्पीकर ओम बिरला

**कोटा ( का.स. )।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार से अपने संसदीय क्षेत्र कोटा-बूंदी के 5 दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। वे मंगलवार दोपहर 12 बजे नयापुरा स्थित उम्मेद क्लब ग्राउंड में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, जहाँ 2000 से अधिक महिलाओं को निःशुल्क कम्बल वितरित किए जाएंगे। दोपहर 1 बजे कुन्हाड़ी में महावीर व्यायामशाला द्वारा आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

## मकर संक्रांति के अवसर पर झालावाड़ के घाटोली को मिली नई सौगात

# रामगंजमंडी भोपाल रेल लाइन में 15 किमी का ट्रैक शुरू, प्राकृतिक पर्यावरण और घाटियों के बीच से होकर गुजरा है नया रेल मार्ग

### सैलानियों को रोमांचक यात्रा का होगा अनुभव

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** रामगंजमंडी भोपाल रेल लाइन वर्तमान में कोटा से अकलेरा तक ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। अब इसे बढ़ाकर घाटोली तक किया जाना है, जिसे मकर संक्रांति के दिन मंगलवार को बारां झालावाड़ सांसद दुष्यंत सिंह हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस दौरान रेलवे के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। कोटा रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन का कहना है कि ट्रेन संचालन की स्वीकृति मिल गई है। यह पूरा 15 किलोमीटर का ट्रैक है। वर्तमान में कोटा से अकलेरा तक पैसेंजर ट्रेन चलाई जा रही है, जिसे घाटोली तक भेजा जाएगा।

सांसद दुष्यंत सिंह के प्रतिनिधि और मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के सदस्य धीरज गुप्ता तेज का कहना है कि 14 दिसंबर को घाटोली के लिए ट्रेन सेवा शुरू हो जाएगी, जिसे सांसद दुष्यंत सिंह, मनोहर थाना विधायक गोविंद रानीपुरिया और अंता विधायक कंवर लाल मीणा रवाना करेंगे। बता दें कि अकलेरा से घाटोली के बीच 15 किलोमीटर की दूरी है, जिसमें पहाड़ियां हैं और इन पहाड़ियों के बीच ही रोमांच के साथ यात्री सफर कर सकेंगे। इसमें दो टनल भी हैं. एक टनल 1.23 किलोमीटर की है और दूसरी करीब 600 मीटर लंबी है।

इसके साथ ही चार बड़े मुख्य ब्रिज हैं. दो रेलवे ओवर ब्रिज और 6 अंडरपास हैं वहीं, 10 छोटे ब्रिज हैं. इसके अलावा एक लेवल क्रॉसिंग यानी समपार फाटक भी हैं। साल 2023 जून में इस ट्रैक का इंस्पेक्शन हुआ था. यह घाटोली से भी आगे नया गांव तक हो गया था, लेकिन वर्तमान में ट्रेन का संचालन घाटोली तक ही किया जा रहा है।



# फ्रेंड्स महिला क्लब द्वारा नवजात शिशुओं को गर्म वस्त्र वितरण किये

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** बारां फ्रेंड्स महिला क्लब द्वारा मकर संक्रांति पर्व पर नवजात शिशुओं को गर्म वस्त्र वितरण किए गए । संस्थापिका (अध्यक्ष) सपना गोयल ने बताया बारां सोमवार को मकर संक्रांति के पर शहीद राजमल मीणा चिकित्सालय में नवजात बच्चों को गर्म कपड़े, टोपे, मोजे , हाथ के मोजे,खाद्य सामग्री तिल की मिठाई देकर मकर संक्रांति मनाई । क्लब समय समय पर सामाजिक कार्यों पर अपना योगदान निभा रही है। इस कार्यक्रम में उमा कुशवाह,रुचि जैन, मीना पोरवाल,गायत्री सोनी, अंजना अरोड़ा , अनीता शर्मा बारां, बनवारी लाल मालव, आदि सभी का सहयोग रहा सपना गोयल ने बताया मकर संक्रांति पर दान करने के लाभ मान्यता है कि मकर संक्रांति के दिन वस्तुओं का दान करने से जीवन के सभी कष्ट, दुख-दर्द और परेशानियों से छुटकारा मिल जाता है. जीवन में खुशियांआती हैं. शास्त्रों के अनुसार, इस दिन किया गया दान कभी भी समाप्त नहीं होता है. जानते है किन चीजों का करना चाहिए मकर संक्रांति पर दान, ताकि सूर्य भगवान और शनिदेव का आशीर्वाद मिल सके. वैसे तो आमतौर पर लोग तिल, गुड़, खिचड़ी का ही दान करते हैं, लेकिन आप नीचे बताए गए वस्तुओं का भी दान करके सुख की प्राप्ति कर सकते हैं।



# राजस्थान पटवार संघ लंबित मांगों के निस्तारण के संबंध मे कार्यालय के बाहर किया अनवरत धरना प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** जिले के हिंडोली उपखंड क्षेत्र में तहसील कार्यालय पर राजस्थान पटवार संघ की निम्न मांगे काफी समय से लंबित चल रही है इसके संबंध में राजस्थान पटवार संघ उप शाखा हिंडोली अध्यक्ष मोहन लाल के नेतृत्व में संगठन द्वारा अनवरत धरना प्रदर्शन किया। गिरदावरी ऐप पटवार संघ ज्ञापन क्रमांक 101, 1035 पटवार मंडल एवं भानोत कमेटी में वित्तीय स्वीकृति शेष पटवार मंडल एवं भू अभिलेख निरीक्षक की वित्तीय स्वीकृति, लंबित रिव्यू डीपीसी का आयोजन, 752 नव सृजीत भू अभिलेख निरीक्षक , संसाधन एवं कार्यालय फर्नीचर नायब तहसीलदार व तहसीलदार के पद में कोटे में बढ़ावा पत्रावली में निस्तारण नहीं होने पर पटवार संघ में भारी रोष प्राप्त हैं और पत्रावलियों का निस्तारण नहीं होने से पटवार संघ द्वारा कार्य बहिष्कार कर तहसील कार्यालय के बाहर अनवरत धरना प्रदर्शन किया जा रहा है पटवार संघ के मनीषा महला,रामप्रसाद मीणा,विकाश चौधरी,ओमप्रकाश चोपदार, मीनाक्षी चौधरी आदि धरने पर बैठे ।

# अधिशाषी अधिकारी नरेश राठौर ने संभाली नगर पालिका लाखेरी की बागडोर, भूखंड बेचकर नगर पालिका की बढ़ाएंगे आमदनी : ईओ नरेश राठौर



बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी( विश्वनाथ शर्मा )।** सोमवार को अधिशाषी अधिकारी नरेश राठौर ने नगर पालिका की बागडोर अपने हाथों में ली। स्वायत्त शासन विभाग के आदेशानुसार अधिशाषी अधिकारी नरेश राठौर ने पद भार ग्रहण कर लिया। राठौर के पद भार ग्रहण करते ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं पालिका से जुड़े कार्मिकों की भीड़ राठौर के स्वागत में उमड़ पड़ी। लोगों ने फूल माला पहनाकर, साफा बांधकर मुंह मीठा कराया। इस दौरान सभी ने राठौर को पद भर ग्रहण करने पर बधाई दी। इस दौरान राठौर ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में आमजन से जुड़े कार्य को प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। साथ ही नगर पालिका की वित्तीय स्थिति सुधारने के लिए अप्रूवल कॉलोनी में भूखंड बेचकर पालिका की आमदनी बढ़ाई जाएगी तथा सभी पालिका क्षेत्र के वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जाएंगे ओर विकास कार्य में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

## कोटा के सुल्तानपुर कस्बे में हुआ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का नव वर्ष मिलन समारोह

# आधी रात को भी आवाज देना प्रहलाद गुंजल खड़ा रहेगा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** सुल्तानपुर में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे प्रहलाद गुंजल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई करते हुए एकजुट रहने का आव्हान किया। वही सुल्तानपुर में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता नववर्ष स्नेह मिलन समारोह को कामयाब बताया। कांग्रेस स्नेह मिलन समारोह में मुख्य अतिथि प्रह्लाद गुंजल,पीपल्दा विधायक चेतन पटेल,देहात जिलाध्यक्ष भानु प्रतापसिंह,कार्यक्रम आयोजक यशवंत चौधरी,पूर्व विधायक पूनम गोयल,हेमंत झाला, लोकेश गुंजल,दिलदार अली,राजीव आचार्य,मायाराम मेघवाल,महेंद्र गुर्जर,पार्षद इसरार मो.,आसिफ मिर्ज़ा,अंशु श्रृंगी,सलाम सहित सरपंच,पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य,कांग्रेस पदाधिकारी सहित सेकड़ो कांग्रेसजन मौजूद रहे।



# नाकेबंदी के दौरान धरा गया मादक पदार्थ की तस्करी करने वाला युवक

बढ़ता राजस्थान

**रामगंज मंडी/कोटा (का.स.)।** रामगंजमंडी पुलिस ने रविवार को अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के तहत एक युवक को करीब 1 किलों 59 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आसिफ खान उर्फ कालिया पुत्र अकील उम्र 30 साल निवासी गरीब नवाज कॉलोनी के रूप में हुई है। कोटा ग्रामीण एसपी सुजीत शंकर के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के दौरान, रामगंजमंडी पुलिस टीम ने गश्त करता हुआ आम रोड डामर पक्का रोड ग्राम मण्डा पहुंचा जहा पर नाकाबंदी के दौराने एक व्यक्ति जिसका नाम आसिफ खान उर्फ कालिया पुत्र अकील उम्र 30 साल निवासी गरीब नवाज कॉलोनी को 1 किलों 59 ग्राम गांजे के साथ पकड़ा। पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी में इस्तेमाल की जा रही। अल्टो कार को भी जब्त किया। थानाधिकारी मनोज सिकरवार के अनुसार, आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले की गहन जांच की जा रही है। पुलिस अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है।

# जिला धौलपुर में केंद्रीय मंत्री चौधरी ने लिया जिला अस्पताल का जायजा

## मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सुविधाओं का फीडबैक लिया, बसेड़ी तहसील में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल का निरीक्षण किया

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर धौलपुर पहुंचे। सर्किट हाउस में भाजपा नेताओं और संगठन पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मंत्री ने जिला प्रशासन के साथ बैठक की, मेडिकल कॉलेज और नए जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं का फीडबैक लिया और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। चिकित्सकों की सराहना करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी और सड़क जैसे हर क्षेत्र में सरकार सराहनीय कार्य कर रही है। दो दिवसीय दौरे के दौरान मंत्री ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी अस्पतालों और आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण करेंगे। जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर के अनुसार मंगलवार को वे जनसुनवाई भी कर सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा भी लेंगे और प्रशासन से इस संबंध में फीडबैक लेंगे। वही केंद्रीय जलशक्ति मंत्री का धौलपुर दौरा, खानपुर गांव में स्वागत हुआ।

**मंत्री ने गांव की आंगनबाड़ी पाठशाला पहुंच बच्चो से की बात, ग्राम पंचायत का किया निरीक्षण** : केंद्रीय राज्य मंत्री जल शक्ति मंत्रालय राजभूषण चौधरी सोमवार से दो दिन के धौलपुर दौरे पर हैं। ऐसे में धौलपुर से सरमथुरा जाते समय बाड़ी के खानपुर गांव में जल शक्ति मंत्री राजभूषण चौधरी का खानपुर गांव के लोगों द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच राजेश मीणा ने उन्हें गांव से जुड़ी कई समस्याओं से भी अवगत कराया। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान गांव में चल रही आंगनबाड़ी पाठशाला घड़ी मोहल्ला का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ प्रशासनिक अधिकारी एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर मौजूद रहे। ग्रामीणों से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री राजभूषण चौधरी ने कहा कि किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या हो उसका समाधान किया जाएग। उन्होंने खानपुर गांव में चल रही पेयजल योजना के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने घड़ी मोहल्ला पहुंच आंगनबाड़ी पाठशाला में मौजूद छोटे-छोटे बच्चों से उनके नाम पूछे और उनका हालचाल जाना और खाने-पीने को लेकर केंद्र की कार्यकर्ता से जानकारी ली। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार यह चाहती है कि जो भी जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही है। वह आम जनता तक पहुंचे। योजनाओं का लाभ उन लोगों तक पहुचे जो वास्तव में परेशान है। केंद्रीय राज्य मंत्री का खानपुर ग्राम पंचायत के सरपंच राजेश मीणा और पांच पटेलो द्वारा साफा बांधकर स्वागत किया गया। इस दौरान उनके साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर के साथ जिला परिषद सीईओ, एसडीएम हेमंत सिंह, तहसीलदार और ग्राम पंचायत के ग्रामीण जन मौजूद रहे।



# बयाना के अग्रवाल दंपति को अग्रवाल समाज में मिली अहम जिम्मेदारिया

## विनय अग्रवाल बने अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष, पत्नी मनीषा को मिली महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** कस्बे के कल्याण कॉलोनी निवासी समाजसेवी विनय अग्रवाल और उनकी पत्नी मनीषा अग्रवाल को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन में अहम जिम्मेदारी मिली है। विनय अग्रवाल को प्रदेश उपाध्यक्ष व मनीषा अग्रवाल को जिला अग्रवाल महासभा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। रविवार को भरतपुर में हुए अग्रवाल समाज के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग, उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रविकांत गर्ग, राष्ट्रीय संरक्षक व पूर्व विधायक विजय बंसल व मदन मोहन सिंघल, बयाना विधायक डॉ ऋतु बनावत की मौजूदगी में राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग की सहमति से अग्रवाल दंपती के मनोनयन की घोषणा की गई। विनय अग्रवाल को अग्रवाल सम्मेलन पूर्व राजस्थान का प्रदेश उपाध्यक्ष और उनकी पत्नी मनीषा अग्रवाल को जिला अग्रवाल महासभा की महिला मोर्चा का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

# धनौंरा विद्यालय की मेधावी छात्रा खुशबु शर्मा व पूजा ने विद्यालय का बढ़ाया मान, दोनों मेधावी छात्राओं को मिले टेबलेट

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** राज्य सरकार द्वारा धौलपुर जिले के मेधावी विद्यार्थियों को टेबलेट का वितरण किया गया हैं। सोमवार को जिला शिक्षा विभाग द्वारा धौलपुर जिले में 2023-24 सत्र की 8वीं, 10वीं, प्रवेशिका,12वीं कला, वाणिज्य व विज्ञान सहित वरिष्ठ उपाध्याय के 537 मेधावी विद्यार्थियों को टेबलेट का वितरण किया गया हैं। जिला शिक्षा अधिकारी सुक्खो देवी रावत ने बताया कि- राज्य सरकार द्वारा 2023-24 सत्र की मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट बांटे गए हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने आज सोमवार को 8 वीं के 109,10 वीं के 210,प्रवेशिका के एक,12वीं कला वर्ग के 99,विज्ञान वर्ग के 107,वाणिज्य वर्ग के आठ और वरिष्ठ उपाध्याय के तीन विद्यार्थियों को टैबलेट बांटे हैं। शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम में महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय धनौंरा की कक्षा 8वीं और 12वीं की दो छात्राओं खुशबू शर्मा पुत्री राजकुमार शर्मा और पूजा पुत्री राधेश्याम को भी टैबलेट दिए गए हैं।

दोनों छात्राओं ने परीक्षा के दौरान 92 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक ने बताया कि जिले में कुल 537 मेधावी विद्यार्थियों को टेबलेट वितरित किए गए हैं। टेबलेट पाने वाले विद्यार्थियों ने परीक्षा में अच्छे अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया था। वहीं महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय धनौंरा के प्रधानाचार्य राजकुमार उपाध्याय ने बताया कि- राज्य सरकार की योजनानुसार स्थानीय विद्यालय की कक्षा 8वीं एवं 12वीं की दो छात्राओं खुशबु शर्मा पुत्री राजकुमार शर्मा और पूजा पुत्री राधेश्याम को जिला



शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा धौलपुर द्वारा टेबलेट प्रदान किये गए। दोनो छात्राओं ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी-अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। विद्यालय के समस्त स्टाफ ने दोनों छात्राओं को बधाई और शुभकामनाए दी तथा अन्य छात्राओं को इनसे प्रेरित होने के लिए कहा।

# सरमथुरा रोड़ पर जलभराव, समस्या को लेकर नहीं हो रही सुनवाई

## पार्षद अनीता मीणा के नेतृत्व में वार्ड के नागरिको ने दिया ईओ को ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर में नगर पालिका द्वारा शहर के नालों की साफ सफाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। हालात यह है कि शहर के सरमथुरा रोड पर जल भराव की समस्या लगातार बनी हुई है। नाला निर्माण नहीं होने की वजह से पानी कई कॉलोनी में पहुंच रहा है और नागरिक परेशान हो रहे हैं। इसको लेकर सोमवार को वार्ड 12 की पार्षद अनीता मीणा के नेतृत्व में कॉलोनी वासियों ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सोपा है और समस्या के समाधान की मांग की है। ज्ञापन में पार्षद अनीता मीणा पालिका के सफाई निरीक्षक पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

### बरसों पुरानी समस्या,कलेक्टर भी दे चुके आदेश

वार्ड पार्षद अनीता मीणा ने बताया कि यह समस्या एक-दो दिन की नहीं है बल्कि इसको कई साल हो रहे चुके हैं। सरमथुरा रोड पर स्थित कई कॉलोनी के लोग नारकीय जीवन जी रहे है। पानी भरने के पीछे बरसो से अधूरे पड़े नाले का निर्माण नहीं होना कारण है। जिसको लेकर जिला कलेक्टर द्वारा दो दिन पूर्व की गई जनसुनवाई में ठेकेदारी पर जुर्माना करने तक के नगर पालिका ईओ को निर्देश दिए हैं। वहीं दूसरी ओर हालत यह है कि नगर पालिका के सफाई निरीक्षक लोगों की समस्या पर कोई ध्यान नहीं देते हैं। 10 दिन पूर्व उन्होंने पानी भराव को लेकर को सफाई निरीक्षक सीताराम शर्मा को अवगत कराया था। जिसमें वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की थी लेकिन आज तक कोई ध्यान नहीं दिया गया। यहां तक की अध्यक्ष प्रतिनिधि होतम सिंह को भी समस्या से अवगत कराया लेकिन उन्होंने भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इस दौरान वार्ड पार्षद के साथ कॉलोनी के भीमसेन, राकेश, पंकज, महेंद्र सिंह, मनीराम मीना, नवाब,नवल के साथ वार्ड 13 के पार्षद सुरजीत सिंह और अन्य मौजूद रहे।

# एचएमपी वायरस सामान्य रोग, घबराने की आवश्यकता नहीं : डॉ गौरव कपूर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय)।** देश में कुछ राज्यों में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के कुछ केस सामने आए हैं, लेकिन इससे घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार यह वायरस वर्ष 2001 से मौजूद है, लेकिन रोगियों पर इसका प्रभाव सामान्य रहा है। इस वायरस से मौत का कोई मामला और चिंताजनक स्थिति सामने नहीं आई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर ने बताया कि सर्दी के मौसम को देखते हुए बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर रोगों से ग्रसित व्यक्ति सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार आदि होने पर अस्पताल में चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें। उन्होंने बताया कि यह वायरस घातक नहीं है। खांसी-जुकाम जैसे सामान्य लक्षणों के साथ सर्दी के मौसम में आमतौर पर कुछ केस इस वायरस के सामने आते रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के अनुसार एचएमपी वायरस का प्रसार वर्तमान में नगण्य है, लेकिन फिर भी एहतियात के तौर पर चिकित्सा अधिकारियों को सजग एवं सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, जांच, उपचार सहित अन्य आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने को भी कहा गया है।

# बेटियां लक्ष्य निर्धारित कर माता-पिता एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन में खूब पढ़े और आगे बढ़े : मुकेश गर्ग

## पीएम श्री इंग्लिश मीडियम स्कूल शेरपुर में मेंटर : मेंटी संगोष्ठी हुई आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** पीएम श्री महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल शेरपुर में सोमवार को पीएमश्री योजनान्तर्गत बालिकाओं के सशक्तिकरण उनके समक्ष आने बाली चुनौतियों को लेकर कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं के लिए मेंटर - मेंटी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वार्ताकार के रूप में पूर्व शिक्षा उपनिदेशक मुकेश गर्ग मौजूद रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान राजेश शर्मा द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य दिनेश गर्ग व व्याख्याता एवं डीडीओ रघुवर दयाल शर्मा मौजूद रहे। शुरुआत में अतिथियों का स्वागत स्कूल के प्रधानाध्यापक राजेश शर्मा , कंपोनेंट प्रभारी गजेंद्र सिंह व बाल संसद की पदाधिकारी कविता एवं भारती बघेल द्वारा तिलक लगाकर एवं पटका पहनाकर किया गया। मुख्य वार्ताकार एवं रिटायर्ड मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश गर्ग ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने बालिकाओं को अनुशासन के साथ अपने माता-पिता गुरुजनों का सम्मान करते हुए अभी से अपना लक्ष्य निर्धारित कर तथा भय मुक्त होकर आगे बढ़कर अपनी पढ़ाई करने और समाज को नई दिशा देने के लिए प्रेरित किया। पूर्व शिक्षा उपनिदेशक गर्ग ने कहा कि महिलाएं बेटियां परिवार एवं समाज की आधार स्तंभ होती है।पढ़ी-लिखी बालिकाओं से एक नहीं दो-दो परिवारों की तरक्की एवं विकास होता है। डीडीओ व्याख्याता रघुवर दयाल शर्मा ने छात्राओं को कैरियर गाइडेंस एवं कौशल विकास के साथ सुरक्षा एवं जागरूकता के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। सेवा निवृत प्रधानाचार्य दिनेश कुमार गर्ग ने बालिकाओं के समक्ष आने वाली चुनौतियां तथा जेंडर समता को प्रोत्साहन देने के साथ प्रतिस्पर्धात्मक युग में तनाव रहित जीवन के साथ नैतिक मूल्यों को अपनाते हुए कठिन परिश्रम के साथ अपनी शिक्षा पूर्ण करने की नसीहत प्रदान की।



कंपोनेंट प्रभारी अध्यापक गजेंद्र सिंह ने बताया कि शुरुआत में बालिकाओं की जेंडर इक्वलिटी और ग्रुप डिस्कशन बालिका शिक्षा प्रोत्साहन, लैंगिक संवेदनशीलता के लिए अनेक प्रकार की प्रतियोगिता व गतिविधियां करवाई गई।इस मौके पर अध्यापक हरिशंकर शर्मा ,सुरेश कुमार ,शैलेंद्र सिंह, हेमलता पाल, वंदना बघेल सहित एसएमसी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आगामी परिसीमन के दौरान कराये जायें आदेश

# गाँव रारौदा को अलग से बनाया जाये ग्राम पंचायत

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/ भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** बयाना तहसील क्षेत्र के सबसे पुराने राजस्व ग्राम रारौदा को पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम बयाना को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि रारौदा गाँव की सीमायें राजस्व ग्राम श्यामपुरा व राजस्व ग्राम पीपर्स से सटी हुयी हैं। निकटवर्ती ग्राम पंचायत खानखेडा की मौजूदा जनसंख्या 12000 तथा ग्राम पंचायत बागरैन की वर्तमान जनसंख्या 13000 एवं ग्राम पंचायत महरावर की वर्तमान जनसंख्या 11000 है। राजस्व ग्राम श्यामपुरा बागरैन पंचायत मुख्यालय से 10 किलोमीटर की दूरी पर सि्ति है। राजस्व ग्राम रारौदा खानखेडा ग्राम पंचायत मुख्यालय से 9 किलोमीटर की दूरी पर है। तथा राजस्व ग्राम पीपर्स महरावर ग्राम पंचायत गुख्यालय से 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। ग्रामीणों को आवश्यक कामों के लिये ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पहुँचने में



परेशानियों का सामना करना पडता है। जिससे समय व पेसे की बरबादी होती है।राजस्व ग्राम श्यामपुरा की वर्तमान जनसंख्या 1800 व राजरव ग्राम रारौदा की वर्तमान जनसंख्या 1400 व राजस्व ग्राम पीपर्स की वर्तमान जनसंख्या 1500 है। राजस्व ग्राम श्यामपुरा व ाजस्व ग्राम पीपर्रा रारौदा से सिर्फ 1-2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। सरौदा पंचायती राज परिसीमन 2025 के सभी नियम एवं मापदण्डो को पूरा करता है। सोमवार को उक्त तीनों राजस्व ग्रामों रारौदा, पीपर्रा व राजस्व ग्राम श्यामपुरा के सभी वयस्क मतदाता एकत्रित हुये और सर्व सहमति से राजस्व ग्राम रारौदा पर नया पंचायत मुख्यालय बनवाने का संकल्प पारित किया। एसडीएम बयाना को सोमवार को ज्ञापन सौंप ग्रामीणों ने रारौदा गाँव में ही ग्राम पंचायत मुख्यालय स्वीकृत करने की मांग की है। इस दौरान रामस्वरूप, कप्तान सिंह, घनश्याम शर्मा, विजय सिंह, रामरूप, समन्दर सिंह, रामेश्वर, लाखन सिंह, राजेन्द्र, नादान, सुगर सिंह आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# गिरफ्तारी की जरूरत पड़ी तो मैं सबसे आगे हूंगा : मलिक

## पंड़ित रामकिशन तो हमारे नेता



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** आप सिंचाई के पानी और किसानों के सवालों को लेकर आन्दोलन करो अगर आपको जरूरत पड़ेगी तो मैं सबसे पहले यहाँ आकर आपके साथ गिरफ्तारी देने के लिये आऊँगा ।यह कहना है पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का, मलिक सिंचाई पानी के लिये बाणगंगा नदी को गम्भीर से जोड़ने तथा पाँचना बाँध के पानी का बँटबारा करने की माँग को लेकर चलाये जा रहे जनजागरण के तहत रविवार को कस्वा हलैना के निड़र पार्क में आयोजित किसान सभा को संबोधित कर रहे थे?। मलिक ने कहा कि आज किसान दु:खी है उसे खेती में कुछ नहीं मिलता % खेती भी बहुत मंहगी हो गई है और कोई एक नहीं सभी सरकारे किसानों की बात नहीं सुन रही । उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को आन्दोलनरत किसानो से बातचीत करके किसान समस्याओं का हल निकालना चाहिये तथा लाभकारी मूल्य का कानून बनान चाहिये । उन्होंने कहा कि यहाँ के किसानों को भी सिंचाई का पानी मिलना चाहिये । उन्होंने भी सरकार से बाणगंगा नदी को गम्भीर से जोड़ने तथा पाँचना के पानी का बँटबारा करने की माँग की समर्थन किया ।पंड़ित रामकिशन तो हमारे भी नेता है जब हम कार्यकर्त्ता थे तब पंडित रामकिशन डा0 राममनोहर लोहिया के साथ नेता थे । उन्होंने कहा कि पंड़ित रामकिशन जब भी याद करेंगे मैं यहाँ जरूर आऊँगा । सभी किसानों को अपने हित को ध्यान में रखते हुऐ संघर्ष में इनका सहयोग करना चाहिय

# पुरानी मांगों को लेकर बयाना में पटवारियों का धरना प्रदर्शन शुरू

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/ भरतपुर( सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** विधानसभा सत्र नजदीक देख राज्य कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया है। राजस्थान पटवार संघ ने अपनी प्रमुख मांगों को लेकर बयाना में सोमवार से उपखंड कार्यालय परिसर में कार्य बहिष्कार कर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। पटवार संघ के तहसील अध्यक्ष रोहित जांगिड़ के नेतृत्व में राजस्व कर्मियों ने एसडीएम दफ्तर परिसर में डेरा डाल दिया है। राजस्व कर्मियों की प्रमुख मांगों में गिरदावरी एप में आवश्यक संशोधन करने, सर्वेयर नियुक्त नहीं करने, बजट घोषणा के मुताबिक 1035 पटवार मंडलों की वित्तीय स्वीकृति जारी करने, भू अभिलेख निरीक्षक वृत्त की मंजूरी देने और पटवारी से भू-अभिलेख निरीक्षक पद, भू अभिलेख निरीक्षक से नायब तहसीलदार पद पर लंबित रिव्यू डीपीसी को पूरा करना शामिल है। पटवार संघ के अध्यक्ष ने बताया कि इन मांगों को लेकर पहले भी कई बार सरकार और प्रशासन के साथ वार्ता हो चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। राजस्व कर्मियों ने राजस्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव के नाम ज्ञापन सौंप कर मांगों के पूरा नहीं होने तक अनवरत आंदोलन चलाए जाने की चेतावनी दी है। धरने पर पटवार संघ बयाना के तहसील अध्यक्ष रोहित जांगिड़, लेखराज, देवीसिंह गुर्जर, प्रमोद, सचिन, अरविन्द, मोहित शर्मा, टिंकू, घनश्याम ओझा, हरिसिंह, संजय, रामरूप, नीतू, पूनम, अनिल, सीमा, महेंद्रपाल, ओमप्रकाश, हेमलता आदि मौजूद रहे।

# विप्र सेना का जिला स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

## बालिका, महिला एवं शोषित परिवार की मदद के संकल्प के साथ ली शपथ

**भगवान परशुराम जयघोष के साथ जिलेभर के पदाधिकारियों ने लिया भाग, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच जिला कार्यालय का उद्घाटन, ब्राह्मण समाज को व्यापार क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान**

बढ़ता राजस्थान






**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जब तक ब्राह्मण समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े अक्षम, कमजोर, असहाय परिवारों को सक्षम बनाने के लिए मजबूती के साथ प्रयास नहीं होंगे तब तक विप्र सेना के वजूद का कोई महत्व नहीं है। आज के समय में यह बहुत जरूरी हो गया हैं कि ब्राह्मण समाज में जरूरतमंद बालिका, महिला एवं शोषित परिवार की समाज स्तर पर हर संभव मदद की जाए। ये कथन विप्र सेना युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने अजमेर रोड स्थित एक गार्डन में ब्यावर जिला विप्र सेना द्वारा आयोजित जिला स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहे। यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी तरुण दाधीच ने बताया कि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नवीन उपाध्याय ने आर्थिक युग का महत्व बताते हुए ब्राह्मण समाज के परिवारों को व्यापार क्षेत्र में प्रवेश करने और अपने बच्चों को व्यापार की तरफ अग्रसर करने का आह्वान किया। इसी क्रम में महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष पूनम आचार्य ने महिलाओं का आर्थिक रूप से सुदृढ़ व सक्षम बनने की अपील की। इस अवसर पर विप्र सेना राष्ट्रीय प्रमुख पंडित सुनील तिवाड़ी ने वर्चुअल संबोधित कर सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए समाज हित में जुटने का आह्वान किया। मालासेरी आसिंद आश्रम के आचार्य श्रीगोपाल आचार्य ने ब्राह्मण परिवार के बच्चों को संस्कारवान बनाने के साथ वैदिक शिक्षा के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व विप्र सेना ब्यावर जिला कार्यकारिणी के नेतृत्व में ब्यावर, बिजयनगर, जैतारण, बदनोर, मसूदा, निमाज, रायपुर से आए शहर प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, विधि प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, चिकित्सा प्रकोष्ठ समेत अन्य कार्यकारिणियों के पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम के जयघोष के साथ अपने - अपने पद की गोपनियता एवं विप्र सेना के संविधान की पालना करने की सामूहिक शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम के शुरुआत में अतिथियों का माला, साफा व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया और कोर कमेटी के सदस्यों ने जिला प्रभारी संजय पाराशर और मनोज व्यास के सानिध्य में भगवान परशुराम के प्रतीक चिन्ह फरसा बतौर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर विप्र सेना के जिला संरक्षक के बतौर श्रेष्ठ सेवाओं के लिए उन्हें संभाग प्रभारी मनोनीत किया जाने पर प्रदेश पदाधिकारियों, जिला अध्यक्ष मनोज व्यास, प्रदेश सदस्य राजेंद्र शर्मा, शंभू दयाल व्यास आदि ने माला, साँफ़ा पहनाकर परसा भेंट कर स्वागत किया। समारोह के अंत में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र शर्मा ने आभार प्रकट किया। समारोह से पूर्व अजमेर रोड स्थित बजरबट्टू मार्केट में अतिथियों द्वारा विप्र सेना जिला कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। समारोह का संचालन विप्र सेना अजमेर संभाग अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर मंचासीन जिलाध्यक्ष मनोज व्यास, विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुनील कौशिक, ज्वाला प्रसाद उपाध्याय, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ललिता शर्मा समेत कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया।

## साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न, मार्च माह से पहले समस्त विभागीय कार्यालय कबाड़ की करें नीलामी : जिला कलेक्टर

### शहर की साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रखने, संपर्क पोर्टल के लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण सहित दिए अन्य आवश्यक दिशा निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि समस्त विभागीय अधिकारी स्वयं के विभाग में पुराने कबाड़ की नीलामी आगामी मार्च माह से पहले करना सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल की विभागवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि एवरेज डिस्पोजल टाइम कम किया जाए एवं प्रभावी निस्तारण हो। उन्होंने नगर परिषद को शहर की साफ सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रखने, समस्त विभागीय अधिकारियों को आवंटित भूमि के कब्जा लेना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिला कलेक्टर ने चिकित्सा विभाग को ब्लैक थंडर के तहत अनाधिकृत मेडिकल जांच लैब पर कार्रवाई करने, बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए । उन्होंने नगर परिषद को अतिक्रमण के हटाने की कार्रवाई लगातार जारी रखने के निर्देश दिए साथ ही अन्नपूर्णा रसोई की प्रगति की जानकारी ली । जिला कलेक्टर ने समस्त विभाग के अधिकारियों को विभागीय योजनाओं व बजट घोषणाओं की बेहतर व प्रभावित क्रियान्विति के भी निर्देश दिए। इस दौरान उपखंड अधिकारी गौरव बुढ़ानिया, जिला परिषद एसीईओ गोपाल मीणा सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह इस बार पुन : डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी में होगा आयोजित

### जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने किया डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा( नि.स. )।** 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस के अवसर पर उपखण्ड प्रशासन निम्बाहेड़ा एवं नगर पालिका द्वारा आयोजित होने वाला उपखण्ड स्तरीय मुख्य समारोह इस वर्ष से पुनः डाक बंगला रोड़ स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस आयोजन की तैयारियों के संदर्भ में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने जनता मैदान का निरीक्षण किया। सोमवार को उपखण्ड अधिकारी एवं प्रशासक नगर पालिका विकास पंचौली ने गणतंत्र दिवस आयोजन स्थल का निरीक्षण कर नगर पालिका के ईओ एवं जेईएन को इस बार गणतंत्र दिवस को भव्यता के साथ मनाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक अशोक नवलखा, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी अभिषेक शर्मा, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, कनिष्ठ अभियंता एसएन सुथार, स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल के प्रिंसिपल अनिल सोमानी, निजी स्कूल संचालन समिति के अध्यक्ष बालमुकुंद राठी, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष लाला दशोरा, भाजयुमो नगर महामंत्री चिराग मंत्री, अंतरिक्ष साहू आदि मौजूद रहे।

## 19 जनवरी रविवार को निशुल्क भारत के ज्योतिषियों का ज्योतिष महा सम्मेलन का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** भारत के ज्योतिषियों का महा सम्मेलन ,19 जनवरी रविवार को हरियाली रिसोर्ट में आयोजित होगा, आम जनता को निशुल्क ज्योतिष लाभ मिलेगा। ज्योतिष महा सम्मेलन के मीडिया प्रभारी सामाजिक कार्यकर्ता पुरुषोत्तम पारीक ने बताया कि छोटी काशी बूंदी में 19 जनवरी 2025 रविवार को भारत वर्ष के ख्यातनाम ज्योतिषी,टेरो कार्ड, अंक ज्योतिष, रमल शास्त्री महा सम्मेलन में पधारेंगे ,जो बूंदी के आम लोगों को निशुल्क ज्योतिष परामर्श देंगे। यज्ञ सम्राट पं दीन दयाल शास्त्री,पं जगदीश प्रसाद शर्मा संयोजक ज्योतिष महा सम्मेलन, पं ओमप्रकाश शर्मा तलवास अध्यक्ष विश्व ब्राह्मण संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता पं पुरुषोत्तम पारीक,पं अभिषेक गौतम ऋग्वेदाचार्य, पं ? सूरज शर्मा, पं शिव दत्त शास्त्री मौजूद रहे। यज्ञ सम्राट पं दीन दयाल शास्त्री ने बताया कि ज्योतिष एवं कर्म काण्ड के ? क्षेत्र में ख्याति प्राप्त बूंदी के विद्वानों ने ज्योतिषीय भविष्य वाणियों द्वारा राजा महाराजाओं, जन प्रतिनिधियों एवं ? आम जनता को लाभान्वित कर चमत्कृत किया है।

19 जनवरी को देश के प्रमुख ज्योतिषाचार्य विद्वान टेरो कार्ड,अंक ज्योतिष,रमल शास्त्रीय विधाओं पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर पत्र वाचन करेंगे तथा जनता एवं उपस्थित लोगों की ज्योतिषीय समस्याओं पर समाधान करेंगे आचार्य पं जगदीश प्रसाद शर्मा ने इस मौके पर बताया कि कार्यक्रम दिवस पर तीन सत्र आयोजित होंगे जिसमें प्रथम सत्र में ज्योतिष गणना, द्वितीय सत्र में जनता और ज्योतिष तथा तृतीय सत्र में आगंतुक विद्वानों का सम्मान किया जाएगा। पं ओमप्रकाश तलवास नै बताया कि छोटी काशी में यह एक अनूठा कार्यक्रम होने जा रहा है इससे आम जनता को अपनी ज्योतिष संबंधी भ्रांतियों को दूर करनै का स्वर्णिम अवसर प्राप्त हो सकेगा।

## पटवारीयो ने किया कार्य का बहिष्कार, किया धरना प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के गंगधार उपखंड मै राजस्थान पटवार संघ के बैनर तले उपशाखा राजस्थान पटवार संघ गंगधार द्वारा लंबित मांगो को पूरा नही करने के कारण आज से सम्पूर्ण कार्य का बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही पटवार संघ की लंबित मांगो के निस्तारण के लिए शासन सचिव राजस्व विभाग जयपुर के नाम उपखंड अधिकारी गंगधार को ज्ञापन सोपा है।इस दौरान धरना -प्रदर्शन में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन सिंह शेखावत ,पटवारी कृष्ण कुमार योगी ,शोभाराम रेबारी ,शांता कुँवर ,आकाश राज पुरोहित ,रोशनी यादव ,किरण पोरवाल ,सहित अन्य पटवारी साथी उपस्थित रहे।

## केकड़ी क्षेत्र के छोटे से गांव सदारा ने एक बार फिर कायम की रक्तदान की अनूठी मिसाल, 675 यूनिट रक्त संग्रहित

### 361 यूनिट का अपना ही पिछला रिकार्ड ध्वस्त कर बनाया रक्तदान का नया रिकॉड

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी विधानसभा क्षेत्र के छोटे से गांव सदारा में युवा समुदाय के जज्बे ने रविवार को एक बार फिर अनूठी मिसाल कायम कर दी। गत दिनों जयपुर के भांकरोटा में हुए एलपीजी गैस अग्निकांड में दिवंगत सदारा के रक्तवीर युवक गोविन्द सिंह राजावत की स्मृति में गांव में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान-जीवनदान ग्रुप सदारा के तत्वावधान में आयोजित इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का हुजुम उमड़ पड़ा। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में रक्तदान के प्रति ऐसी जागरुकता नजर आई कि, जिसने भी देखा दांतों तले अंगुली दबाने के लिए मजबूर हो गया। शिविर में रक्तदान करने वालों का तांता लग गया और देखते ही देखते गांववालों ने अपना खुद का ही 361 यूनिट रक्त संग्रहण का पिछला रिकार्ड ध्वस्त करते हुए अब की बार 675 यूनिट रक्त एकत्रित कर नया रिकॉर्ड कायम कर दिया। शिविर में रक्तदान करने के लिए महिला, पुरुषों समेत युवाओं की भारी भीड़ उमड़ी। रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को मण्डल की ओर से प्रमाण पत्र एवं उपहार आदि देकर सम्मानित किया गया। शिविर की खास बात यह रही कि शिविर में ग्रुप के सदस्यों व दर्जनों ग्रामीणों सहित स्वर्गीय गोविन्द सिंह राजावत के पूरे परिवार ने भी गम से उबर कर इस पुनीत कार्य में अपनी सेवाएं दी। रक्तदान-जीवनदान ग्रुप के अध्यक्ष व सदारा सरपंच गोविन्द जैन एवं शिविर संयोजक कुशलचन्द जैन ने बताया कि शिविर का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया। शिविर में राजकीय जिला चिकित्सालय केकड़ी, जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय अजमेर, राजकीय जनाना अस्पताल अजमेर, केशव ब्लड बैंक देवली एवं वंदे ब्लड बैंक जयपुर की टीमों ने रक्त संग्रहण का कार्य कुशलतापूर्वक अंजाम दिया।

रक्तवीरों एवं आयोजकों को विधायक शत्रुघ्न गौतम ने दूरभाष से संबोधित करते हुए रक्तदान शिविर की अभूतपूर्व व शानदार सफलता की शुभकामनाएं दी। विधायक के प्रतिनिधि के रूप में उनकी धर्मपत्नी रजनी गौतम शिविर में पहुंची और रक्तवीरों का उत्साहवर्धन किया। शुरुआत में रक्तदान-जीवनदान ग्रुप के संरक्षक अनिल जैन, रामस्वरूप शर्मा व कुशल जैन, सदारा सरपंच व अध्यक्ष गोविन्द जैन, सचिव आशिफ मोहम्मद बागवान सहित अन्य सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। शिविर में कोषाध्यक्ष सुमित वैष्णव, संगठन मंत्री दीपक त्रिपाठी, प्रचार मंत्री रवि चावला, सह सचिव पप्पू कहार, सदस्य माणक जैन, धर्मेश गर्ग, प्रताप कहार, अनिल रेगर, शैतान रेगर, संग्राम गुर्जर, रमेश माली, रामराज कुमावत, महेंद्र बलाई, महेंद्र कहार, घनश्याम नट, हीरानाथ, मनोहर खटीक, शफी मोहम्मद, रामस्वरूप त्रिपाठी, छोटू कहार, रामेश्वर चावला, बोदूलाल गर्ग, धन्ना लाल कहार, मुकेश खटीक आदि अनेक सदस्यों व ग्रामीणों सहित कई सामाजिक संगठनों ने अपनी सेवाएं दी।

## मकर संक्रांति पर चंदन बाला महिला मंडल कपासन ने नन्हे बच्चों में स्वेटर एवं तिल्ली के लड्डुओं का वितरण किया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** मकर संक्रांति के अवसर पर चंदन बाला महिला मण्डल द्वारा जरूरतमंदों में सर्दी से बचाव हेतु कंबल तथा आंगनवाड़ी में अध्ययनरत नन्हे बच्चों में स्वेटर, बिस्किट एवं तिल्ली के लड्डू का वितरण किया गया। चंदन बाला महिला मण्डल कपासन महामंत्री एवं पूर्व नपा पार्षद सुनीता सांवला ने बताया कि मकर संक्रांति पर सोमवार को चंदन बाला महिला मंडल द्वारा क्षेत्र की बस्तीयो में जाकर जरूरतमंद लोगों में सर्दी से बचाव हेतु कंबल तथा नगर क्षैत्र के आंगनवाड़ी केंद्रों पर अध्ययनरत नन्हे विद्यार्थियो में आवश्यकतानुसार सर्दी से बचाव हेतु स्वेटर, बिस्किट एवं मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में तिल्ली के लड्डुओं का वितरण किया गया।

उल्लेखनीय है कि चंदन बाला महिला मंडल कपासन द्वारा मकर संक्रांति पर्व पर दो महिलाओं की गोद भराई की रस्म की गयी।इस दौरान महिला एवं इनके परिजनों में हर्ष बना रहा।इस अवसर पर चंदन बाला महिला मण्डल अध्यक्ष प्रियंका दुग्गड़, कोषाध्यक्ष अंगूरबाला सिरोया,पूर्व चंदन बाला महिला मंडल अध्यक्ष कांता ढीलीवाल,चन्द्रकिरण चण्डालिया ,मंजू दुग्गड़ आदि चंदन महिला मण्डल की सदस्य उपस्थित रही।कार्यक्रम के आयोजन में श्रमण संघ कपासन महामंत्री प्रकाश आंचलिया तथा चंदन बाला महिला मंडल सदस्य द्वारा उपस्थित रहकर पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

## जिला परिषद सदस्य इंद्रा सुमन ने किया नरेगा कार्यो का निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** जिला परिषद सदस्य इंद्रा सुमन ने ग्राम पंचायत मिर्ज़ापुर में चल रहे नरेगा कार्य चारागाह भूमि पर खाई फेंसिंग एवं फलदार वरक्षारोपन कार्य व तालाब खुदाई कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दो मस्ट्रोलो में खाई फेंसिंग व एक मस्टरोल में तालाब खुदाई कार्य किया जा रहा था।मेटो के पास निरीक्षण बुक नही मिली,सभी मजदूरों द्वारा टास्क के अनुसार कार्य किया जा रहा था।सभी मजदूरों द्वारा एक स्वर में काम के बदले मजदूरी बहुत कम दिए जाने शिकायत की गई। बताया गया कि इस भयंकर सर्दी में कोहरे, धुंध के बावजूद टास्क के अनुसार पर्याप्त काम करने के बावजूद सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी के बदले बहुत कम मजदूरी दी जा रही है।

इस पर सदस्या द्वारा उच्च अधिकारियों से बात कर समस्या का समाधान किये जाने की बात की गई।

## 30 वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन के संदर्भ में बारां शहर के पदाधिकारियों को आमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया गया

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** सोमवार को बारां शहर में श्री राम मंदिर में कोटा पंजाबी समाज समिति के अध्यक्ष वीर कुमार वधवा कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र निझावन संयोजक राजेन्द्र बाठला वरिष्ट सदस्य डॉ सुरेश टक्कर कोटा में 23 फरवरी 2025 रविवार लाला लाजपत राय भवन शॉपिंग सेंटर कोटा में 30 वा युवक, युवती परिचय सम्मेलन के संदर्भ में बारां शहर के पदाधिकारियों को आमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया गया एवम् सदस्यों का नवीनिकरन भी किया । युवकों एवम् युवतियों के नाम पंजीकरण कराए गए इस अवसर पर बारां पंजाबी समाज के पूर्व अध्यक्ष पदम पिपलानी, नरेन्द्र बत्रा, महेश अदलक्खा, अध्यक्ष महेन्द्र पिपलानी, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र डंग एवम् वरिष्ट सदस्य सेन कुमार अदलक्खा , दिलबाग अदलक्खा , गौरव बाठला , गुलशन अदलक्खा, सुरेन्द्र शर्मा, सुमित शर्मा आदि सदस्य उपस्थित थे।

## अयोध्या के श्रीराम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर

### केकड़ी के मंदिरों में हुए भक्ति संगीत के कार्यक्रम, सुमधुर भजनों पर झूमे श्रद्धालु, पोष बड़े का लगाया भोग

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर केकड़ी शहर के काजीपुरा बस्ती में युवाओं द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या का शुभारम्भ अतिथि पूजा दीदी किन्नर, गिरधारीलाल सागर, प्रेमचंद कुमावत, पन्नालाल तेली, लालाराम सागर व लादूराम कोली द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। भजन संध्या की शुरूआत भजन गायक संजय अग्रवाल द्वारा गणेश वंदना से की गई। इस मौके पर भजन गायक संजय अग्रवाल द्वारा मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आयेंगे..., ये जो केसरी के लाल, मेरा छोटा सा ये काम, मेरी रामजी से कह देना जय सियाराम..., सांवरियों है सेठ म्हारों, राधाजी सेठाणी है..., तेरा किसने किया श्रृंगार सांवरे..., कीर्तन की है रात बाबा, आज थाने आणों है..., सांवरिया तुमको किसने सजाया तुम्हे सुन्दर से सुन्दर गजरा सजाया है सहित कई भजन प्रस्तुत किए गए। भजन संध्या के दौरान महिला-पुरूषों ने जमकर भक्ति नृत्य किया, जिसमें अतिथि पूजा दीदी किन्नर भी शामिल हुई। भजन संध्या के अंत में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। तत्पश्चात महाआरती कर पोषबड़े का प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान श्रीराम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर खुशी व्यक्त करते हुए जोरदार आतिशबाजी की गई। इस मौके पर गोपाल सागर, महेन्द्र सागर, राजू जेतवाल, अंशु कुमावत, अनिल सागर, विक्रम नायक, सुरेश साहू, मुकेश साहू, जीतू साहू, अजय खटीक, संजय कोली, दिलखुश साहू, दीपक नैना, विकास सागर, रानू सागर, सांवरलाल साहू, मेघराज कुमावत, रमेश कोली, अजय सागर, शनि साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

## श्री विद्यासागर युवा संगठन का हुआ गठन, कमल जैन अध्यक्ष व कल्पेश जैन मंत्री अमित गोधा संगठन मंत्री, सुमित पहाड़िया कोषाध्यक्ष नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर में श्री दिगंबर जैन पंचायती नसिया में सोमवार को श्री विद्यासागर युवा संगठन का गठन श्री दिगंबर जैन पंचायत के अधीनस्थ किया गया। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में गुरु सेवा मानव सेवा के लिए समर्पित सामाजिक संस्था का गठन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष अशोक काला व श्री दिगंबर जैन मारवाड़ी पंचायत के अध्यक्ष पारस कासलीवाल के द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ घनश्याम शास्त्री का मंगलाचरण व आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया व कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रूपचंद कांटीवाल, जम्बू कुमार रांवका ,लादू लाल जैन, प्रकाश गदिया, सुमन धगड़ा, दिनेश अजमेरा, कमल रांवका, राजकुमार पहाड़िया, हरीश जैन, महेश जैन, घनश्याम शास्त्री, चन्द्र प्रकाश गोधा ,वीरकुमार रांवका ,विजय फागीवाला, शशिकांत गदिया, विकल कासलीवाल संजय रांवका, संजय गंगवाल, अतुल पाटनी, संदीप पाटनी, महेन्द्र सोनी, मनोज कासलीवाल, सुनील रांवका की मौजूदगी रही। श्री विद्यासागर युवा संगठन द्वारा अतिथियों का तिलक लगाकर माला पहनाकर साफा पहनाकर स्वागत किया गया। श्री विद्यासागर युवा संगठन व कार्यकारणी गठन किया गया। श्री विद्या सागर युवा संगठन में निर्विरोध अध्यक्ष कमल कुमार जैन को नियुक्त किया व सचिव कल्पेश जैन,संगठन मंत्री अमित जैन गोधा कोषाध्यक्ष सुमित जैन पहाड़िया को नियुक्ति किया गया। समाज के कमल रांवका ने नवनिर्मित अध्यक्ष कमल जैन व मंत्री कल्पेश जैन सहित नवनियुक्त कार्यकारणी व सदस्यों को शपथ ग्रहण कराई नवनिर्मित कार्यकारिणी द्वारा समाज के उत्थान के लिए सहभागिता निभाएंगे।

# एक ही दिन में बदलती दिखी चारभुजा की तस्वीर

- जिला कलक्टर के निर्देश पर चारभुजा में चला विशेष स्वच्छता अभियान
- चारभुजा में चले स्वच्छता अभियान में विभिन्न वर्गों ने दिया सहयोग, उठाई झाड़ू और तगारी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा द्वारा जिले में निरंतर स्वच्छता पर जोर देते हुए की प्रयास किए हैं। माय ऑफिस क्लीन ऑफिस और हर गाँव-नगर में स्वच्छता महा अभियान के माध्यम से जिले में स्वच्छता की दिशा में अभूतपूर्व कार्य हुआ है।

हाल ही में जिला कलक्टर असावा कुंभलगढ़ उपखंड क्षेत्र के दौरे पर थे और इस दौरान उन्होंने चारभुजा ग्राम का भी निरीक्षण किया। गाँव के निरीक्षण के दौरान यहाँ की सफाई व्यवस्था (विशेष तौर पर मंदिर के आस-पास) बेहद असंतोषजनक पाई गई थी और कलक्टर ने उपखंड और पंचायत प्रशासन को अभियान चलाकर इसे सुधारने के निर्देश दिए थे। कलक्टर के निर्देश पर सोमवार को सुबह से शाम तक गाँव के मुख्य द्वार से बस स्टैंड, मंदिर की पार्किंग सहित अन्य इलाकों में विभिन्न वर्गों जैसे व्यापारी, ग्राम पंचायत के सफाईकर्मी, मनरेगा श्रमिक, विद्यार्थी, महिला, पुरुष, कृषक आदि 250 व्यक्ति सड़कों पर आए और सफाई की। ग्राम पंचायत ने दो जेसीबी और दो ट्रेक्टर से विभिन्न क्षेत्र में पुराने लिगसी वेस्ट को हटाया। नतीजा यह हुआ कि जिन इलाकों में स्वच्छता अभियान चलाया वहाँ पुराने ढेर साफ हुए हैं और सुधार आया है। यह अभियान दो दिन और चलेगा माहेश्वरी सेवा सदन से गढ़भोर मार्ग, बस स्टैंड से मुख्य मंदिर मार्ग तक एवं अन्य स्थानों पर सफाई कार्य किया जाएगा।

### प्रशासन ने की निरंतर मॉनिटरिंग

स्वच्छता अभियान के दौरान उपखंड अधिकारी गोविंद सिंह, तहसीलदार पर्वत सिंह, विकास अधिकारी मांगीलाल गुर्जर, सरपंच धर्मचन्द सरगरा, ग्राम विकास अधिकारी मनोहर सिंह मीणा, सुमन सेन ने इसकी मॉनिटरिंग की और जिला कलक्टर को प्रगति से अवगत कराया। कलक्टर ने अभियान के पश्चात स्वच्छता को निरंतर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम चारभुजा में प्रभु श्रीचारभुजानाथ जी का मंदिर स्थित है जो लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है। सफाई व्यवस्था बेहतर होने से अब श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव प्राप्त हो सकेगा।



### स्वच्छता को लेकर गंभीर है प्रशासन

जिला प्रशासन स्वच्छता को लेकर अत्यंत गंभीर है और इसे जिले के समग्र विकास का अभिन्न हिस्सा मानता है। प्रशासन ने स्वच्छता अभियान को प्राथमिकता दी है और इसके लिए विभिन्न उपायों को अपनाया है, जैसे कि सार्वजनिक स्थलों पर सफाई व्यवस्था को मजबूत करना, कचरा निस्तारण की व्यवस्था को सुधारना और स्वच्छता से संबंधित जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करना। इसके साथ ही, जिले के हर क्षेत्र में स्वच्छता निरीक्षण और निगरानी को भी नियमित रूप से बढ़ाया गया है, ताकि स्वच्छता के मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

## थानेश्वर महादेव मंदिर में हुआ पोष बड़ा महोत्सव



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** सैनी समाज के तहसील अध्यक्ष रामावतार सैनी के नेतृत्व में जयपुर रोड स्थित थानेश्वर महादेव मंदिर में पोष बड़ा प्रसादी का आयोजन हुआ। पुजारी नाथूलाल शर्मा ने बताया सोमवार को प्रात: 9 बजे थानेश्वर शिवालय में पंचामृत से स्नान कर वैदिक मंत्र उच्चारण के बाद बालाजी की विशेष झांकी सजाई गई। दोपहर 2 बजे शिवालय में कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान शिव भक्तों द्वारा भगवान बालाजी वैष्णवी भोलेश्वर महादेव का अभिषेक किया गया व पौष बड़ों व सूजी के हलवे का भोग लगाया गया। महाआरती के बाद प्रसादी वितरण की गई। प्रसादी के लिए सैंकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान पूर्व पार्षद रतनदीप गुर्जर, विनोद शर्मा, हंसराज कसाना, मनोज पाटनी, कमल तिवाड़ी, टींकू जमात, दिनेश अग्रवाल, गौरव शर्मा, सिताराम हीरालाल रैगर व गणेश सैनी सहित कई भक्तगण मौजूद थे।

## जिला स्तरीय स्काउट/गाइड अमृत महोत्सव जम्बूरेट प्रतियोगिता रैली 13 फरवरी से

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर के तत्वावधान में 13 से 17 फरवरी, 2025 तक आयोजित होने वाली जिला स्तरीय स्काउट गाइड अमृत महोत्सव जम्बूरेट प्रतियोगिता रैली की पूर्व व्यवस्थाओं के संबंध में सोमवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को जिला स्तरीय स्काउट गाइड अमृत महोत्सव जम्बूरेट प्रतियोगिता रैली के सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बताया कि राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर के तत्वावधान में 13 फरवरी से 17 फरवरी, 2025 तक जिला स्तरीय स्काउट गाइड अमृत महोत्सव जम्बूरेट प्रतियोगिता रैली का आयोजन स्काउट वन आवासन मण्डल सवाई माधोपुर में किया जाएगा।

### बीस सूत्री कार्यक्रम की प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित

## सभी विभागीय अधिकारी कार्य को तत्परता से कार्य करें : शुभम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** बीस सूत्री कार्यक्रम की प्रगति समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में हुई। जिला कलक्टर ने कहा कि कार्यक्रम के तहत आवंटित लक्ष्यों के विरूद्ध शत-प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करने के लिए सभी विभागीय अधिकारी तत्परता से कार्य करें और सभी पात्रों को लाभांवित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन विभागों की रैंकिंग कम है, वे अभी से योजना बनाकर अधिक मेहनत के साथ अपनी रैंकिंग सुधारें। बैठक में जिला कलक्टर ने बीससूत्री कार्यक्रम में जिले के ए श्रेणी



मिलने वाले विभागों की सराहना की एवं आगे भी इसी प्रकार प्रगति लाने के निर्देश दिए। वहीं जिन बिन्दुओं में रैंक बी एवं सी मिली उनमें संबंधित बिन्दुओं के प्रभारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए रैंक बढाने के लिए के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर ने रैंकिंग में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कार्यो के बारे में समीक्षा करते हुए प्रधामंत्री आवास योजना में निर्मित आवासों में विद्युत कनेक्शन करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में पीएचईडी विभाग से जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर मनरेगा के तहत रोजगार सृजन, जॉब कार्ड जारी करने, मानव दिवस सृजित करने, न्यूनतम मजदूरी, खाद्य सुरक्षा, ग्रामीण आवास, पेयजल, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, सामाजिक सुरक्षा, वृद्धों का कल्याण, अनुसूचित जाति-जनजाति परिवारों को सहायता, कृषि कनेक्शन, भू खण्ड आवंटन, छात्रवृश्रि सहित अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा करते हुये समय पर लोगों को लाभान्वित करवाने की बात कहीं। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर अनूप सिंह, अतिरक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग हरीश चन्द मंगल, अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग भगवान सहाय, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, पीएमओं डॉ. अमित गोयल, अतिरिक्त सीएमएचओं डॉ. कैलाश सोनी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्री धेनु गोपाल गौशाला में नई एंबुलेंस का लोकार्पण व गौ चिकित्सालय टिन शेड का कार्य होगा चालू

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद के श्री धेनु गोपाल गौशाला सियाणा में मकर संक्रांति के अवसर पर गौ सेवा के लिए एंबुलेंस का लोकापर्ण किया जाएगा, साथ ही गौ चिकित्सालय के लिए टिन शेड निर्माण के लिए नीव रखी जाएगी, टिन शेड की लंबाई 200 गुणा 90 वर्ग मीटर के शेड राजसमंद युवा गुर्जर महासभा अध्यक्ष गोटू गुर्जर व उनके मित्र मंडली द्वारा नीव रखी जाएगी,द खंडा क्रेजी ट्रक ट्रेलर एसोसिएसन केलवा राजसमंद द्वारा नवीन गौसेवा एम्बुलेंस का लोकार्पण किया जाएगा, मकर संक्रांति के अवसर पर श्री धनु गोपाल गौशाला में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी दान पुण्य के लिए गो भक्तो के द्वारा दान पुण्य किए




जाएंगे, जिसमें तुला दान, सूखा चारा,गुड का दान,अन्न का दान व गौ माता को लापसी से जिमाकर मकर संक्रांति मनाई जाएगीसियाणा में श्री धेनु गोपाल गोशाला देसी गोवंश को बचाने में लगी हुई है। इस गोशाला में गायों के लिए एंबुलेंस है, जो बीमार या दुर्घटनाग्रस्त गायों को गोशाला लाकर इलाज करते हैं। यहां इलाज संभव नहीं हो तो बाहर के गौ चिकित्सालयों तक उपचार करवाने भी ले जाते हैं। इसीलिए गौशाला में बड़ा गो चिकित्सालय नवनिर्माण के लिए मकर संक्रांति पर नीव रखेंगे,मकर संक्रांति के दौरान गौशाला समिति हुआ अन्य गोभक्त उपस्थित रहेंगे।

## हथकढ़ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** निवाई थाना पुलिस ने हथकढ़ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार किए है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि खंडदेवत रोड दादूदयाल आश्रम के पीछे से अवैध हथकढ़ शराब रखने के आरोप में एक आरोपी नासिर पुत्र निसार खान उम्र 24 साल निवासी झिलाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2 लीटर अवैध हथकड़ शराब जप्त की है। वहीं शिवाजी पार्क के पास से आरोपी अशरार खान पुत्र निसार खान उम्र 29 साल निवासी झिलाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से भी 2 लीटर अवैध हथकड़ शराब जप्त की है।

## विकास के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबध्द : रामसहाय वर्मा

### समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने विधायक रामसहाय वर्मा से की चर्चा



बढ़ता राजस्थान


**निवाई ( का.स. )।** गांव निमेहडा के बैरवा समाज के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल समस्याओं को लेकर विधायक रामसहाय वर्मा से चर्चा करते हुए समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाने का आह्वान किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने गांव की समस्याओं को लेकर विधायक से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने विधायक वर्मा से गांव में विकास कार्य करवाने, सडक़, पानी, बिजली और शिक्षा से संबंधित मुद्दों के समाधान की मांग रखी। विधायक रामसहाय वर्मा ने प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को गंभीरता से सुना और शीघ्र समाधान करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और समाज के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

## केकड़ी में निकला आरएसएस का भव्य पथ संचलन सैंकड़ों स्वयंसेवकों ने कदम से कदम मिलाकर किया मार्च

### देशभक्ति, अनुशासन और संगठन शक्ति का अद्भुत प्रदर्शन, शहरवासियों ने जगह-जगह बरसाए फूल

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** देशभक्ति, अनुशासन और संगठन की शक्ति का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए घोष की मधुर धुनों के साथ केकड़ी में रविवार को आरएसएस के सैंकड़ों स्वयंसेवकों ने भव्य पथ संचलन निकाला, जिसमें शहर के प्रमुख मार्गों पर निश्चित गति व पूर्व घोषित निर्धारित समयावधि के साथ स्वयंसेवकों की कदमताल देखते ही बनी। स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में केकड़ी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन रविवार को दोपहर पटेल मैदान से निकाला गया। यह पथ संचलन पटेल मैदान से तेलियान मंदिर, जूनियां गेट, घंटाघर, पुराना हॉस्पिटल, अजमेरी गेट, खिड़की गेट, चारभुजा मंदिर, सूरजपोल गेट, भैरू गेट, सरसड़ी गेट, बस स्टैंड और पुलिस थाने के सामने से होता हुआ वापस पटेल मैदान पर संपन्न हुआ। निर्धारित स्थानों से पथ संचलन गुजरने के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पथ संचलन के मार्ग पर जगह-जगह



पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का भव्य स्वागत किया। पथ संचलन में हर आयु वर्ग के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए। मार्च के दौरान स्वयंसेवक कतारबद्ध होकर चल रहे थे और उनके आगे घोषवादन दल चल रहा था। पथ संचलन के मार्ग से जुड़े चौराहों व नुक्कड़ों पर उत्साह से भरे शहरवासी उमड़ पड़े। हर जगह देशभक्ति के नारों और जयघोष की गूंज सुनाई दी। यह आयोजन न केवल संघ के स्वयंसेवकों के लिए, वरन पूरे शहर के लिए प्रेरणादायी बन गया। शहर के नागरिकों ने पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों के अनुशासन और एकजुटता का अद्भुत प्रदर्शन देखा। पथ संचलन में सबसे आगे देश भक्ति की धुन बजाते बैंड चल रहा था। पीछे पीछे अलग अलग खंडों में पंक्तिबद्ध स्वयंसेवक चल रहे थे।

पथ संचलन ने पूरे कस्बे को देश भक्ति से सरोबार करते हुए एक जुटता का संदेश दिया। पथ संचलन में केकड़ी खंड के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। केकड़ी खंड में तीन उपखंडों के 10 मंडल शामिल है। इस पथ संचलन में केकड़ी और सरवाड़ के घोष सम्मिलित हुए। पथ संचलन के पश्चात पटेल मैदान पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रार्थना की गई। सन 2018 के बाद छह साल में केकड़ी में यह पहला पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन के मद्देनजर पुलिस का माकूल इंतजाम रहा। पुलिस द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतरीन तरीके से नियंत्रित किया गया। पुलिस जाप्ते की कमान सिटी थाना अधिकारी कुसुमलता मीणा ने खुद संभाली हुई थी। पथ संचलन के प्रारंभ में पटेल मैदान में बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आरएसएस चित्तौड़ प्रांत के गौ सेवा प्रमुख देवाराम ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए संगठन की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संघ का मुख्य उद्देश्य जातिगत भेदभाव को समाप्त कर राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना और भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में काम करना है। उन्होंने इस अवसर पर राष्ट्र प्रेम और समर्पण पर विचार व्यक्त करते हुए हिंदू एकता पर बल दिया। साथ ही गौ माता की रक्षा और सेवा के संकल्प को भी दोहराया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने आप में एक विशाल वट वृक्ष है। जिसकी विभिन्न शाखाएं हैं, जिनमें स्वयंसेवक राष्ट्र प्रेम और समर्पण को लेकर निरंतर कार्य कर रहे हैं। सम्पूर्ण देश राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों से अपेक्षाएं, आशाएं और उम्मीदें रखता है। इसी दिशा में निरंतर राष्ट्र की सेवा को समर्पित रहने की शिक्षा यहां पर दी जाती है।

## भामाशाह के सहयोग से विद्यालय के बच्चों को वितरित की जर्सियां



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले की सीमा के निकटवर्ती बूंदी के केशोरायलपाटन ब्लॉक के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बेलनगंज में विद्यालय के सभी बच्चों को सर्दी को देखते हुऐ भामाशाह संजीव जैन गुड़ गांव के सहयोग से जर्सियां वितरित की गई। जर्सी वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीईईओ बाबई किशनगोपाल वर्मा रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय विकास समिति अध्यक्ष सुरेश सैनी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधानाध्यापक श्रीमती हंसा जाट, पूर्व एसएमसी अध्यक्ष किशनलाल मीणा एवं भैरूलाल मीणा उपस्थित रहे। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि भामाशाह संजीव जैन गुड़गांव हरियाणा ने अपनी धर्मपत्नी श्रीमती रेखा जैन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय को सभी बच्चों के लिए जर्सियां भेंट की। जितेन्द्र शर्मा के अनुसार हालांकि भामाशाह दंपत्ति इस कार्यक्रम में स्वयं व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं रहे। लेकिन उन्होने वीडिया कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने सभी विद्यार्थियों को जर्सियां वितरित की।

जर्सियां प्राप्त कर विद्यालय के सभी बच्चों के चेहरे खुशी से खिलते हुऐ दिखाई दिये। इस दौरान विद्यालय के अध्यापक विनोद नागर, छाजूलाल वर्मा, पुखराज सैनी, विशाल गौतम एवं विक्रम चौधरी, कुक कम हेल्पर केशन्ता बाई एवं रा.उ.मा.वि. बाबई के अभिमन्यू सिंह ने कार्यक्रम में सहयोग किया। अध्यापक जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बाबई पीईईओ का कार्यभार सम्भाल रहे उप प्राचार्य किशनगोपाल वर्मा का प्राचार्य पद पर पदोन्नत होने पर विद्यालय स्टाफ द्वारा साफा बंधवाकर एवं मुंह मीठा करवाकर स्वागत सम्मान किया गया।


# मकर संक्रान्ति आज

## विविध परम्पराओं के साथ हर्षोल्हास से मनाया जाता है

# मकर संक्रान्ति का पर्व



सूर्योपासना का सबसे बड़ा पर्व मकर संक्रान्ति भारत में विविध परम्पराओं के साथ हर्षोल्हास से मनाया जाता है। उत्तर भारत के राज्यों में पवित्र नदियों में स्नान कर तिल, गुड, खिचड़ी, उड़द, चावल, वस्त्र दान देने परंपरा है। तमिनाडु में पोंगल, असम में बिहू के रूप में, बिहार में खिचड़ी के रूप में मनाने की परम्पराएँ हैं। इस पर्व पर दान का विशेष महत्व है। नेपाल में भी इस पर्व को बड़े चाव से मनाया जाता है। वहां का थारु समुदाय का यह विशेष पर्व है। इस दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण में आता है अतः कहीं-कहीं इसे उत्तरायणी भी कहा जाता है। बताया जाता है इस दिन गंगा जी भगीरथ के पीछे-पीछे चल कर कपिल मुनि के आश्रम से हो कर सागर में उनसे मिली थी एवम् भीष्म पितामह ने अपनी देह त्याग के लिए मकर संक्रांति के दिन का चयन किया था। पश्चिमी बंगाल में गंगा सागर स्नान का बड़ा महात्म्य है। परंपरा से प्रतिदिन सूर्य को जल से अर्घ्य देने की प्राचीन परंपरा निरन्तर चली आ रही हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्य देव प्रत्यक्ष रूप से दर्शन देने वाले देवता हैं। वेदों में सूर्य का उल्लेख विश्व की आत्मा और ईश्वर के नेत्र के रूप में किया गया है। सूर्य की पूजा से जीवनशक्ति, मानसिक शांति, ऊर्जा और जीवन में सफलता की प्राप्ति होती हैं। यही वजह है कि लोग उगते हुए सूर्य को देखना शुभ मानते हैं और सूर्य को अर्घ्य देते हैं। मान्यता है कि रविवार के दिन सूर्य देव का व्रत रखने से सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। वैदिक काल से ही भारत में सूर्योपासना का प्रचलन रहा है। पहले यह सूर्योपासना मंत्रों से होती थी। भविष्य पुराण में ब्रह्मा विष्णु के मध्य एक संवाद में सूर्य पूजा एवं मन्दिर निर्माण का महत्व समझाया गया है। अनेक पुराणों में यह आख्यान भी मिलता है, कि ऋषि दुर्वासा के शाप से कुष्ठ रोग ग्रस्त श्री कृष्ण पुत्र साम्ब ने सूर्य की आराधना कर इस भयंकर रोग से मुक्ति पायी थी। रामायण में भी इस बात का जिक्र है कि भगवान राम ने लंका के लिए सेतु निर्माण से पहले सूर्य देव की आराधना की थी।
भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र सांब भी सूर्य की उपासना करके ही कुष्ठ रोग से मुक्ति पाई थी।
वैदिक साहित्य के साथ-साथ आयुर्वेद, ज्योतिष, हस्तरेखा शास्त्रों में सूर्य का महत्व प्रतिपादित किया गया है। आज तो सूर्य बिजली उत्पादन करने के विशाल श्रोत के रूप में देखा जा रहा है। समाज में जब मूर्ति पूजा का प्रचलन हुआ तो सूर्य की मूर्ति के रूप में पूजा प्रचलित हुई। इसी कारण भारत में सूर्य देव के कई प्राचीन और प्रसिद्ध मंदिर पाये जाते हैं। भारत के सूर्य मन्दिरों में उलार्क सूर्य मंदिर, कोणार्क सूर्य मंदिर, मोढ़ेरा सूर्य मंदिर, कटारमल सूर्य मन्दिर, रणकपुर सूर्य मंदिर, सूर्य पहर मंदिर, सूर्य मंदिर, प्रतापगढ़, दक्षिणार्क सूर्य मंदिर, औंगारी सूर्य मंदिर, बेलार्कसूर्य मंदिर, सूर्य मंदिर, हंडिया, सूर्य मंदिर, गया, सूर्य मंदिर, महोबा, रहली का सूर्य मंदिर, सूर्य मंदिर, झालरापाटन, सूर्य मंदिर, रांची, सूर्य मंदिर, जम्मू, मार्तंड मंदिर, कश्मीर एवं सूर्य मंदिर, कंदाहा आदि शामिल हैं।



### कोणार्क का सूर्य मंदिर

ओडिशा में भुवनेश्वर के समीप कोणार्क का मंदिर न केवल अपनी वास्तुकलात्मक भव्यता के लिए बल्कि शिल्पकला की बारीकी के लिए प्रसिद्ध है। यह कलिंग वास्तुकला का उच्चतम बिन्दु है जो भव्यता, उल्लास और जीवन के सभी पक्षों का अनोखा ताल मेल प्रदर्शित करता है। इस मंदिर को यूनेस्को द्वारा विश्व विरासत घोषित किया गया है और इसका निर्माण 1250 ई. में पूर्वी गंगा राजा नरसिंह देव प्रथम के कार्यकाल में किया गया था। इसमें कोणार्क सूर्य मंदिर के दोनों और 12 पहियों की दो कतारें है। इनके बारे में कुछ लोगों का मत है कि 24 पहिए एक दिन में 24 घण्टों का प्रतीक है, जबकि कुछ का कहना है कि ये 12 माह का प्रतीक हैं। यहां स्थित सात अश्व सप्ताह के सात दिन दर्शाते हैं। समुद्री यात्रा करने वाले लोग एक समय इसे ब्लैक पगोडा कहते थे, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि यह जहाजों को किनारे की ओर आकर्षित करता था और उनका नाश कर देता था।

### औंगारी सूर्य मंदिर

नालंदा का प्रसिद्ध सूर्य धाम औंगारी और बडगांव के सूर्य मंदिर देश भर में प्रसिद्ध हैं। ऐसी मान्यता है कि यहां के सूर्य तालाब में स्नान कर मंदिर में पूजा करने से कुष्ठ रोग सहित कई असाध्य रोगों से मुक्ति मिलती है। प्रचलित मान्यताओं के कारण यहां छठ व्रत त्यौहार करने बिहार के कोने-कोने से ही नहीं, बल्कि देश भर के श्रद्धालु यहां आते हैं। लोग यहां तम्बू लगा कर सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ संपन्न करते हैं। कहते है कि भगवान कृष्ण के वंशज साम्ब कुष्ठ रोग से पीड़ित था। इसलिए उसने 12 जगहों पर भव्य सूर्य मन्दिर बनवाए थे और भगवान सूर्य की आराधना की थी। ऐसा कहा जाता है तब साम्ब को कुष्ठ से मुक्ति मिली थी। उन्ही 12 मन्दिरो मे औगारी एक है।





### झालरापाटन का सूर्य मंदिर

राजस्थान में झालरापाटन का सूर्य मंदिर यहाँ के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। यह मंदिर अपनी प्राचीनता और स्थापत्य वैभव के कारण कोणार्क के सूर्य मंदिर और ग्वालियर के श्विवस्वान मंदिर का स्मरण कराता है। शिल्प सौन्दर्य की दृष्टि से मंदिर की बाहरी व भीतरी मूर्तियाँ वास्तुकला देखते ही बनती है । मंदिर का ऊर्ध्वमुखी कलात्मक अष्टदल कमल अत्यन्त सुन्दर जीवंत और आकर्षक है। शिखरों के कलश और गुम्बज अत्यन्त मनमोहक है। मंदिर का निर्माण नवीं सदी में हुआ था। यह मंदिर अपनी प्राचीनता और स्थापत्य वैभव के कारण प्रसिद्ध है। कर्नल जेम्स टॉड ने इस मंदिर को चार भूजा ( चतुर्भज ) मंदिर माना है। वर्तमान में मंदिर के गर्भग्रह में चतुर्भज नारायण की मूर्ति प्रतिष्ठित है।

### उन्नाव का सूर्य मंदिर

उन्नाव के सूर्य मंदिर का नाम बह्मन्य देव मन्दिर है। यह मध्य प्रदेश के उन्नाव में स्थित है। इस मन्दिर में भगवान सूर्य की पत्थर की मूर्ति है, जो एक ईंट से बने चबूतरे पर स्थित है। जिस पर काले धातु की परत चढी हुई है। साथ ही, साथ 21 कलाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले सूर्य के 21 त्रिभुजाकार प्रतीक मंदिर पर अवलंबित है।

### सूर्य मंदिर, मोढ़ेरा

यह मंदिर अहमदाबाद से लगभग 102 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। इसे भारत के तीन प्रसिद्ध प्राचीनतम सूर्य मंदिरों में से एक माना गया है। इस विश्व प्रसिद्ध मंदिर की सबसे बड़ी खासियत यह है कि पूरे मंदिर के निर्माण में जुड़ाई के लिए कहीं भी चूने का उपयोग नहीं किया गया है। ईरानी शैली में निर्मित इस मंदिर को भीमदेव ने तीन हिस्सों में बनवाया था। पहला हिस्सा गर्भगृह, दूसरा सभामंडप और तीसरा सूर्य कुण्ड है। ये मंदिर गुजरात के मोढ़ेरा में स्थित है। मोढ़ेरा मेहसाना से 25 किमी. की दूरी पर है।

### रणकपुर सूर्य मंदिर

राजस्थान के रणकपुर नामक स्थान में अवस्थित यह सूर्य मंदिर, नागर शैली मे सफेद संगमरमर से बना है। भारतीय वास्तुकला का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करता यह सूर्य मंदिर जैनियों के द्वारा बनवाया गया था जो उदयपुर से करीब 98 किलोमीटर दूर स्थित है।





### लोहार्गल सूर्य मंदिर

यह मंदिर राजस्थान के झुंझुनू जिले में स्थित है। यहां मंदिर के सामने एक प्राचीनतम पवित्र सूर्य कुण्ड बना हुआ है द्य मान्यता है की यहा स्नान के बाद ही पांडवो को ब्रहम हत्या के पाप से मुक्ति मिली थी।

### मार्तंड सूर्य मंदिर

मार्तण्ड सूर्य मंदिर जम्मू और कश्मीर राज्य के अनंतनाग नगर में स्थित एक प्रसिद्ध मंदिर है। मार्तण्ड का यह मंदिर भगवान सूर्य को समर्पित है। यहाँ पर सूर्य की पहली किरण के साथ ही मंदिर में पूजा अर्चना का दौर शुरू हो जाता है। मंदिर की उत्तरी दिशा में सुन्दर पर्वतमाला है।

### मार्तंड मंदिर प्रतिरूप

दक्षिण कश्मीर के मार्तण्ड के प्रसिद्ध सूर्य मंदिर के प्रतिरूप का सूर्य मंदिर जम्मू में भी बनाया गया है। मंदिर मुख्यतः तीन हिस्सों में बना है। पहले हिस्से में भगवान सूर्य रथ पर सवार हैं जिसे सात घोड़े खींच रहे हैं। दूसरे हिस्से में भगवान शिव का परिवार दुर्गा गणेश कार्तिकेय पार्वती और शिव की प्रतिमा है और तीसरे हिस्से में यज्ञशाला है।

### सूर्य मंदिर रांची

रांची से 39 किलोमीटर की दूरी पर रांची टाटा रोड़ पर स्थित यह सूर्य मंदिर बुंडू के समीप है 7 संगमरमर से निर्मित इस मंदिर का निर्माण 18 पहियों और 7 घोड़ों के रथ पर विद्यमान भगवान सूर्य के रूप में किया गया है। 25 जनवरी को हर साल यहां विशेष मेले का आयोजन होता है।

जमीन की खुदाई से प्राप्त होनेवाले सोने से ज्यादा विचारों की खुदाई से ज्यादा सोना प्राप्त होता है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



## जयपुर एयरपोर्ट के पास 13 कॉलोनियों में पतंगबाजी पर रोक

### इलाके में रहने वाले लोगों को नोटिस जारी किया गया, पतंग बेचने पर भी पाबंदी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में एयरपोर्ट के बाद पतंगबाजी पर बैन लगाया गया है। एयरपोर्ट के आसपास करीब 1 किलोमीटर में रहने वाले लोग पतंगबाजी नहीं कर सकेंगे। इसके लिए पुलिस ने नोटिस भी जारी किया है। इसमें लिखा है कि मकर सक्रांति पर पतंग और लालटेन की पतंग का उपयोग न करें। गाइडलाइन को लागू करने के लिए डीसीपी ईस्ट ने सभी थाना पुलिस को नोटिस सर्व करने के आदेश दिए हैं। वहीं, इन नोटिस के बाद कॉलोनी के कुछ लोग परेशान हैं। जो इस बार अपने परिचितों के आवास पर जाकर पतंगबाजी करेंगे। बता दें कि जयपुर एयरपोर्ट से सटी करीब 13 कॉलोनी के लोगों को यह नोटिस जारी किया गया है। इसमें 5 से 6 हजार घर हैं। संबंधित थाना पुलिस ने इन कॉलोनियों के निवासियों को पतंगबाजी से रोक दिया है। वहीं, रात को उड़ने वाली लालटेन की पतंग पर कड़ी पाबंदी लगाई है। इस पर पूरी तरह से कंट्रोल के लिए इलाके में पुलिस वैन घूमकर लोगों को जानकारी दे रही है।

#### पतंग की दुकान खोलने पर भी रोक

वहीं, इन कॉलोनी के आसपास लोगों को पतंग की दुकान खोलने पर भी रोक लगा दी गई है। पुलिस दुकानदारों को चेतावनी दी है कि वह पतंगबाजी का किसी भी प्रकार का सामान नहीं बेचें। अगर जानकारी सामने आई तो उनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

## जिला खत्म करने पर कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

### गहलोतराज में बनाए थे नए जिले; विधायक ने याचिका में कहा- यह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** गंगापुरसिटी से जिले का दर्जा खत्म करने पर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। सोमवार को हाईकोर्ट में उप नेता प्रतिपक्ष और गंगापुरसिटी के विधायक रामकेश मीणा व अन्य की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने जवाब पेश करने के लिए समय मांगा है। इस पर अदालत ने सुनवाई दो हफ्ते के लिए टाल दी। याचिका में कहा गया है कि सरकार का यह फैसला पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। गंगापुरसिटी को जिला बने डेढ़ साल हो गया है। यहां जिला कलेक्टर और एसपी ऑफिस खुल गए हैं। सभी तरह का इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप हो गया है। अब सरकार बदलने के साथ ही राजनीति से प्रेरित होकर जिले को खत्म करने का फैसला लिया गया है, जो जनहित में नहीं है।

#### 28 दिसंबर को हुआ था फैसला

28 दिसंबर को कैबिनेट की बैठक में भजनलाल सरकार ने पिछली कांग्रेस सरकार में बने नए जिलों में से 9 जिलों और 3 संभागों को कैंसिल करने का फैसला लिया था। अशोक गहलोत ने मार्च 2023 में इन जिलों और संभागों को बनाने का ऐलान किया था।

## गर्भपात को लेकर गाइडलाइन तय करेगा हाईकोर्ट, केन्द्र व राज्य से मांगा जवाब,

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** रेप पीड़िताओं के गर्भपात के लिए हाईकोर्ट ने जल्द नई गाइडलाइन तय करने का संकेत दिया है। मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव और उमाशंकर व्यास की खंडपीठ ने इसे लेकर केन्द्र और राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। दरअसल, दिसंबर में मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने एक रेप पीड़िता की गर्भपात की याचिका को निस्तारित करते हुए इस मामले को जनहित याचिका के तौर पर लिस्ट करने के आदेश दिए थे। इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा) को मामले में पक्षकार बनाया है। वहीं, अदालती कार्रवाई में सहयोग के लिए अधिवक्ता सुशीला कलवानिया, पल्लवी मेहता, प्रियांशा गुप्ता और सोनल गुप्ता को न्यायमित्र नियुक्त किया है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में सोनमर्ग सुरंग का उद्घाटन किया

# सोनमर्ग सुरंग कनेक्टिविटी और पर्यटन को इससे काफी बढ़ावा मिलेगा : मोदी

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में जेड मोड़ टनल का इनॉगरेशन किया। श्रीनगर-लेह हाइवे एनएच-1 पर बनी 6.4 किलोमीटर लंबी डबल लेन टनल श्रीनगर को सोनमर्ग से जोड़ेगी। टनल बनने से लोगों को ऑल वेदर कनेक्टिविटी मिलेगी। टनल का इनॉगरेशन करते हुए पीएम ने कहा, जम्मू-कश्मीर की लद्दाख की एक और बहुत पुरानी डिमांड आज पूरी हुई है। आप पक्का मानिये ये मोदी है वादा करता है तो निभाता है। हर काम का एक समय होता है और सही समय पर सही काम भी होने वाले हैं। उधर, राज्य के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उम्मीद है जम्मू-कश्मीर के स्टेटहुड का वादा भी पूरा होगा। जेड मोड़ टनल के इनॉगरेशन के बाद श्रीनगर-लेह हाइवे पर गगनगीर से सोनमर्ग के बीच एक घंटे की दूरी अब 15 मिनट में पूरी होगी। इसके अलावा गाड़ियों की स्पीड भी 30 किमी/घंटा से बढ़कर 70 किमी/घंटा हो जाएगी। दुर्गम पहाड़ी वाले इस इलाके को क्रॉस करने में पहले 3 से 4 घंटे का समय लगता था। अब यह दूरी मात्र 45 मिनट में पूरी होगी।



#### सोनमर्ग में टूरिस्ट को पंख लगने वाले हैं : मोदी

आज भारत तरक्की की नई बुलंदी की तरफ बढ़ चला है। हर देशवासी 2047 तक भारत को डेवलप नेशन बनाने में जुटा है। ये तभी हो सकता है, जब हमारे देश का कोई हिस्सा कोई भी परिवार तरक्की से डेवलपमेंट से पीछे न छूटे। इसके लिए ही हमारी सरकार सबका साथ सबका विकास की भावना के साथ पूरे समर्पण से काम कर रही है। इस टनल से सोनमर्ग समेत पूरे इलाके में टूरिज्म को भी नए पंख लगने वाले हैं।

#### जम्मू-कश्मीर में गर्मजोशी ऐसी, ठंडक नहीं लगती : मोदी

पीएम ने कहा- ये मौसम, बर्फ, बर्फ की चादर से ढंकी पहाड़ियां देखकर दिल प्रसन्न हो जाता है। यहां आता हूं तो बरसों पहले के दिन याद आने लग जाते हैं। जब मैं भाजपा के संगठन के कार्यकर्ता के रूप में काम करता था, तब अक्सर यहां आना होता था। इस एरिया में मैंने काफी समय बताया है।

**40 साल बाद कश्मीर में इंटरनेशनल क्रिकेट लीग हुई : मोदी-** कुछ महीने पहले श्रीनगर में इंटरनेशनल मैराथन हुई। उस मैराथन में मुख्यमंत्री जी ने भी हिस्सा लिया था। इसका वीडियो भी वायरल हुआ था। मैंने विशेष रूप से मुख्यमंत्रीजी को बधाई दी थी। दिल्ली में मुलाकात के दौरान मैं उनका उत्साह देख रहा था। उन्होंने मैराथन के बारे में मुझे बताया था। ये नए जम्मू-कश्मीर का नया दौर है। हाल में ही 40 साल बाद कश्मीर में इंटरनेशनल क्रिकेट लीग हुई। अब्दुल्ला बोले- मोदी जी जम्मू-कश्मीर को जल्द राज्य का दर्जा दिलवाएंगे इनॉगरेशन कार्यक्रम में शामिल जम्मू-कश्मीर के छरूउमर अब्दुल्ला ने कहा- जम्मू-कश्मीर में चुनाव हुए और सबसे बड़ी बात ये रही कि कहीं भी किसी तरह की गड़बड़ी की शिकायत नहीं आई, सत्ता के दुरुपयोग की कोई शिकायत नहीं आई। इसका श्रेय आपको (पीएम मोदी), आपके सहयोगियों और भारत के चुनाव आयोग को जाता है। मेरा दिल कहता है कि बहुत जल्द आप (पीएम मोदी) राज्य का दर्जा बहाल करने का अपना वादा पूरा करेंगे।

**12 साल में बनी टनल, चुनाव के कारण उद्घाटन टला-** टनल प्रोजेक्ट की शुरुआत 2012 में हुई। बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन को इस टनल प्रोजेक्ट दिया गया, लेकिन बाद में प्राइवेट कंपनी को काम सौंपा गया। पीपीपी मॉडल के तहत बनी यह टनल अगस्त 2023 तक शुरू हो जानी थी, लेकिन कोरोना काल में कंस्ट्रक्शन में समय लगा। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता लगी और इसका उद्घाटन कुछ और दिन टला। प्रोजेक्ट पूरा होने में कुल 12 साल लगे।

# सर्दी : शीतलहर के चलते स्कूलों में बढ़ी छुट्टियां

### 15 जनवरी से फिर ओले-बारिश का अलर्ट; घने कोहरे में बस-जीप की टक्कर, तीन की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** घने कोहरे के कारण श्रीगंगानगर में रोडवेज बस और जीप की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। इसमें पति-पत्नी और भाई शामिल हैं। सोमवार सुबह पदमपुर के सीसी हेड के पास हुए हादसे में जीप के परखच्चे उड़ गए। उधर, राजस्थान में 15 जनवरी को एक बार फिर बारिश और ओले गिरेंगे। बीकानेर, जयपुर, अजमेर, भरतपुर और कोटा संभाग के 18 जिलों में बादल छाने, बारिश होने और कहीं-कहीं ओले गिरने की आशंका के साथ येलो अलर्ट जारी किया गया है।

#### जोधपुर में 14-15 जनवरी की छुट्टी

सोमवार को भी 15 जिलों में घने कोहरे की चेतावनी है।। तेज सर्दी को देखते हुए जयपुर समेत 19 जिलों के स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों की छुट्टी घोषित कर दी गई है। वहीं जोधपुर में सभी स्टूडेंट्स की 14 और 15 जनवरी की छुट्टी रहेगी। छुट्टी 1 से 4 दिन तक बढ़ाई गई है। जयपुर, सीकर, कोटा, टोंक, दौसा, बाड़मेर, बालोतरा, झुंझुनूं और जैसलमेर के सभी स्कूलों में कक्षा 1 से 8वीं तक के बच्चों की 13 जनवरी (सोमवार) को छुट्टी कर दी गई है। 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर पहले से ही अवकाश घोषित किया जा चुका है। राजसमंद, ब्यावर, पाली, जालोर, भरतपुर, डीग और खैरथल-तिजारा जिलों में कक्षा 1 से 8वीं तक के बच्चों की 13 और 14 जनवरी की छुट्टी कर दी गई है। सवाई माधोपुर के सभी स्कूलों में कक्षा 1 से 8वीं तक के बच्चों की 13 से 16 जनवरी तक छुट्टी की गई है।

#### बीकानेर में भी स्कूलों का समय बदला

बीकानेर में कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने स्कूल के समय में परिवर्तन किया है। अब जिले के सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूल सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेंगे। इस बार स्कूलों में छुट्टी नहीं की गई है।



#### ओवरटेक करने के चक्कर में हादसा

श्रीगंगानगर से रोडवेज की बस सुबह सात बजे बीकानेर के लिए रवाना हुई थी। यह सुबह करीब आठ बजे पदमपुर के पास पहुंची। जीप ड्राइवर आगे चल रही ट्रॉली को ओवरटेक किया और सामने से आ रही रोडवेज बस टक्कर हो गई। कोहरे के कारण उसे बस नहीं दिखी थी। जीप के आगे का हिस्सा पूरी तरह डैमेज हो गया। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों ने जीप सवार घायलों को निकाला। मौके पर तीन लोगों की मौत हो चुकी थी। दो व्यक्ति घायल हुए हैं। जीप में कुल पांच लोग सवार थे। जीप गांव 33एमएल से पंजाब की तरफ जा रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही पदमपुर एसएचओ सुरेंद्र राणा और टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

#### बस में किसी सवारी को चोट नहीं

बस में 34 यात्री थे। सभी सुरक्षित हैं। किसी भी सवारी को कोई चोट नहीं आई है। बस पदमपुर की तरफ जा रही थी, जबकि जीप पदमपुर से श्रीगंगानगर की तरफ आ रही थी। हादसे के समय जीप के आगे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चल रही थी। बस में बैठी एक बच्ची के होंठ में मामूली चोट आई है। मरने वालों में श्रीगंगानगर के 33 एमएल निवासी बादल सिंह (45), उनकी पत्नी स्वर्णजीत कौर (44) और बादल सिंह के भाई गुरचरण सिंह (50) शामिल हैं।

#### पहले भी सर्दी के चलते स्कूलों में हुई थीं छुट्टियां

इससे पहले 6 जनवरी को भी माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने सर्दी को देखते हुए जिला कलेक्टर को छुट्टियां करने और समय बदलने का अधिकार दिया था। इसके बाद कई जिलों में छुट्टियां घोषित की गई थीं।

#### अजमेर-नागौर में कक्षा 1 से 5वीं तक के बच्चों की छुट्टी

अजमेर कलेक्टर ने 12 जनवरी की देर शाम आदेश जारी करते हुए प्री-प्राइमरी से 5वीं कक्षा तक 13-14 जनवरी का अवकाश घोषित किया है। कक्षा 6 से 12वीं तक की कक्षाएं लगेंगी। नागौर में भी 13 जनवरी को कक्षा 1 से 5वीं तक के बच्चों की छुट्टी की घोषणा की गई है। 14 जनवरी को मकर संक्रांति की छुट्टी है।

#### जोधपुर में स्कूलों का पहले समय बदला, अब छुट्टी

जोधपुर में जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने पहले सभी स्कूलों का समय बदला था। 13-14 जनवरी को स्टूडेंट्स को 10 बजे स्कूल आने का समय तय किया था। सोमवार को फिर आदेश जारी कर 14 और 15 जनवरी की छुट्टी घोषित कर दी।

### टूर ऑपरेटरों, होम स्टे मालिकों, होटलों और पर्यटक गाइडों के लिए आयोजित हुई एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

# राजस्थान को पर्यटन में नम्बर वन बनाने के लिए पर्यटकों को मिले यूनिक अनुभव : उपमुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है दूर-दराज के निर्जन क्षेत्रों को भी पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर लोकप्रिय डेस्टिनेशन बनाने की प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विजनरी क्षमता का अनुकरण किया जाए। दिया कुमारी ने पर्यटक स्थलों पर ट्रेफिक की समस्या के समधान सहित राजस्थान को पर्यटन में नंबर एक बनाने लिए बेहतरीन सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान आने वाले पर्यटकों को यूनिक और अद्भुत अनुभव दिलाने की दिशा में काम किया जाए। उन्होंने कहा कि हम विश्व स्तरीय सेवाओं और सुविधाओं से ही राजस्थान को पर्यटन में अग्रणी बना सकते हैं। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मुख्य अतिथि के रूप में सोमवार को जयपुर स्थित होटल द ललित में पर्यटन विभाग, फिक्की और द ललित सूरी हॉस्पिटैलिटी ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में टूर ऑपरेटरों, होमस्टे मालिकों, होटलों और पर्यटक गाइडों के लिए सोमवार को आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए उक्त विचार व्यक्त किए। दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में पर्यटन विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी विशेष रूचि रखते हैं। इसी के अनुकरण में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने टूर ऑपरेटर, होम स्टे मालिक, होटल और पर्यटक गाइड और ड्राइवर्स तथा पर्यटन से जुड़े अन्य लोगों को बेहतर प्रशिक्षण से उनकी क्षमता संवर्धन के लिए राइजिंग राजस्थान प्री समिट ( पर्यटन) में मंच से ही निर्देश दिए थे। जिस पर डॉ. ज्योत्सना सूरी, पूर्व अध्यक्ष, फिक्की और सीएमडी, द ललित सूरी हॉस्पिटैलिटी ग्रुप ने ऐसा करने की सहमति दी थी। जिसकी अनुपालना में यह क्षमता संवर्धन कार्यशाला आयोजित की जा रही है। उन्होंने इस हेतु मुख्यमंत्री का धन्यवाद दिया। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान को पर्यटन में नम्बर एक बनाने के लिए यहां आने वाले पर्यटकों को यूनिक और अद्भुत अनुभव मिले, इसके लिए हम सभी को राजस्थान पर्यटन की एक टीम रूप में काम करना होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए ट्रैफिक की समस्या के समाधान सहित स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधाओं का विकास किया जाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला में इन्हीं विषयों पर चर्चा कर सुझाव आ रहे हैं। साथ ही सभी सहभागियों से सुझाव आमंत्रित हैं। जिसके आधार पर एक बेहतर कार्ययोजना बनाकर हम सभी राजस्थान को पर्यटन क्षेत्र का सिरमौर बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं जो कि राजस्थान के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण हैं। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने टूर ऑपरेटर, होम स्टे मालिक, होटल और पर्यटक गाइड, ड्राइवर तथा पर्यटकों के संपर्क में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का आह्वान किया कि वे सभी अपने स्तर पर राजस्थान पर्यटन को बढ़ावा दें, पर्यटकों से चर्चा करें तथा उन्हें यहां की पर्यटन विशेषताओं के बारे में सही जानकारी दें। दिया कुमारी ने टूर ऑपरेटर, होमस्टे मालिक, होटल और पर्यटक गाइड सभी का आह्वान किया कि वे राजस्थान आने वाले पर्यटकों से आग्रह करें कि वे राजस्थान में जिस भी पर्यटक स्थल पर जाएं, वहां पर्यटन विशेषताओं का खूब आनंद लें और वहां जो कुछ भी देखें, उनका फोटो और वीडियो अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भी शेयर करें। इससे राजस्थान के पर्यटन क्षेत्रों के प्रति वैश्विक स्तर पर उत्सुकता बढ़ेगी। उन्होंने जयपुर में आयोजित होने वाले ट्रेवल मार्ट्स को राजस्थान के अन्य शहरों में भी आयोजित किए जाने का भी सुझाव दिया जिससे कि अन्य शहरों में भी पर्यटन विकास के नए अवसर पैदा हो सके। कार्यशाला में शासन सचिव पर्यटन श्री रवि जैन ने कहा कि हमें राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाने के लिए पर्यटन क्षेत्र में वैल्यू एडिशन्स करने होंगे। शासन सचिव ने कहा कि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के दिशा-निर्देशन में प्रदेश में नए पर्यटन स्थलों को विकसित किया जा रहा है, साथ ही राजस्थान पर्यटन के प्रमोशन के लिए तेज गति से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला निश्चित रूप से पर्यटन क्षेत्र से जुड़े सभी स्टेकहोल्डर्स के लिए लाभकारी साबित होगी। इस अवसर पर फिक्की की पूर्व अध्यक्ष ज्योत्सना सूरी ने उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का कार्यशाला में शिरकत करने हेतु आभार जताया। उन्होंने कार्यशाला में सहभागियों से कहा कि हमें आज इस कार्यशाला के महत्व को समझकर उसे धरातल पर लागू करना होगा।

हमें पर्यटकों की अपेक्षाओं को समझकर उसके अनुसार पर्यटन का आधुनिक और सम्पूर्ण सुविधा सम्पन्न वातावरण तैयार करना होगा। कई महत्वपूर्ण विषयों जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ओएनडीसी ( ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स) नेटवर्क का लाभ उठाया जा सके, यह सारी जानकारी हमें इस कार्यशाला से मिलेगी। गौरतलब है कि इस कार्यशाला के तहत फूड सेफ्टी और फर्स्ट ऐड जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर स्तर आयोजित किए गए।




बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com